चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-229, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मानवीय संकट अस्वीकार्य, गाजा में युद्धविराम की मांग 14

'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर 2

## बाबा तरसेम का हत्यारा मारा गया

संवाददाता, देहरादून



- हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ ने मार गिराया

**अमृत विचार** : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को अंजाम देने वाले शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को एसटीएफ टीमों ने हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में मार गिराया। सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में अमरजीत का साथी भागने में सफल रहा। मौके से 32 बोर एक पिस्टल, तीन कारतूस, तीन खोखे व मोटर साइकिल बरामद हुई है।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने मंगलवार दोपहर कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रेस ब्रीफिंग कर मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी। एसटीएफ को सोमवार देर शाम सूचना मिली कि बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर्स सहारनपुर से हरिद्वार के भगवानपुर-कलियर होकर मुरादाबाद जाने वाले हैं। इसके बाद उत्तराखंड एसटीएफ के उपाधीक्षक आरबी चमोला व कुमाऊं एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में टीमों ने पूरे हरिद्वार जिले में संयुक्त रूप से सघन चेकिंग शुरू की। रात्रि 12:30 बजे सटीक सूचना मिली कि भगवानपुर थाना क्षेत्र में गागलहेडी की तरफ दो संदिग्ध बदमाश बाइक से आ रहे हैं। चेकिंग प्वाइंट पर बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागे जहां कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीमों ने उन्हें घेर लिया। घिर जाने पर बदमाश फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। घायल बदमाश को सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदमाश का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर पंजाब है। जोकि बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार खतरा संबंधी धारणा रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गयी है।



## विदेशी नेता भी संभालेंगे भाजपा का चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अमेरिका-ब्रिटेन समेत कई देशों के 15 राजनीतिक दलों की ओर से आई सहमति
- विदेशी वालंटियर्स अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में रहकर भाजपा के लिए वोट भी साधेंगे

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में इस बार विदेशों की कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी भारत आ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया, युगांडा के 15 दलों ने आने की सहमति दे दी है। भाजपा इन्हें अपने बड़े नेताओं की सभाओं में ले जाएगी, साथ ही विदेशी वालंटियर्स के जरिए प्रभाव वाले क्षेत्रों में मोदी के लिए वोट भी जुटाएगी।

लोकतंत्र के महापर्व में भाजपा की विदेश विभाग की टीम ने ब्रिटेन की कंजरवेटिव और लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और द सोशल डेमोक्रेट्स और अमेरिका की डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन जैसी सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। नेपाल की सरकार में शामिल पांचों दलों को भी न्योता भेजा गया है। अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया और युगांडा के 15 दलों की तरफ से शामिल होने की सूचना मिल गई है।

भाजपा विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला के मुताबिक ऐसा पहली बार होगा, जब दूसरे देशों के राजनीतिक प्रतिनिधि चुनाव के साक्षी बनेंगे। भारत में किस तरह से चुनाव होता है, इसे जानने के लिए विदेशों में कई राजनीतिक दल इच्छुक हैं। आने वालों में पक्ष और विपक्ष दोनों दल शामिल हैं। भाजपा के प्रचार करने के तरीके दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह की रैलियों में लेकर जाएंगे।

### विदेशी वालंटियर्स भी होंगे चुनाव में सक्रिय

देश के साथ विदेश में भी भाजपा के वालंटियर्स वहां काम करने वाले भारतीयों के घर-घर प्रचार में सक्रिय हैं। अब यह टीम पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान से पहले यहां आकर अपने प्रभाव क्षेत्र में भाजपा के लिए वोट मांगेगी। इसके लिए भाजपा विदेश विभाग ने खास इंतजाम किया है। वालंटियर्स की टीम विदेश से आ रहे कई राजनीतिक दलों के सदस्यों को भी भाजपा के लिए वोट साधने में साथ देने के लिए तैयार करके आ रहे हैं। अमेरिका में इंजीनियर उपेंद्र सिंह और आनंद सिंह ने बताया कि अपने घरवालों को भाजपा के लिए सहेजने का आग्रह किया जा रहा है।

### एक नजर

#### फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सद्दाम गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी कोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को फिर से सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल ईडी ने सद्दाम को पहले ही एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पेशी के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से आग्रह किया कि आरोपित से सात दिनों तक पूछताछके लिए रिमांड की अनुमति दी जाए।

#### कोर्ट का आप विधायक अमानतुल्ला को समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर एक आवेदन पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को 20 अप्रैल को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया। एजेंसी ने आवेदन में दावा किया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध भर्ती से संबंधित धन शोधन मामले में खान कथित रूप से एजेंसी के समन को नजरअंदाज कर रहे हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत पर संज्ञान लिया और कहा कि ईडी की याचिका के मद्देनजर खान को तलब करने के लिए पर्याप्त आधार है।

#### चारधाम यात्रा 10 मई से पंजीकरण शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा इस बार 10 मई से शुरू हो रही है। नवसंवत्सर पर मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहुर्त घोषित कर दिया गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर 10 मई को खुलेंगे। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथियों की घोषणा पहले ही हो चुकी है। मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहूर्त भी घोषित हो गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पर्व पर 10 मई को 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त में खोले जाएंगे। श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने प्रेस वार्ता में गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के लिए तय मुहूर्त की जानकारी दी। 9 मई को मां गंगा भाग मूर्ति को गंगोत्री के लिए रवाना किया जाएगा।

# 'इंडिया' को आज भी राम मंदिर से नफरत

### प्रधानमंत्री ने पीलीभीत में जनसभा में विपक्ष पर छोड़े सियासी तीर

### मंदिर वालों ने भेजा निमंत्रण, फिर भी ठुकरा कर किया राम का अपमान

### माता यशवंतरी देवी और आदि गंगा गोमती को यादकर जनता को साधा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर सियासी तीर छोड़े। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी और आज भी है। अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर भव्य मंदिर बना दिया और कांग्रेस के सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया तो कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराकर भगवान राम का ही अपमान कर दिया।

पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में इतना जहर भरा है कि जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि क्या कभी ऐसा हिंदुस्तान में हो सकता है कि कोई राम की पूजा करे और उसे पार्टी से निकाल दें। सपा, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। नवरात्र पर शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। शक्ति का कोई भी उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले एक वोट जब गलत हाथों में जाता था, तो भ्रष्टाचारियों को और भ्रष्टाचार करने का मौका मिलता था। आज एक वोट उन्हीं भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का कार्य करता है। पहले देश में पथराव करने वाली, नौजवानों के रोजगार के साथ खिलवाड़ करने वाली, अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने को विवश करने वाली सरकारें आती थीं, लेकिन अब बदलते हुए भारत की तस्वीर और तकदीर लोग देख रहे हैं। कहा कि पीलीभीत से प्रत्याशी जितिन प्रसाद एवं बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को अपना आशीर्वाद के रूप में वोट देकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया।




जनसभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी साथ में मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

#### पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही देता है सफाई

**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत बदल गया है। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट करा देता था, लेकिन आज पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए जनता से समर्थन मांगा।

#### सीएए को लेकर विपक्षियों पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण के दबाव में सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही हैं। हिंदू और सिखों को भारत नागरिकता नहीं देगा तो कौन देगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के दल-दल में डूबी कांग्रेस ने घोषणा पत्र भी ऐसा दिया है जो मुस्लिम लीग का लग रहा है। कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह वोट की ताकत है। वोट से मजबूत सरकार बनी है।

#### सिख गुरुओं को नमन कर दिलाई 84 के दंगों की याद

प्रधानमंत्री ने सिख गुरुओं को नमन कर आने वाले वैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन से सुनते आए हैं कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तबै गुरु गोविंद सिंह नाम कहाऊं...यह बोल भारत की वीर परपंरा के प्रतीक हैं। उन्होंने 84 के दंगों की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने सिखों के साथ क्या किया, यह कोई भूल नहीं सकता।

## हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

### शराब नीति मामला

- अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री की याचिका की खारिज

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को लेकर कानूनी प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और केजरीवाल के ईडी रिमांड को भी अवैध नहीं ठहराया जा सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और अधीनस्थ अदालत ने एक उचित आदेश के जरिए उन्हें एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।

#### बीआरएस नेता कविता की हिरासत 23 तक बढ़ी

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया।

#### आप को अब शीर्ष अदालत से राहत की उम्मीद

दिल्ली उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ देर बाद ही आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को राहत देगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी अब्बास को मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कासगंज

- कड़ी सुरक्षा में कासगंज जेल से मंगलवार शाम गाजीपुर रवाना
- पुलिस हिरासत में ही 13 अप्रैल को वापस कासगंज जेल लाया जाएगा

**अमृत विचार** : कासगंज जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी। पिता मुख्तार अंसारी की बीती 28 मार्च को मौत के बाद भी अब्बास बाहर नहीं आ सका था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से गाजीपुर ले जाया जाए। इसके बाद फातिहा पढ़ने समेत अन्य कार्यक्रमों में वह शामिल हो सकेगा।



अब्बास अंसारी की फाइल फोटो।

13 अप्रैल को अब्बास अंसारी को वापस कासगंज जेल लाए जाने का आदेश दिया गया है। कासगंज जेल से मंगलवार शाम 7.40 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास को गाजीपुर के लिए रवाना किया गया।

मुख्तार अंसारी की कब्र पर बुधवार 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ा जाएगा, जिसमें बेटे अब्बास अंसारी को भी अब शामिल होना है। सुप्रीम कोर्ट से मिले आदेश के अनुपालन में कासगंज से गाजीपुर की दूरी को देखते हुए मंगलवार रात ही कासगंज जेल निकाल कर कड़ी सुरक्षा के साथ पुलिस वाहन से अब्बास को गाजीपुर लाया जा रहा है। कोर्ट ने 10 को फातिहा पढ़ने के अलावा 11 और 12 अप्रैल को अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है।

## रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर उच्चतम न्यायालय में बिना शर्त माफी मांगी है। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा।

## गर्भगृह में रखी गई सोने की रामायण

- रामनवमी से पहले रामलला को मिला एक और उपहार
- पूर्व आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने किया अर्पित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : रामलला के जन्मोत्सव के लिए मंगलवार को सोने की रामायण समर्पित की गई। इस पुस्तक में सोने के पन्नों पर पूरी रामायण लिखी गई है, जिसे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में स्थान दिया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा के समय सेवानिवृत आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने अपने जीवन भर की कमाई रामलला को समर्पित करने का संकल्प लिया था। पांच करोड़ की लागत से 151 किलो की रामचरित मानस को तैयार कराया गया है। जिसमें 10,902 पन्नों के महाकाव्य स्वर्ण जड़ित हैं। रामायण में लगभग 140 किलो तांबा और सात किलो सोना लगा है। सजावट के लिए अन्य धातु का प्रयोग किया गया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि स्वर्ण जड़ित ताम्रपत्र पर लिखी गई रामायण की पुस्तक है। जिसे तमिलनाडु के राम भक्त लक्ष्मी नारायण ने रामलला को समर्पित किया है।



**5** करोड़ रुपये की लागत से की गई तैयार

**7** किलोग्राम स्वर्ण, 140 किलो तांबा का प्रयोग

**151** किलोग्राम है पूरा वजन

**10,902** पेज का महाकाव्य

## बच्ची के दोनों पैर काटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ बिलासपुर

### तंत्र-मंत्र की आशंका

- रविवार सुबह टॉफी लेने जाते समय लापता हो गई थी अनायजा
- बच्ची के घर से करीब 100 मीटर दूर प्लाट में कट्टे में बंद मिला शव
- पुलिस ने मामले में एक परिवार के 5 लोगों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार** : रविवार को लापता हुई तीन वर्षीय बच्ची का शव घर से करीब 100 मीटर दूर भूखंड में कट्टे (बोरे) में बंद मिला। बच्ची के हाथ बंधे थे और दोनों पैर कटे हुए थे। परिजनों ने बच्ची की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बच्ची की मां रफीकन ने आरोप लगाया कि निकट ही घर में परचून की दुकान चलाने वाली महिला तंत्र-मंत्र करती है। अक्सर वहां बच्चों को जाते देखा गया है।

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में मंगलवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं भूखंड में कूड़ा डालने गई थीं। वहां उन्होंने एक कट्टा पड़ा देखा। जिस पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। महिलाओं ने यह बात गांव वालों को बताई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी रवि खोखर व प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने कट्टे से शव को निकाला। शव की शिनाख्त लापता हुई दानिश की तीन वर्षीय बेटी अनायजा नूर के रूप में हुई। बच्ची के दोनों हाथ रस्सी से बंधे थे। दोनों पैर कटे हुए थे और चेहरे पर पॉलीथीन ढंकी थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। प्रेम-प्रसंग व तंत्र-मंत्र समेत सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।



### सर्वेक्षण

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने किया सर्वे

## धर्म-आस्था के अलावा वनस्पतियों का भी केंद्र बिंदु रहा है नैमिषारण्य

खास

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार** : सीतापुर जिले में स्थित पौराणिक एवं धार्मिक नैमिष आरण्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने सर्वेक्षण किया है, जिसमें क्षेत्र को आस्था और धर्म के साथ पौराणिक काल में भी वनस्पतियों का केंद्र बिंदु होने की पुष्टि हुई है। उत्खनन के दौरान मिली वस्तुओं पर विशेषज्ञों की एक टीम अध्ययन कर और अधिक जानकारी जुटा रही है।

नैमिष क्षेत्र में समय-समय पर पुरातत्व विभाग की टीम सर्वेक्षण करती रहती है। इस बार के सर्वेक्षण में 15 से अधिक तीर्थों के अलावा 50 से अधिक छोटे- बड़े मंदिरों को जोड़ा गया। पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीपी तिवारी के निर्देशन में कराए गए सर्वेक्षण में प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव और डॉ. अरविंद त्रिपाठी शामिल रहे। सभी ने मिलकर दो माह तक लगातार खोज कार्य किया। आठ स्थानों पर हुए उत्खनन के दौरान मृदभांड और मूर्तियां प्राप्त हुईं। खोज में कुषाण काल और द्वितीय कालखंड के अलावा मध्यकाल की सभ्यता के अवशेष मिले हैं। इससे स्पष्ट हुआ है कि यह क्षेत्र वास्तव में धर्म और आस्था का प्राचीनतम केंद्र रहा ही है।

#### उत्खनन में मिले प्राचीन काल के खिलौने

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जब उत्खनन कराया तो उसमें कई प्रकार के बर्तन, औजार, शाकाहारी खाद्य पदार्थ, दीवार और फर्श एवं प्राचीनकाल के खिलौने के नमूने प्राप्त हुए। ये सभी नमूने अभी विशेषज्ञों की टीम के द्वारा अध्ययन किए जा रहे हैं।





अरविंद त्रिपाठी



दुर्गेश श्रीवास्तव

#### इन तीर्थ पर अध्ययन

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जिन तीर्थ पर अध्ययन किया, उसमें चक्र तीर्थ, मनु - शतरूपा तपस्थली, देव देवेश्वर, मिश्रिख तीर्थ, सेतु बंधु रामेश्वर, शूल भेद, दशाश्वमेध घाट और काशी कुंड शामिल है। पुरातत्व विभाग की टीम के इस सर्वे से यह तो स्पष्ट हो गया कि नैमिषारण्य क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे से ही बस्ती का उद्गम शुरू हुआ। अनुमान लगाया गया कि यहीं से लोगों ने इस अरण्य में बसेरा बनाना शुरू किया और आज यह क्षेत्र एक सनातन सभ्यता और संस्कृति के रूप में विश्वविख्यात है।



IPL

# आईपीएल

अमृत विचार

कानपुर, बुधवार, 10 अप्रैल 2024

www.amritvichar.com




## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 05 | 191 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 05 | 186 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स) | 05 | 08 |

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | −0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −1.370 |

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

**जयपुर, एजेंसी**

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है।

कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होंगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाये हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।


**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## महिला पैराग्लाइडर की गिरकर मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ उपमंडल के अंतर्गत बीर बिलिंग फ्लाइंग रेंज में पैराग्लाइडिंग करते समय एक महिला पैराग्लाइडर की मौत हो गई। मृतक रितु चोपड़ा पत्नी भारतीय वायु सेना के पूर्व विंग कमांडर आशुतोष चोपड़ा निवासी सेक्टर 25 नोएडा, गौतमबुद्धनगर बीड में पैराग्लाइडिंग कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। पीड़िता ने अचानक क्राफ्ट पर नियंत्रण खो दिया और वह जमीन पर गिर गई।

# नितीश के अर्धशतक से पंजाब किंग्स को 183 रनों का लक्ष्य

### पंजाब किंग्स के अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके, सैम करेन और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट




अर्शदीप सिंह

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया है।

मंगलवार को महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में एडेन मार्करम बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हेनरिक क्लासेन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। नितीश ने 37 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 64 रनों की पारी खेली। वहीं अब्दुल समद 12 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 25 रन बनाये। भुवनेश्वर कुमार छह रन बनाकर आउट हुये। शाहबाज अहमद 14 रन और जयदेव उनादकट ने आखिरी गेंद पर छक्का उड़ाते हुए हैदराबाद का स्कोर 20 ओवरों में नौ विकेट पर 182 रन पहुंचा दिया। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले। कसिगो रबाड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### सनराइजर्स हैदराबाद : 182/9

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का धवन बो अर्शदीप | 21 |
| अभिषेक का शशांक बो करन | 16 |
| मार्करम का जितेश बो अर्शदीप | 00 |
| नितीश का रबाडा बो अर्शदीप | 64 |
| राहुल को जितेश बो पटेल | 11 |
| क्लासेन का करन बो पटेल | 09 |
| समद का पटेल बो अर्शदीप | 25 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 14 |
| पैट कमिंस बो रबाडा | 03 |
| भुवनेश्वर का बेयरस्टो बो करन | 06 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 06 |

**गेंदबाजी :** कागिसो रबाडा 4-0-32-1, अर्शदीप सिंह 4-0-29-4, सैम करेन 4-0-41-2, हर्षल पटेल 4-0-30-2, हरप्रीत बरार 4-0-48-0




नितीश कुमार रेड्डी

## मयंक को कम से कम एक सप्ताह का आराम

**लखनऊ।** पेट दर्द की समस्या से ग्रसित लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज़ गेंदबाज़ मयंक यादव को टीम प्रबंधन ने कम से कम एक सप्ताह का आराम दिया है। एलएसजी ने एक बयान जारी कर कहा " मयंक के पेट के निचले हिस्से में सूजन है। एहतियात के तौर पर हम अगले सप्ताह तक उनका वर्कलोड मैनेज कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही मैदान पर देखेंगे।" गौरतलब है कि लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में मयंक पेट दर्द के कारण अपना पूरा स्पेल नहीं फेंक सके थे। लखनऊ ने यह मैच गुजरात से आसानी से जीत लिया था। मयंक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में एलएसजी के साथ पदार्पण किया था और अपनी रफ्तार से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। क्रिकेट के दिग्गज उन्हें भारतीय टीम में लेने की सलाह दे रहे हैं मगर उन्हें फिटनेस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## खेल डायरी

### पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू शृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालीन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है।

### तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जायेगी। शृंखला का पहला मैच क्राइस्ट चर्च में खेला जायेगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट शृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की शृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे।

### जोकोविच ने उम्रदराज खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

### भारतीय दौड़ में लेकिन नेपोम्नियाश्चि प्रबल दावेदार

**टोरंटो।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मुकाबले अभी ही शुरू हुए हैं लेकिन भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### भारतीय महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6-1, 6-3 से हराया। भारतीय टेनिस टीम बुधवार को मेजबान चीन से भिड़ेगी। चीनी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच भी 2-1 से जीता।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में आमिर, इमाद की टीम में वापसी

**लाहौर, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस श्रृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

**पाकिस्तानी टीम**

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

## हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

# ऐश्वर्या का चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।



पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, ''एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

# बॉलीवुड हलचल

## 'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर


**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।



10 अक्टूबर को रिलीज होगा पहला भाग

## 11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां में' अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म के रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। चूंकि भारत में 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी, इसलिए दर्शकों के लिए इसे खास बनाने के लिए निर्माताओं ने त्योहार के दिन ही फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में स्टार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख हैं।



## अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने भी उसके लिए अपनी स्वीकृति दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्माताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919





दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।

## रमेश को मिली पीएचडी उपाधि

**चित्रकूट**। नहरा ग्राम निवासी रमेश गर्ग पुत्र संतोष गर्ग को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर ने हिंदी विषय में पीएचडी उपाधि दी है। गर्ग ने प्राध्यापिका डॉ. शशिप्रभा पौराणिक के निर्देशन में 'चंद्रकांता के कथा साहित्य में अभिव्यक्त स्त्री जीवन के स्वर' विषय पर शोध कार्य पूरा किया। रमेश राज. इंटर कॉलेज, दिल्ली में कार्यरत हैं।

# कभी कम्युनिस्टों का गढ़ माना जाता था चित्रकूट जिला

**समय-समय की बात**

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाकपा जिला सचिव अमित यादव ने कहा हमारा वक्त फिर आएगा
- भाकपा के टिकट पर रामसजीवन सिंह पांच बार जीते

**अमृत विचार**। चित्रकूट कभी कम्युनिस्टों का गढ़ माना जाता था। जिले की राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले रामसजीवन सिंह ने यहां पार्टी को स्थापित किया था और वह चार बार लखनऊ और एक बार पार्टी के सिंबल पर दिल्ली पहुंचे थे। कुल मिलाकर भाकपा ने बांदा-चित्रकूट को दो सांसद और कर्वी विधानसभा क्षेत्र को छह विधायक दिए। समय-समय की बात है।

कहते हैं कि सब कुछ समय पर निर्भर होता है। समय होत बलवान, कहावत ऐसे ही नहीं कही जाती। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता तो इसे भूल भी नहीं सकते। एक दौर था जब जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की तूती बोलती थी। दौर था सोनेपुर निवासी रामसजीवन सिंह का। किसान चुन्नीलाल पटेल के बेटे रामसजीवन ने सन् 1962 में अपनी राजनीति की शुरुआत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से की तो मानो पार्टी और रामसजीवन एकाकार हो गए। रामसजीवन ने भाकपा का ऐसा परचम लहराया, जिसके बाद जिले में पार्टी फिर वैसा करिश्मा नहीं कर सकी। 1969 से 1989 के बीच बीस साल तक जिले में भाकपा का झंडा बुलंद रहा। चार-चार बार रामसजीवन ने कर्वी विधानसभा सीट से विधायक बनने का रिकार्ड कायम किया। इसके बाद पार्टी ने उनको 1989 में सांसदी का टिकट दिया। पार्टी के विश्वास पर खरे उतरते हुए और चित्रकूट के साथ बांदा जिले में भी अपना प्रभाव साबित करते हुए रामसजीवन दिल्ली जा पहुंचे।

इधर, चित्रकूट में भाकपा ने राम प्रसाद सिंह पर अपना विश्वास जताया और पार्टी की लोकप्रियता के रथ पर सवार होकर वह भी दो-दो बार लखनऊ पहुंचे। समय बदला, रामसजीवन सिंह ने बसपा अपना ली और 1996 में उन्होंने बसपा के टिकट पर ही सांसद बनकर अपनी लोकप्रियता तो एक बार फिर साबित की पर यहीं से वामपंथियों से जिले का मोहभंग होने लगा, यह कहा जा सकता है। हालांकि रामसजीवन ही नहीं बल्कि बांदा जिले के पतवन (बबेरू) निवासी जागेश्वर प्रसाद भी 1967 में भाकपा से ही सांसद रह चुके हैं। कहने का मतलब यह कि जिस पार्टी ने दो-दो बार सांसद और कर्वी विधानसभा सीट से छह-छह बार विधायक दिए हों, अब जिले में उसकी स्थिति क्या है, किसी से छिपी नहीं। जिले में पार्टी की कमान संभाले अमित यादव एडवोकेट ने पिछली बार चित्रकूट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और वह शुरुआती तीन पायदानों में भी अपनी जगह नहीं बना सके। हालांकि अमित ने आस नहीं छोड़ी है। वह कहते हैं कि वक्त बदलेगा।

गौरतलब है कि इस बार भाकपा ने प्रदेश की सात सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल रहने के बाद भी भाकपा के इस कदम को राजनीति की हवा पहचानने वाले गलत कदम मानते हैं। इनका कहना है कि जो भी हो, जितने भी वोट पार्टी के प्रत्याशी पाएंगे, वह इंडिया गठबंधन को ही नुकसान करेंगे। अमित ऐसा नहीं मानते। वह कहते हैं कि हम इंडिया गठबंधन के भागीदार तो हैं पर उप्र में सहयोगी नहीं हैं। वह परोक्ष रूप से गठबंधन के अलंबरदारों से सवाल दागते हैं, क्या पार्टी प्रदेश में अपना अस्तित्व खो दे। वह मानते हैं कि पार्टी के प्रत्याशी गठबंधन को तो नुकसान पहुंचाएंगे पर भाजपा प्रत्याशी को भी हानि होगी। उन्होंने दावा किया कि इस बार पार्टी का प्रदर्शन देखकर सब लोग चौंक जाएंगे। गौरतलब है कि भाकपा ने पूरे प्रदेश में सात सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इनमें से शाहजहांपुर, लालगंज, राबर्ट्सगंज अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटें हैं। इसके अलावा पार्टी ने बांदा-चित्रकूट सीट से रामचंद्र यादव सरस को मैदान में उतारने की घोषणा की है।

### पिछले दो चुनावों में अच्छा नहीं रहा प्रदर्शन

भाकपा का पिछले दो चुनावों में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। अमित बताते हैं कि 2019 में पार्टी ने मानिकपुर के कुई करौंदी के औगनी का पुरवा मजरे के महेंद्र प्रताप वर्मा को टिकट दिया था। महेंद्र की चुनाव के दौरान तबीयत खराब होने की वजह से वह प्रचार नहीं कर सके थे और पार्टी समर्थकों में भी इस वजह से उत्साह नहीं रहा था। तब उनको 10,349 मत प्राप्त हुए थे। पार्टी का वोट प्रतिशत भी महज एक फीसदी रहा था। 2014 में वर्तमान प्रत्याशी रामचंद्र सरस पर पार्टी ने विश्वास जताया था और पार्टी को 15,156 मत मिले थे। वोट प्रतिशत 1.77 ही रहा था।

## ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप

**रामनगर (चित्रकूट)**। राजापुर थानांतर्गत ग्रामसभा अतरसुई के मजरा गोबरौल निवासी पूजा देवी उर्फ सरस्वती पत्नी शिवशरण ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी छह वर्ष पूर्व गोबरौल निवासी एक युवक से हुई थी। एक वर्ष बाद से ससुराली पांच बीघा भूमि और चार लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप लगाया कि वे लोग उसे अक्सर पीटते थे। पुलिस ने पूर्व में कई बार समझौता भी कराया। आरोप लगाया कि छह अप्रैल को दहेज के लिए पति, ससुर, जेठ व जेठानी ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा। इससे उसके चेहरे पर सूजन आ गई और शरीर में अंदरूनी चोटें आई हैं। उसने आरोपियों की रिपोर्ट दर्ज कर न्याय की गुहार की है। उधर, थानाध्यक्ष राजापुर का कहना है कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

# पुलिसिया कार्यशैली से क्षुब्ध रेप पीड़ित छात्रा ने की आत्महत्या

## पीड़िता के अधिवक्ता का आरोप, एसओ ने बनाया समझौते का दबाव

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार**। रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़ित 12 वीं की छात्रा ने पुलिस की कार्यशैली से न्याय न मिलता देख दुखी होकर आत्महत्या कर ली। पीड़िता के परिजनों ने पहले थाने में तहरीर दी तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। न्यायालय ने धारा 156(3) के तहत जांच की जिम्मेदारी सीओ को दी। आरोप है कि उन्होंने भी गलत रिपोर्ट दाखिल कर दी। एसओ ने उस पर आरोपी से समझौता व शादी करने का दबाव भी बनाया। इतना ही नहीं आरोपी ने उसके साथ दोबारा रेप किया। न्याय की आस पूरी न होने से उसने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया।

पीड़िता के अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि गांव निवासी और कक्षा 12 की छात्रा का आरोप था कि एक अक्टूबर 2023 को उसको झांसा देकर गांव निवासी अखिल पुत्र मुन्नालाल, अभिषेक पुत्र महेंद्र, नीलेश पुत्र राजेश, शिवबाबू पुत्र फूलचंद्र और नेपाल पुत्र देवीदयाल ने खेत में पकड़ लिया। अखिल ने दुराचार किया। अधिवक्ता ने बताया कि इस संबंध में रैपुरा थाने में तहरीर दी गई थी। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने उनके माध्यम से कोर्ट में धारा 156(3) के तहत प्रार्थनापत्र दिया था। इस पर कोर्ट ने सीओ राजापुर को मामले की जांच सौंपी थी। अधिवक्ता ने बताया कि सीओ ने मामले में लीपापोती करने की कोशिश की। आरोप लगाया कि जिस नंबर से फोन करके आरोपी ने पहली बार पीड़िता से संपर्क किया था, उस नंबर को सर्विलांस पर न लगाकर दूसरे नंबर की डिटेल दे दी। मेडिकल भी नहीं कराया और न ही धारा 164 के तहत न्यायालय में बयान कराया। इस पर उन्होंने पीड़िता की ओर से न्यायालय में परिवाद भी दाखिल किया था।

### दोबारा किया रेपः अधिवक्ता

अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि परिवाद पर आठ अप्रैल को पीड़िता का बयान होना था। सोमवार को कचहरी आई पीड़िता ने बताया था कि छह अप्रैल को घर में वह अकेली थी। तब अखिल ने फिर उसके साथ रेप किया। उसने शादी करने को कहा था। आठ अप्रैल को एक अधिवक्ता के निधन की वजह से कोर्ट का कामकाज नहीं हुआ था। पीड़िता ने उनसे एसपी के नाम प्रार्थनापत्र लिखवाया था पर देर के कारण एसपी से नहीं मिल सकी। बताया कि मंगलवार को पीड़िता को एसपी से मिलकर शिकायत करने जाना था पर वाहन न मिलने की वजह से नहीं जा सकी। देर दोपहर उसके पिता का फोन आया कि उसने आत्महत्या कर ली है। अधिवक्ता ने बताया कि सोमवार को जब पीड़िता अपने पिता के साथ कचहरी आई थी तो उसने कहा था कि अगर न्याय न मिला तो वह जान दे देगी। इस पर उन्होंने उसे समझाया भी था। अधिवक्ता ने बताया कि उनके पास इस बात के भी सबूत हैं कि रैपुरा पुलिस ने आरोपी के साथ बैठाकर पीड़िता को समझौता करने का दबाव बनाया।


अधिवक्ता रामकृष्ण।

### अब पिता ने लगाई गुहार


पीड़िता के परिवारीजन बदहवास हैं। पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि आरोपी के पिता के दबाव की वजह से पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आठ अप्रैल को वह बयान देने आई थी। तब उसने एसपी के लिए एक प्रार्थनापत्र भी लिखवाया था। अगले दिन वह एसपी आफिस जाने के लिए निकली थी पर वाहन न मिलने की वजह से घर लौट आई थी। उसने आरोपियों के साथ मुख्य आरोपी के पिता और मां को भी आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार की है। पिता का कहना है कि उनकी बेटी ने सुसाइड नोट भी लिखा है।

### बाद में बात करिएगाः एसओ

रैपुरा एसओ शैलेंद्र चंद्र पांडेय से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने इस मामले पर बात करने से ही इंकार कर दिया। कहा, बाद में बात करिएगा... और फोन काट दिया।

### कोर्ट में है मामलाः सीओ

सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि यह मामला कोर्ट में है। कोर्ट में मामला पेंडिंग होने की वजह से मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकती। अगर मैंने गलत रिपोर्ट दी होगी तो कोर्ट इस पर ध्यान देगी।


बरामद सुसाइड नोट।

### पुलिस की भूमिका संदिग्ध

अधिवक्ता रामकृष्ण का आरोप है कि मामले में रैपुरा पुलिस और सीओ की भूमिका संदिग्ध है। वह पीड़िता के पिता की ओर से कोर्ट की शरण लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि रैपुरा एसओ ने पीड़िता पर समझौते का और आरोपी से शादी करने का दबाव बनाया।

## सार-संक्षेप


आग से किसान का जला घर। अमृत विचार

### किसान का गृहस्थी का सामान जलकर राख

**पहाड़ी (चित्रकूट)**। पहाड़ी थाना अंतर्गत भभौर गांव में सोमवार की रात आग लग जाने से किसान की गृहस्थी का सामान राख के ढेर में तब्दील हो गया। लगभग चार लाख रुपये के नुकसान की आशंका है। जब तक गांववाले सबमर्सिबल पंप से आग पर काबू पाते घर, अनाज और सामग्री आदि जल गई। गांव के चौकीदार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी है। गांववालों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को तत्काल आर्थिक सहायता और पुनर्वासन के लिए मदद की मांग की है।


घाट संचालकों के साथ बैठक करते एसडीएम प्रमोद झा। अमृत विचार


### ओवरलोडिंग, अवैध खनन बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

**राजापुर (चित्रकूट)**। तहसील सभागार में मंगलवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बालू घाट संचालकों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने आगाह किया कि ओवरलोडिंग और अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में खनिज इंस्पेक्टर मंटू कुमार सिंह के अलावा बरुआ-तीरमऊ घाट तथा चांदी धौरहरा बालू घाटों के संचालक मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ओवरलोड व अवैध खनन पर विशेष अंकुश लगाया जाए। घाट में धर्मकांटा, सीसीटीवी कैमरे व मानक के अनुरूप रवन्ना प्रपत्र अनुसार निकासी की जाए तथा किसी भी हालत में ओवरलोडिंग न कराई जाए। यदि किसी भी घाट में ओवरलोडिंग की शिकायत मिली तो घाट संचालक के साथ साथ ओवरलोड परिवहन करने वाले ट्रक ट्रैक्टरों पर कड़े कदम उठाते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। आवंटित क्षेत्रफल में ही खनन कराया जाए। यदि आवंटित क्षेत्रफल के बाहर खनन पाया गया तो पट्टा धारक के विरुद्ध पट्टा निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। बालू परिवहन करने वाले वाहनों को प्रपत्र11 अवश्य दिया जाए। जिला खनिज इंस्पेक्टर मंटू कुमार सिंह ने घाट संचालकों को मानक व रवन्ना प्रपत्र 11 के अनुरूप बालू की लोडिंग परिवहन कराने के सख्त निर्देश दिए। घाट संचालकों ने नियमानुसार घाट संचालन करने का आश्वासन दिया।

# पत्नी की हत्या के दोषी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- 11 महीने पहले शेषा सुबकरा में हुई थी वारदात
- सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सुनाया फैसला



**अमृत विचार**। पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या में दोषी पाए गए युवक को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसको 10 हजार रुपये अर्थदंड भी भुगतना होगा। यह नृशंस वारदात लगभग 11 माह पहले हुई थी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत शेषा सुबकरा गांव में लगभग 11 माह पूर्व हुई इस घटना की रिपोर्ट मृतका के पिता राजापुर थानांतर्गत रगौली गांव निवासी विफई निषाद ने मऊ थाने में पांच मई 2023 को दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि पांच मई की सुबह लगभग चार बजे उसको जानकारी दी गई कि उसकी बेटी श्यामवती की दामाद शेषा सुबकरा निवासी लाल चंद्र ने हत्या कर दी। उसने बताया था कि हत्यारोपी ने बेटी की गर्दन में कुल्हाड़ी से कई वार किए थे।

श्यामपति को मौत के घाट उतारने के बाद दामाद फरार हो गया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश ने निर्णय सुनाया। पत्नी की हत्या के दोषी पाए गए लाल चंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उसे 10 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद दोषी को जिला कारागार भेज दिया गया।

## आज पहाड़ी में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**पहाड़ी (चित्रकूट)**। बुधवार को विद्युत उपकेंद्र पहाड़ी से जुड़े सभी फीडरों की आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ ने दी। बताया कि विद्युत उपकेंद्र पहाड़ी पर वीसीबी पैनल स्थापित कराने और अनुरक्षण कार्य कराने की वजह से बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे से शाम छह बजे तक उपकेंद्र से जुड़े फीडरों की आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होंने उपभोक्ताओं से इस शट डाउन के मद्देनजर पानी आदि की व्यवस्था कर लेने का अनुरोध किया है।

# एक माह बाद भी नहीं हो सका लाखों की चोरी का खुलासा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार**। ग्राम पंचायत सरधुआ के मजरे खरियारीपुरवा में एक माह पूर्व गृहस्वामी को कमरे के अंदर बंद करके हुई लाखों की चोरी का पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है।

एक माह पहले खरियारीपुरवा निवासी राम यादव पुत्र मंगल यादव के यहां चोरों ने तगड़ा हाथ साफ किया था। राम का कहना है कि उसने इस संबंध में सरधुआ थाने में तहरीर दी पर आज तक खुलासा नहीं किया गया है। उसने बताया कि घटना की रात वह सपरिवार अंदर सो रहा था और चोरों ने बाहर से कुंडी लगा दी थी। दूसरे कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर जेवरात तथा तीन लाख रुपये नगदी ले गए थे। राम यादव ने अब पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र भेजा है। उसका कहना है कि नामजद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। उसने क्षेत्राधिकारी राजापुर को भी पत्र भेजा है और गुहार लगाई है ।


पीड़ित राम यादव।

**महंगाई से मुसीबत** 200 रुपये प्रति किलो तक बिक रही अरहर की दाल, गोभी, तरोई, करेला, लहसुन और प्याज भी महंगी


# गरीबों की थाली से दूर होती जा रही सब्जी और दाल

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार**। महंगाई ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। सरकारों की तमाम कोशिशों के बाद भी इस पर नियंत्रण नहीं लग पा रहा। आलम यह है कि जहां दालों के दाम आसमान छू रहे हैं, वहीं आसानी से सुलभ होने वाली सब्जियां भी आम आदमी की थाली से दूर होती जा रही हैं।

बाजार में अरहर की दाल के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं। लगभग 160 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही दाल गरीब आदमी के लिए सपना बन चुकी है। मूंग, उड़द एवं चना दालों का भी हाल बहुत अच्छा नहीं। ये भी सौ रुपये प्रति किलोग्राम से ज्यादा में बिक रही हैं। दालों के दाम अधिक होने से गरीब तबका अक्सर सब्जियों की ओर रुख करता है तो वहां भी हालात अच्छे नहीं हैं। गोभी, तरोई, करेला आदि के दामों में मानो आग लगी है। आलू सौ से डेढ़ सौ रुपये पसेरी तक पहुंच चुका है। प्याज, लहसुन भी आम आदमी को आंखें तरेर रहे हैं। गोभी का एक फूल तीस से पचास रुपये तक मिल रहा है। अन्य सब्जियों में भी कीमतें आसमान छू रही हैं। प्रतिदिन टमाटर के भाव बढ़ते जा रहे हैं। सामान्य पहुंच वाली लौकी और कद्दू भी लाचार वर्ग के लोगों को भाव नहीं दे रहे।


एक दुकान पर रखीं सब्जियां। अमृत विचार


सुंदरलाल द्विवेदी।


सारंगधर मिश्रा।


राकेश श्रीवास।

### जमाखोरी, मुनाफाखोरी भी है वजह

सब्जी उत्पादन और अनाज पैदा करने को लेकर किसानों की अपनी दिक्कतें हैं। राजापुर निवासी सुंदरलाल द्विवेदी, छीबो निवासी सारंगधर मिश्र व राकेश श्रीवास का कहना है कि सरकार मोटे अनाजों के उत्पादन में काफी जोर दे रही है लेकिन जिले में अन्ना गोवंशों के कारण खरीफ की फसलें किसान नहीं बो पाता है, जिससे मोटे अनाजों का उत्पादन क्षेत्र से गायब होता नजर आ रहा है। जब तक सरकार अन्ना गोवंशों पर नियंत्रण व गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण की समुचित व्यवस्था नहीं करेगी तब तक अरहर, ज्वार, बाजरा, मूंग, उड़द आदि की पैदावार होना असंभव है। इन्होंने तर्क दिया कि बाजार में बड़े बड़े व्यापारियों द्वारा जमाखोरी, मुनाफाखोरी के चक्कर में दालों का भारी स्टॉक कर लेने के कारण दालों की कीमतें आसमान छू रही हैं।

# दलहन, तिलहन की खरीद दो केंद्रों पर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- कर्वी एवं बसिला में क्रय केंद्रों पर 30 जून तक होगी खरीद

**अमृत विचार**। जिले में दो सरकारी खरीद केंद्रों पर दलहन और तिलहना की खरीद की जाएगी। यह जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के तहत रबी खरीद वर्ष 2024-25 में सरकारी दलहन एवं तिलहन खरीद केंद्रों पर सीधे किसानों से चना, सरसों एवं मसूर की खरीद की जाएगी। बताया कि जिले में कर्वी एवं बसिला में क्रय केंद्र खोले गए हैं। इनमें 30 जून तक खरीद की जाएगी।

उन्होंने बताया कि क्रय केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं करा दी गईं हैं और दो-तीन दिन में खरीद शुरू कर दी जाएगी। केंद्र सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। बताया कि वर्ष 2024-25 में चना का समर्थन मूल्य 5440 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर का समर्थन मूल्य 6425 एवं सरसों का समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। एक दिन में एक किसान से अधिकतम 25 क्विंटल ही खरीदी की जा सकेगी। क्रय केंद्रों पर चना, मसूर एवं सरसों बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण खरीद अवधि में किया जा सकेगा। इस दौरान कृषक की फसल का नाम, आधार नंबर, बैंक अकाउंट नंबर, मोबाइल नंबर तथा अन्य अभिलेख संबंधित पोर्टल पर अपलोड किये जाएंगे। राजस्व विभाग द्वारा फसल का सत्यापन किया जाएगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि किसानों को उनकी फसल का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में ई-समृध्दि (एनईएमएल) पोर्टल से किया जाएगा। दलहन/ तिलहन खरीद के लिए अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है। बताया कि खरीद संबंधी किसी भी समस्या के लिये किसान जिला प्रबन्धक, पीसीएफ चित्रकूट के कार्यालय या उनके मोबाइल नंबर 8765985024 या 6393232358 पर संपर्क कर सकते हैं। अपनी शिकायत या सुझाव शांसन द्वारा निर्धारित टोल फ्री नंबर 18001805551 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# चैत्र नवरात्रः देवी मंदिरों में गूंजे मां जगदंबे के जयकारे

## महेश्वरी देवी और काली देवी मंदिरों में दिन भर लगी रही दर्शनार्थियों की भीड़, सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंध

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** नवरात्र के प्रथम दिन मंगलवार को शहर के सभी देवी मंदिर मातारानी के जयकारों से गूंज उठे। मां शैलपुत्री के रूप में जलाभिषेक व दर्शनों के लिये तड़के से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। लोगों ने अपने-अपने तरीके से पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी। भीड़ को संभालने के लिये मंदिरों में स्वयंसेवकों के साथ ही भारी मात्रा में पुलिस तैनात रही।

चैत्र नवरात्र के आज पहले दिन मंगलवार को महेश्वरी देवी, काली देवी मंदिर समेत सिंहवाहिनी, कालका देवी, मरहीमाता, महामाई, चौसठ योगिनी मंदिरों में हवन पूजन के साथ देवी के जयकारे गूंजते रहे। सर्वाधिक भीड़ महेश्वरी देवी और काली देवी मंदिरों में देखी गई। यहां पौ फटने से पहले ही जलाभिषेक को महिलाएं पहुंच गईं। मंदिर का द्वार खुलते ही महिलाओं में मां की प्रथम पूजा की होड़ लगी रही। भक्तों ने माता के मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित किया और आरती करके भोग अर्पित किया। सूर्योदय के बाद दर्शनार्थियों की भीड़ में लगातार इजाफा होता चला गया। दोपहर बाद मंदिर के कपाट बंद कर मां का भव्य श्रंगार किया गया और शाम को दरबार खुलते ही एक बार फिर दर्शनार्थी जुटने शुरू हो गये। शाम को माता के मंदिरों के गुम्बद पर रंग-बिरंगी झालरों की सजावट और चकाचौंध करने वाली लाइट की रोशनी देखते ही बन रही है। उधर घरों में व्रत करने वाले श्रद्धालुओं ने मुहूर्त के अनुसार घट की स्थापना करके जवारे बोये और मातारानी की प्रथम दिन मां शैलपुत्री के रूप में पूजा-अर्चना की। वहीं नवरात्र पर्व शुरू होते ही देवी मंदिरों में हवन-पूजन के साथ ही पुरोहितों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू कर दिया है। यजमानों की गृहशांति के लिए यह अनुष्ठान नौ दिनों तक चलेंगे। तमाम यजमानों ने मंदिरों में पुरोहितों को संकल्प देकर दुर्गा सप्तशती और देवी पुराण कथा की शुरुआत कराई। महेश्वरी देवी व काली देवी मंदिरों में पुरोहित यजमानों के कल्याण के लिए पूजा-पाठ में जुटे रहे। मंदिरों और घरों में कन्याभोज और भंडारों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। सिंहवाहिनी व मरहीमाता मंदिर में कन्या भोज कराया गया। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में जवारे बोए गए।

**हिंदू नववर्ष की रही धूम, दी शुभकामनाएं:** चैत्र नवरात्र से शुरू होने वाले विक्रम संवत 2081 का भी मंगलवार से आगाज हो गया। लोगों ने सोशल मीडिया में एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही एक दूसरे से गले मिलकर नववर्ष 2081 की खुशियां बांटी। संघ कार्यालय में भी हिंदू नववर्ष की धूम रही। देवी मंदिरों में दर्शन पूजन करने पहुंचने वाले भक्तों को भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 की बधाइयां दी।



काली देवी मंदिर में जलाभिषेक करतीं महिलाएं। अमृत विचार



मंदिर के बाहर पूजन की सामग्री खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

**विंध्यवासिनी देवी मंदिर में भी उमड़ा जनसैलाब**

माता के 108 पीठों में से एक विंध्यवासिनी देवी मंदिर में भी चैत्र नवरात्र पर जनसैलाब उमड़ना शुरू हो गया है। यहां नीचे स्थित मंदिर में दर्शनों के साथ ही पर्वत पर विराजी माता के मंदिर में माथा टेककर मन्नत मांगने वालों की पहले ही दिन खासी भीड़ रही। मंदिर प्रांगण में मेले का भी भव्य आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के झूले इस मेले का आकर्षण बने हुए हैं। महिलाओं ने मंदिर में दर्शन के बाद जमकर खरीददारी भी की।

### मंदिर में पूजा करने गई महिला की चेन चोरी

- नवरात्र के पहले दिन महेश्वरी देवी मंदिर में पूजा करने गई महिला की सोने की चेन चोरी हो गई। पीड़ित उमा देवी ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह महेश्वरी मंदिर में गई थी। मंदिर में लोगों की भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर किसी ने गले से उसकी चेन चोरी कर ली। इधर बलखड़ी नाका चौकी प्रभारी विवेक त्रिपाठी और पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे देखे और महिला का पता करने में जुट गई। उधर मंदिर कमेटी ने मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि बार-बार कहने के बावजूद भी महिलाएं सोना चांदी के आभूषण पहनकर आती हैं। ऐसे में अप्रिय घटनाओं को बल मिलता है। हालांकि मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संभालने के लिए महिला और पुरुष पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं।

# आसमान में छाये बादलों ने उड़ाई किसानों की नींद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गेहूं व चना फसल की कटाई तथा मड़ाई का काम तेज
- माह भर पहले ओलावृष्टि से तबाह हुई थीं फसलें

**अमृत विचार।** जनपद में इस समय फसलों की कटाई व मड़ाई का काम चल रहा है। अभी चना और गेहूं की 50 प्रतिशत फसलें खेतों में खड़ी हैं। दो माह पहले ओलावृष्टि व वर्षा का कहर झेल चुके किसान जल्द-जल्द से जल्द दाना घर ले जाने की तैयारी में हैं। मंगलवार को दोपहर बाद बादल और तेज हवाओं ने किसानों की एक बार फिर नींद उड़ा दी है। यदि बारिश होती है तो किसानों की फसलें चैपट हो जाएंगी और वह खाने को मोहताज हो जाएंगे।

जनपद में मार्च माह के पहले सप्ताह में ही ओलावृष्टि और भारी बारिश से किसानों की ज्यादातर फसलें चैपट हो गई थीं। उन्हें मुआवजा भी नहीं मिल पाया है। अब एक बार फिर आंधी व बदली से किसान चिंतित हो उठे हैं। मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन ही दोपहर बाद आसमान में बादल छाने के साथ तेज हवा चली। हलकी बूंदाबादी भी हुई। वहीं मौसम विभाग ने बुधवार को तेज आंधी व बूंदाबादी का पूवार्नुमान बताया है। मौसम की बिगड़ी चाल ने अन्नदाता की चिंता बढ़ा दी है। इस समय किसान घर-बार छोड़कर खेत-खलिहान में फसलों की कटाई व मड़ाई में लगे हैं।

मसूर, मटर, अलसी आदि की फसलों की मड़ाई तो हो चुकी है, पर अभी गेहूं, चना सरसों की फसलें खेतों में खड़ी हैं। कुछ की कटाई हो रही है तो कुछ कट चुकी हैं। अब यदि ऐसे में आंधी चलती है या बारिश होती तो बड़े पैमाने पर फसलें खराब हो जाएंगी। निवादा के किसान बृजेश ने बताया कि धान की फसल काटने के बाद गेहूं व चना बोया था। अब यह काटने की स्थिति में पहुंच गया है। यदि वर्षा होती है तो भारी नुकसान होगा। वहीं तिंदवारी के किसान जीवन कहते हैं कि माह भर पहले का जख्म भरा नहीं है और भगवान फिर रूठने पर उतारू है। बदली और बूंदाबादी से अब नींद गायब है। लगता है दाना घर पहुंच पाएगा या नहीं।

## एक नजर

### शोहदे की हरकत से महिला स्वास्थ्यकर्मी परेशान

**कमासिन:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत दर्जन भर आशाओं ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शोहदा अपने मोबाइल नंबर पर उनसे गंदी गंदी बातें करता है। अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए व्हाट्सएप के प्रोफाइल फोटो को एडिट करके गंदी आडियो डालकर ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है। साथ ही दांपत्य जीवन को तबाह करने की धमकी देता है। परेशान महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.हेमंत बिसेन के साथ थाना पहुंचकर शोहदे के विरुद्ध तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ऋषि देव सिंह ने बताया है की तहरीर मिली है। शोहदे के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के कोर्रम गांव निवासी देवदत्त (18) पुत्र कामता प्रसाद सोमवार की रात अपने पड़ोसी पुरांतू (20) के साथ बाइक पर बबेरु सामान खरीदने जा रहा था। तभी गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर को देख देवदत्त ने बाइक से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रत होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से बाइक टकरा गई। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही देवदत्त ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि देवदत्त अपने पिता की इकलौती संतान था। किसानी में हाथ बंटाता था।

### चार ने जहर खाया

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के लसड़ा गांव निवासी मंजू (36) पत्नी विष्णू ने मंगलवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह मटौध कस्बा निवासी छोटू (20) पुत्र मर्दन सिंह ने सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के कांशीराम कालोनी निवासी दीपक (19) पुत्र सुरेश ने पिता की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव निवासी सुनील (21) पुत्र सुरुवा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# व्यापारी पर लगे मुकदमे को हटाने के लिए एसपी से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मी द्वारा अधिवक्ता और व्यापारी नेता के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे को फर्जी व मनगढ़ंत करार देते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एसपी से मुलाकात की और मुकदमा समाप्त करने की मांग बुलंद की। कहा कि कुछ अराजकतत्व जबरन मामले को राजनीतिक मोड़ देने का प्रयास कर रहे हैं।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल से मुलाकात कर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अधिवक्ता और संगठन के मंडल उपाध्यक्ष पुष्कर द्विवेदी के खिलाफ दर्ज मुकदमे की हकीकत से रूबरू कराया। बताया कि बीते दिनों जिला अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्स प्रियंका दीक्षित से किसी मरीज को देखने जाने को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। जिसे कुछ लोगों ने राजनीतिक तूल देते हुए व्यापारी नेता पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों ने पुलिस पर दबाव बनाने के लिए हड़ताल की चेतावनी भी दे डाली। व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से हस्तक्षेप की गुजारिश की। कहा कि दोनों पक्षों को आपस में बैठाकर मामले की वास्तविकता समझें और पुष्कर द्विवेदी को न्याय दिलाएं। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वैश्य राजकुमार राज, प्रदेश मंत्री मनोज जैन, जिलाध्यक्ष अमित सेठ भोलू, युवा उपाध्यक्ष मयंक सर्राफ, सभासद राकेश गुप्ता दद्दू, अनुराग चंदेरिया, सचिन चौरसिया, आशीष पांडेय, अमित गुप्ता, पन्नालाल धुरिया, अश्विनी गुप्ता, प्रफुल्ल सिंह, सुरेश गुप्ता कान्हा शामिल रहे। इस मामले को लेकर जिला अधिवक्ता संघ और छात्र नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर मामले को फर्जी करार दिया था।



एसपी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता। अमृत विचार

### पुलिस ने 9 वारंटियों को गिरफ्तार किया

**बांदा।** लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में चल रही पुलिस ने 9 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा विभिन्न अभियोगों में वारंट पर चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने ताबड़तोड़ गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। नरैनी कोतवाली ने कार्रवाई करते हुए रंजीतपुर गांव निवासी रहीस पुत्र नाजिम खां, आरिफ खां पुत्र कल्लू खां, अबरार पुत्र जलील और पुकारी गांव निवासी बद्री प्रसाद पुत्र केदारनाथ को पकड़ लिया। देहात कोतवाली पुलिस ने बड़ेहा गांव निवासी भीम सिंह पुत्र जब्बर सिंह, जौरही गांव निवासी निरंजन पुत्र स्वयंबर और जारी गांव निवासी ललित यादव पुत्र रामा यादव को गिरफ्तार किया। बबेरू कोतवाली पुलिस ने कस्बा निवासी प्रकाशचंद्र पुत्र खेलावन और बगेहटा गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र मंगलवा को धरदबोचा। सभी आरोपियों को कोर्ट में पुलिस ने पेश किया।

# खोदी गईं सड़कों की शीघ्र कराएं मरम्मत

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत सदर तहसील क्षेत्र के त्रिवेणी गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी (ओवरहेड टैंक) समेत अन्य कार्यों का जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए जल निगम (ग्रामीण) एक्सईएन को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। कहा कि पाइपलाइन बिछाने को खोदी गईं सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराएं।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को गर्मी के मद्देनजर बडोखर खुर्द विकास खंड अंतर्गत त्रिवेणी गांव में ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत निमार्णाधीन पानी की टंकी व अन्य कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए जल निगम (ग्रामीण) अधिशासी अभियंता को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखकर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खंडेह पुर्नगठन ग्राम समूह पयेजल योजना अंतर्गत भुरेड़ी, त्रिवेणी, चिलेहटा, मरौली आदि गांवों में इस योजना के तहत जलापूर्ति को पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन बिछाने संबंधी कार्यों की प्रगति जानीं। बताया गया कि 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। डीएम ने अवशेष बचे कार्यों को निर्धारित समय के अंदर पूरा कराने को कहा। बताया गया कि 2.69 करोड़ की लागत से कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीण जल निगम एक्सईएन को पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गईं सकड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने और गुणवत्तायुक्त पाइप लाइन बिछाने को कहा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए खंड विकास अधिकारी को जलापूर्ति के लिए पानी के टैंकर की व्यवस्था कराने और नियमित रूप से पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम (नमामि गंगे) मनोज कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी रामशंकर, ग्रामीण जल निगम अधिशाषी अभियंता, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी व तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।



पेयजल योजना का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

- डीएम ने निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक समेत अन्य कार्यों का किया निरीक्षण

# गौशाला मिली बदतर, फिर भी क्लीन चिट

संवाददाता, कमासिन

- विश्व हिंदू महासंघ पदाधिकारियों के निरीक्षण में खुली पोल

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति पदाधिकारियों ने इंगुवा गांव में संचालित गौशाला का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों को गौशाला की टंकी में पानी गंदा और कीड़े मिले। छप्पर पूरी तरह से खुला मिला। पदाधिकारियों ने बताया कि डीएम के आदेश पर अधिकारियों ने हाल ही में गौशाला की व्यवस्थाओं पर क्लीन चिट दी थी।

विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति जिला मंत्री अरुण मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने अपनी टीम के साथ विकासखंड कमासिन के इंगुवा गांव की गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान छाया के लिए दो छप्पर घास के और एक छप्पर ऊपर से पूरी तरह खुला मिला। टंकी का पानी गंदा और कीड़े पड़े मिले। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व डीएम के निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.एसके वैश्य, खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी, पशु चिकित्सा अधिकारी डा.कमलेश पटेल ने गौशाला का निरीक्षण करते हुए डीएम को जांच आख्या में गुमराह करते हुए बताया था कि गौशाला में 200 कुंतल भूसा, छाया के लिए छह छप्पर, और गौशाला के अंदर कई पेड़ लगे हुए हैं। पानी की उत्तम व्यवस्था है। अधिकारियों ने कमियां छिपा कर गौशाला संचालक को क्लीन चिट दे डाली। विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति पदाधिकारियों ने गौशाला की जांच एसडीएम से कराए जाने की मांग की है।



गौशाला में बनाई गई चरही में पड़ी गंदगी। अमृत विचार

### दो ने खुदकुशी का प्रयास किया

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के कोर्रम पुरवा निवासी भानू (26) पुत्र शिवकरन मंगलवार की सुबह नशे की हालत में उत्पात मचा रहा था। घरवालो ने डाट दिया। इससे नाराज होकर भानू ने कमरे में फांसी लगा ली। परिजनो ने देखा तो आनन फानन फंदा काट कर नीचे उतारा। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी गांव निवासी जंगीलाल (50) पुत्र बैजनाथ ने सोमवार की रात कमरे के अंदर फांसी लगा लिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक। अमृत विचार

# संस्कारयुक्त मानव से होती है सुंदर समाज की स्थापना

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया, पूर्ण गणवेश के साथ मौजूद रहे संघ के कार्यकर्ता

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित विविध कार्यक्रमों में हिंदू नव वर्ष मनाया गया। नगर के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश के साथ उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों को समझाया कि संस्कार युक्त मानव से ही सुंदर समाज की स्थापना होती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मंगलवार को वर्ष प्रतिपदा उत्सव का शहर के एक मैरिज हाल में हुआ। सह प्रांत प्रचारक, कानपुर प्रांत मुनीश ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की अन्य संस्कृतियों की तुलना में पुरातन एवं श्रेष्ठ है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम को बताते हुए कहा कि ईश्वर ने भारत को कृषि धरती के रूप में रूस जैसे विशालकाय देशों से अधिक संसाधन दिए हैं। अंग्रेजों द्वारा भारतीयों को मानसिक रूप से ईसाई बनाने की चर्चा करते हुए उन्होंने समाज में जागरण एवं गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों से हिंदू संस्कृति की रक्षा करते हुए भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि भारतीय संस्कार ही मानव जीवन को सर्वोत्तम बना सकते हैं। संस्कार युक्त मानव से ही सुंदर समाज की स्थापना होती है और देश का विकास होता है। पश्चिमी सभ्यता भारतीय संस्कृति के लिए घातक है। वर्तमान में अधिकांश युवा पीढ़ी के लोग भटक गए है। यदि इस पर अंकुश नहीं लगा तो आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित समस्त स्वयं सेवकों द्वारा संघ के संस्थापक आद्य संघ चालक डा.केशव बलिराम हेडगेवार को उनके अवतरण दिवस के अवसर पर प्रणाम किया गया। इसके बाद ध्वज लगाकर प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक, नगर संघ चालक रामनाथ, सह संघ चालक महेंद्र, विभाग प्रचारक मनोज, जिला कार्यवाह श्यामसुंदर, सह कार्यवाह दिलीप, जिला प्रचारक अनुराग, नगर कार्यवाह सोमेश सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**आयोजन** सरस्वती विद्या मंदिर में सेवा भारती ने सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षुओं को बांटे प्रमाणपत्र

# महिला के आत्मनिर्भर बनने से पूरे परिवार को मिलती है मजबूती

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** सेवा भारती के तत्वावधान में महिलाओं के लिए चलाया जा रहा सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण खत्म होने पर प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षुओं द्वारा सजाए गए आकर्षक परिधानों के स्टालों का सेवा भारती व आरएसएस पदाधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए शाबासी दी। कानपुर सह प्रांत प्रचारक मुनीश ने कहा कि घर की महिला के आत्मनिर्भर बनने से पूरे परिवार को मजबूती मिलती है। उन्होंने प्रशिक्षु महिलाओं से स्वावलंबी बनने का आह्वान किया।

प्रयागराज रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सेवा भारती जिला इकाई द्वारा संचालित छह माह का मुफ्त सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण मंगलवार को खत्म हो गया। इस मौके पर सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण पूरा करने वाली 10वीं और तीसरी बैच की महिला प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कार दिया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा सजाए गए आकर्षक परिधानों के स्टालों का कानपुर प्रांत सह प्रांत प्रचारक मुनीश समेत सेवा भारती कानपुर प्रांत प्रांतीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू, आरएसएस सह प्रांत सेवा प्रमुख जमुना प्रसाद, विभाग प्रचारक मनोज कुमार और जिला प्रचारक अनुराग, जिला संघचालक सुरेंद्र पाठक आदि ने निरीक्षण करते हुए शाबासी दी। सह प्रांत प्रचारक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं महिलाओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि घर की महिला के आत्मनिर्भर बनने से पूरे परिवार को एक मजबूती मिलती है। उन्होंने सेवा भारती द्वारा वंचित, पिछड़े व अभावग्रस्त लोगों व दुर्गम वनवासी क्षेत्रों की जनजातियों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन के साथ संस्कार के प्रकल्पों के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रांतीय अध्यक्ष ने सेवा भारती के उद्देश्यों, क्रियाकलाप व प्रांत भर में चल रहे प्रकल्पों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कार्यवाह श्यामसुंदर, डा.रागिनी शिवहरे, शशिकांत, अनीता, आरती, चांदनी साहू (प्रशिक्षक), योगेश जैन, डा.प्रीती जायसवाल, नरेंद्र अवस्थी, सुरेश कान्हा, विनीता, दीनदयाल सोनी समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सेवा भारती जिलाध्यक्ष रामेंद्र शर्मा ने सभी का आभार जताया। संचालन सेवा भारती जिला मंत्री डा.शिवदत्त त्रिपाठी ने किया।



प्रमाणपत्र वितरण के बाद प्रतिभागी महिलाओं के साथ सह प्रांत प्रचारक मुनीश। अमृत विचार

### संस्कार केंद्र शुरू हुआ

- प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कृत करने के बाद कानपुर प्रांत सह प्रांत प्रचारक मुनीश समेत सेवा भारती कानपुर प्रांत प्रांतीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू, आरएसएस सह प्रांत सेवा प्रमुख जमुना प्रसाद, विभाग प्रचारक मनोज कुमार और जिला प्रचारक अनुराग, जिला संघचालक सुरेंद्र पाठक आदि ने कांशीराम कालोनी (हरदौली) में जिला इकाई के नवीन संस्कार आधारित प्रकल्प संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया। बताया कि यहां शिक्षिका विनीता बच्चों को शिक्षित बनाने के साथ ही देशभक्ति आदि गुणों का विकास करेंगी।




सुन्नी
इफ्तार ( बुधवार )
06 :38 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जैतपुर महोबा।** थाना अजनर के ग्राम धवर्रा में एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विकासखंड जैतपुर के ग्राम धबर्रा में दयालु 50 वर्ष सारे परिवार के साथ दिल्ली में मेहनत मजदूरी करता है चार दिन पूर्व दयालु दिल्ली से अकेला ही घर पर आ गया था उसकी बूढ़ी मां घर पर अकेली ही रहती थी शाम सात बजे दयालु की मां अपने लड़के को देर शाम तक दिखाई ना देने से वह अपने मकान के ऊपर बने कमरे में देखने गई तो दयालु छत के कुंडे से लटकता मिला तो उसकी बूढ़ी मां के होश उड़ गये और वह रोने पीटने लगी और उसने घटना की जानकारी पड़ोसियों को दी तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया है। वहीं घर परिवार में कोहराम मचा रहा। सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

# श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर मांगी सुख और समृद्धि

## देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, सुबह से लेकर देर रात तक लगी रहीं कतारें



**चैत्र नवरात्र का प्रथम दिन**

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने मंगलवार को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की । इसी दिन से मां का आगमन होता है और देवी पक्ष की शुरुआत होती है और भक्तों द्वारा मां शैलपुत्री की अराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। भक्त जल्दी उठकर स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद और देवी मंदिरों और में पहुंचकर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना करते हुए धूप, दीप, फूल, मिठाई आदि अर्पित किया गया और मां शैलपुत्री को गाय के घी से बनी चीजों का भोग भी चढ़ा कर पूजा अर्चना की।



शारदा मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

चैत्र नवरात्र के पहले दिन शहर की छोटी चंद्रिका मंदिर, शारदा माता मंदिर सर्राफा बाजार, चकौटा देवी मंदिर जारीगंज, शारदा माता मंदिर चरखारी बाईपास, काली माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुबह से भीड़ एकत्र हो गई और विधिवत तरीके से पूजा अर्चना कर अपने परिवार के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना की। वहीं देवी भक्तों द्वारा मान्यतानुसार देवी के प्रथम स्वरूप को गाय के घी से बनी चीजें बेहद प्रिय हैं, जिस पर भक्तों ने गाय के घी से बने बादाम के हलवे से मां शैलपुत्री को भोग लगाया गया। नवरात्र पर्व होने के कारण शहर में सुबह से सड़कों पर पुरुषों के साथ साथ महिलाओ, किशोरी और बच्चियों की भीड़ नजर आई।

शहर के ऐतिहासिक बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। यहां माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालु कतारों में लगे रहे देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्तों का सुबह से आना जाना जारी रहा, जो देर रात तक चलता रहा। चैत्र नवरात्र के चलते श्रद्धालुओं द्वारा देवी मंदिरों में सुबह से ही पूजन-अर्चन शुरू कर दी थी, जिससे देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी।

- पुलिस व प्रशासन ने की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था, मंदिरों में तैनात रहा पुलिस बल

वहीं चंद्रिका देवी के दर्शन के बाद महिलाओं ने परिसर में लगाई गई अस्थाई दुकानों से नारियल, चुनरी, फूल प्रसाद व अन्य सामग्री खरीदी। नवरात्र को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के भी इंतजाम किए, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके और भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिये प्रशासन ने सारी सुविधायें कर रखी हैं।

# मां की आराधना से धर्म अर्थ और मोक्ष मिलता है

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय संस्कृति में चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्र में मां पार्वती के नौ रूप शैलपुत्री, ब्रम्हाचारिणी, चंद्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री की आराधना भक्तों द्वारा की जाती है। दुर्गासप्तशती में देवी के 108 नाम बताए गए हैं, जिसमें पहला नाम ओमसती है और 108 नाम ब्रम्हावादिनी है। नवदुर्गा पर्व में संपूर्ण दुर्गा सप्तशती में दिए गए 13 अध्याय के पाठ पढ़ने का विधान है, यदि इतना न कर सके तो उसे सात श्लोक दुर्गा पाठ अवश्य करना चाहिए।



डॉ. एलसी अनुरागी।

डॉ. अनुरागी ने बताया कि नवरात्र में दो साल से लेकर दस साल की कन्या की कन्या पूजन का बहुत महत्व है। दो वर्ष की कन्या को कुमारिका कहा जाता है, इसकी पूजा करने से आयु व बल बढ़ता है। तीन वर्ष की कन्या को त्रिमूर्ति और इनकी पूजा करने से सुख समृद्धि आती है। चार साल की कन्या को कल्याणी कहते हैं और इनकी पूजा से अनंत लाभ मिलता है। पांच साल की कन्या रोहिणी होती है, जिसकी पूजा करने से शारीरिक सुख प्राप्त होता है। छह साल की कन्या को कालका कहा जाता है, जिसकी पूजा से दुश्मनों पर जीत प्राप्त होती है। सात साल की कन्या चण्डिका कहलाती है, जिसकी पूजा करने से संपन्नता और ऐश्वर्य मिलता है। आठ साल की कन्या देवी शम्भवी कहलाती है, जिसकी पूजा से दुख, दरिद्रता दूर होती है। नौ साल की कन्या दुर्गा कहलाती है, इसकी पूजा से प्रत्येक कार्यों में सफलता मिलती है।

### नवरात्र पर ही नहीं प्रतिदिन करना चाहिए नारी का सम्मान

- नवदुर्गा नारी सम्मान का प्रतीक है, हमें केवल नवरात्र पर ही नहीं बल्कि प्रतिदिन नारी का सम्मान करना चाहिए। जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। नवरात्र पर्व पर सभी को अपनी बेटियों को शिक्षित कराने का व्रत लेना चाहिए और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करना चाहिए। आज बेटियों को कानूनी शिक्षा दिलाने की भी सख्त आवश्यकता है, जिससे वे अपने अधिकारों को प्राप्त कर सके।

# गोलीकांड के दो वांछित पकड़े गये

**महोबा।** थाना खरेला पुलिस ने 6 अप्रैल को ग्राम चंदौली में सफाई कर्मी के घर पर फायरिंग कर एक वृद्ध को घायल करने और लूटपाट के दो वांछित अभियुक्तों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष खरेला गोपालचंद्र कनौजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम चंदौली में सफाई कर्मी उदयभान वर्मा के घर पर नकाबपोश दबंगों ने फायरिंग कर दी थी, जिस पर उसके पिता कल्लू (60) गोली लगने से घायल गया था। पीड़ित की तहरीर पर थाना खरेला में सचिन राजपूत (28) पुत्र हरिश्चंद्र, नरेंद्र राजपूत (27) पुत्र अशोक कुमार सहित अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक अवनीश कुमार यादव अपनी टीम के अभियुक्तों की तलाश कर रहे थे तभी मिली सूचना पर दोनों अभियक्तों को पाटन हनुमान मंदिर के समीप से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर अभियुक्त सचिन व नरेंद्र के पास से एक एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किए गए। अभियुक्तों के खिलाफ अवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया गया है।

# पेयजल संकट गहराने से लोगों की बढ़ी मुसीबत

कार्यालय, खन्ना महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे के नदी मुहाल में पानी की आपूर्ति न होने से यहां के वाशिंदे बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। कारण, जल निगम द्वारा मोहल्ले में गर्मी शुरू होते ही पानी को लेकर हाय तौबा मच गई है, जिससे यहां के लोग दो-दो किमी. दूर गांव के बाहर लगे हैंडपंपों से पानी लाने को मजबूर हैं। गर्मी के साथ ही जल संकट तेजी से बढ़ता जा रहा है ।

गौरतलब है कि चंद्रबल नदी किनारे बसा मुहाल गर्मी के मौसम में नदी के सूख जाने से पानी की समस्या से जूझने लगता है। यहां के लोग नदी के बहते पानी से काम चलाते हैं। कारण, इस मोहल्ले में जल संस्थान द्वारा पाइप लाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन घरों तक पानी नहीं पहुंचता है। गर्मी के दिनों में पानी की समस्या और विकराल हो जाती है। मोहल्ले वासियों द्वारा कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अधिकारी आज तक समस्या का निराकरण नहीं करा सके हैं।






दूर- दराज क्षेत्र से पानी लेकर आता ग्रामीण व शोपीस बनी खड़ी पानी की टंकी। अमृत विचार

- खन्ना कस्बे में पानी के लिये अभी से मचने लगी मारामारी

नमामि गंगे योजना के तहत हर घर जल योजना के अंतर्गत शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना के माध्यम से खन्ना कस्बे में ओवरहेड टैंक बनवाया गया, जहां से कस्बे में पाइप लाइन के जरिए पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन नदी मुहाल के लोग पानी समस्या से जूझते रहते हैं। मोहल्ले के रामराज सिंह, रामसजीवन, रामऔतार, दीप मोहम्मद, खरीटा साहू सहित तमाम लोगों ने बताया कि जल निगम को कई बार पानी समस्या के बावत शिकायती पत्र दिय गया, लेकिन समस्या का निराकरण आज तक नहीं हो सका है। जल निगम के अधिशाषी अभियंता का कहना है कि पेयजल समस्या के बावत प्रार्थना पत्र मिला है, अवर अभियंता को एक सप्ताह के अंदर समस्या का निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।


### कामकाज छोड़कर हैंडपंपों पर लगाते हैं लाइन

- **महोबा।** गर्मी शुरू होते ही पानी का संकट गहराने लगा है। लोग पानी के लिए सारे कामकाज छोड़ कर कुओं और हैंडपंपों में पानी भरने के लिए सुबह से पहुंचकर लाइन लगाते हैं। नगर के हटवारा वार्डवासी गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से जूझने को मजबूर हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की खपत भी बढ़ गई है, लेकिन पाइप लाइन में पानी न छोड़े जाने से लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति नहीं पहुंच रही है, इससे लोगों में खासा गुस्सा नजर आ रहा है। नगर हटवारा वार्ड राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तरी दिशा की ओर सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं। बीते कुछ सालों में सड़क चौड़ीकरण होने पर खुदाई कराई गई थी, जिससे योजना के तहत डाली गई ज्यादातर पाइप लाइनें क्षति ग्रस्त हो गई थीं। वहां निवास करने वाले लोगों को नलों द्वारा पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है।

# डॉक्टर- मरीज विवाद पर टीम ने दर्ज किये बयान

**महोबा।** जिला अस्पताल महोबा में बीस दिन पूर्व एक डॉक्टर द्वारा मरीज के साथ मारपीट किए जाने को लेकर जिलाधिकारी ने जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की थी। पुरुष जिला अस्पताल में तैनात डॉ. आरपी सिंह द्वारा 20 मार्च को एक मरीज के साभ अभद्रता कर उसकी बेरहमी के साथ पिटाई की गई थी, जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित द्वारा शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की गई थी, जिस पर डीएम द्वारा पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। जांच टीम के सदस्य सीडीओ चित्रसेन सिंह, सीएमओ आशाराम, एसीएमओ वीके चौहान एसडीएओ देव कुमार व सीएमएस डॉ. पीके अग्रवाल द्वारा दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए।

## सार-संक्षेप



चांद देखने का प्रयास करते लोग। अमृत विचार

### चांद का नहीं हुआ दीदार, ईद कल

**महोबा।** मुकद्दस माह रमजान की 29वीं तारीख होने के कारण मंगलवार को शाम से ही लोग ईद के चांद का दीदार करने के लिए लोग मैदानों और ऊंचाई के इलाकों में पहुंच गए, लेकिन काफी देर तक देखने के बाद भी चांद के नजर न आने से लोग मायूस नजर दिखाई दिए। ईद त्योहार पर चांद देखने के लिए लोगों में एक अलग उत्सुकता रहती है। कारण, चांद दिखने के बाद तरावीह खत्म हो जाती है और रोजे रखना भी बंद हो जाते हैं। ईद का चांद देखने के लिए मगलवार को सूरज डूबते हुए चांद देखने के लिए लोग अलग अलग झुंड बनाकर छतों व अन्य स्थानों पर पहुंच गए, लेकिन चांद के दीदार नहीं हुए। मंगलवार को ईद का चांद नजर न आने पर ईदुल फितर का त्योहार 11 अप्रैल को मनाया जाएगा। काजी-ए-शहर सैयद कारी आफाक हुसैन भी ईद के चांद की तसदीक के लिए से जानकारी लेते रहे, लेकिन कहीं से तसदीक न मिलने पर अब ईद का त्योहार गुरुवार को मनाया जाएगा।




कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

### कथा सुनने से दूर होते हैं मनुष्य के सारे कष्ट

**जैतपुर महोबा।** श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा हनुमान मंदिर से बाई पास रोड गंगेले भवन में समाप्त हुई। कलश यात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।मंगलवार को कस्बा जैतपुर के बाईपास रोड गंगेले भवन में सात दिवसीय कथा की शुरुआत हुई। कथा का आयोजन संतोषी रवि गंगेले द्वारा किया जा रहा है। कथा का प्रारंभ महिलाओं ने सिर पर कलश रख कर हनुमान कलश यात्रा निकाली। इसके बाद भागवत आचार्य जितेंद्र कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम द्वारा भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा की भागवत कथा के सुनने से मनुष्य के सारे कष्ट दूर होते हैं ।उन्होंने एक सप्ताह तक चलने वाली भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म कथा से लेकर सुदामा चरित्र की कथा के बाद कथा का समापन किया जाएगा। कलश यात्रा में खेम चंद्र अमरचंद महेंद्र दुवेदी, गगेले रमेश चंद्र मिश्रा डॉक्टर दिलीप तिवारी रविंद्र तिवारी श्यामलाल मिश्रा आदि रहे।

# साइबर अपराध पर रोक लगाने के सिखाए गुर

**महोबा।** बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाए जाने के लिए शहर के एक गेस्टहाउस में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया साथ ही साइबर अपराध से बचाव के लिए अभियान आपरेशन ज्ञान कवच चलाया गया।

शहर के एक गेस्टहाउस में साइबर जागरूक चौपाल का आयोजन किया गया, जहां पर कोचिंग में पढ़ने वाली छात्र-छात्राओं को एकत्र करने के बाद उन्हें साइबर अपराध से बचने के गुर सिखाए गए। वक्ताओं ने बताया कि सोशल साइड का प्रयोग करते व अन्य सोशल कार्य करते समय अंजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी से भी अपने एटीएम व अन्य का पासवर्ड साझा न करें। अनाधिकृत सोशलमीडिया साइड से किसी भी प्रकार की खरीदारी न करें। फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया साइड पर टूस्टेट वैरीफिकेशन आन करके रखने, किसी भी अंजान वीडियो काल को रीसिव न करें, किसी भी ब्लैकमेलिंग से परेशान न हो। इस मौक पर उपनिरीक्षक संदपी, विमल, अभिनव सिंह, दीक्षा, निकिता शुल्का आदि मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए निकाली रैली

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटीपुरा में मतदाता जागरुकता रैली को जिला स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करती दिखाई दी साथ ही रैली के जरिए मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश भी दिया गया।

गौरतलब है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिये निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कभी गोष्ठी तो कभी मतदान जागरुकता रैली निकालकर मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। मंगलवार को निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली का उद्देश्य जिले में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है, जिससे शत प्रतिशत मतदान कराया जा सके।



रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

- रैली को स्वास्थ्य एवं शिक्षाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मतदाता जागरुकता रैली में नगरीय स्वास्थ्य केंद्र भटीपुरा में तैनात डॉ. अब्दुल अहद, फार्मासिस्ट जितेंद्र कुमार, स्टाफ नर्स अंकिता एवं रिचा, एएनएम प्रतिभा, राबिया परवीन के साथ संबन्धित क्षेत्र की आशाओं ने मतदाता जागरुकता अभियान को सफल बनाएं।

**दिशा-निर्देश** चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई बैठक, ड्यूटी में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

# चुनाव में अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन करें अधिकारी : आयुक्त

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर मंगलवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। आयुक्त ने बैठक में प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों तथा उप जिलाधिकारियों से निर्वाचन की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिये कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों का आपस में समन्वय स्थापित करें एवं अपने-अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता एवं कानून व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को दिये।



अधिकारियों के साथ बैठक करते आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार

आयुक्त ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए समस्त आशा, आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, किसान सहायक तथा पंचायत सचिव के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए घर-घर सम्पर्क करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के हर वार्ड में मतदान करने के लिए प्रचार किया जाए तथा मतदान पर्ची घर घर तक अवश्य पहुंचायी जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के दिन सभी आवश्यक व्यवस्थायें पेयजल, छाया एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदान के दिन माकपोल प्रत्येक बूथ पर समय पर कराये जाने तथा मतदान कर्मियों को बेहतर रूप से मतदान के दिन किये जाने वाले कार्यों का गहनता एवं विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने डिस्ट्रिक कॉन्टेक्ट सेन्टर 1950 एवं सी-विजिल में प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए शिकायतों के निस्तारण की क्रॉस चेकिंग भी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु हल्के एवं भारी वाहनों की उपलब्धता, कार्मिकों की व्यवस्था एवं प्रशिक्षण व्यवस्था, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती एवं प्रशिक्षण तथा वेब कास्टिंग किये जाने वाले बूथों पर की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी कार्य समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक श्री अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण आदेश एवं निर्देश थाना स्तर तक उपलब्ध कराये जायें और उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नामंकन के समय की जाने वाली तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी आगमन के समय सुरक्षा व्यवस्था एवं कार्य के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए निर्वाचन के दौरान पोलिंग पार्टी रवानगी वाले दिन, मतदान दिवस एवं मतगणना दिवस पर यातायात की समुचित व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थ की बिक्री पर कड़ी नजर रखने, शान्तिपूर्ण निर्वाचन को सम्पन्न कराये जाने हेतु असमाजिक तत्वों एवं निर्वाचन को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर समय से कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के निर्देश देते हुए निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने निर्वाचन को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में प्रभारी अधिकारी कार्मिक चित्रसेन सिंह ने निर्वाचन कार्मिकों की तैनाती एवं प्रशिक्षण के संबंध में अवगत कराया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, एडीएम न्यायिक शिशिर कुमार, एडीएम नमामि गंगे मोहम्मद मोइनुल इस्लाम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम,एसडीएम मृत्युंजय नारायण मिश्रा, एसडीएम सदर जितेन्द्र सिंह, एसडीएम कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद आदि मौजूद रहे।



ई-गवर्नेंस सेल का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

# ई-गवर्नेंस सेल को कमिश्नर और डीआईजी ने जांचा

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी और डीआईजी अजय कुमार सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न काराये जाने के उद्देश्य से ई-गवर्नेंस सेल का निरीक्षण किया।

- कमिश्नर ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करने के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने मौजूद विधानसभा वार फ्लाइंग स्क्वॉयड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में जानकारी ली। मंडलायुक्त ने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी तथा सी विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राठ में शॉर्ट सर्किट से हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग

## 30 लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान, दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के कुर्रा रोड नहर बाईपास पर एक हार्डवेयर की दुकान में इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर मौजूद लोगों में आग देख तो हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर पानी डाल काबू पाया। आग से दुकान में रखा करीब 30 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है। आग से सामान पूरी तरीके से जलकर राख हो गया।

कस्बे के छोटी जुलेहटी मोहल्ला निवासी सुभाष चंद्र गुप्ता पुत्र झंडू लाल ने बताया कि उसका पुत्र अंकित कुमार गुप्ता कुर्रा रोड नहर बाईपास पर अंकित ट्रेडर्स के नाम से हार्डवेयर की दुकान संचालित करता है। बताया उसकी दुकान में केमिकल, पेंट, पाइप, प्लास्टिक और लोहे के सामान के अलावा अन्य तमाम हार्डवेयर का सामान मिलता है। मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे अचानक इलेक्ट्रिक शार्ट सर्किट से अचानक दुकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर मौजूद लोगों और दमकल की तीन गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर पानी डाल काबू पाया। फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी तरह से दीवार को तोड़कर आग पर काबू पाया है। आग लगने से दुकान में रखा करीब 30 लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी बगैर पानी के आई थी जिससे आग बुझाने में काफी समय लग गया। इंस्पेक्टर से बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


दुकान में आग को बुझाते स्थानीय लोग।


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

## सब रजिस्ट्रार के कार्यालय में 15 को दर्ज होंगे बयान

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कूटरचित दस्तावेज बनाकर फर्जी ढंग से समिति बनाकर शिक्षण संस्थान चलाने की शिकायत पर सहायक रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स मंडल झांसी आनंद कुमार सिंह ने शिकायतकर्ता को नोटिस भेज कर 15 अप्रैल को बयान दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

कस्बा निवासी राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल ने कस्बे के निवासी राजेश शिवहरे के खिलाफ कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सुभाष चंद्र बोस शिक्षा समिति बनाकर शिक्षण संस्थान संचालित कर रखे है। सब रजिस्ट्रार ने शिकायतकर्ता को नोटिस भेज कर 15 अप्रैल को अपने बयान दर्ज कराने के लिए कार्यालय में तलब किया है। शिकायतकर्ता के बयानों के बाद इस प्रकरण का निस्तारण होना हैं। बताते है कि आरोपी अभी तक सब रजिस्ट्रार कार्यालय में किसी तरह के अभिलेख नहीं मुहैया करा सके हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें नोटिस प्राप्त हो गया है।

# नवरात्र शुरू, देवी मंदिरों में गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन शहर सहित जिले के देवी मंदिरों में मां के जयकारे गूंजे। देवी भक्तों ने देवी मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को प्रथम आराध्य देवी माता शैलपुत्री की विधि विधान के साथ पूजा हुई।

माता का यह रूप अनेकानेक नामों से प्रसिद्ध है। सती, पार्वती, दुर्गा, उमा, अपर्णा, गौरी, महेश्वरी, शिवांगी, शुभांगी, पर्वतवासिनी। पर्वतराज की पुत्री होने के कारण माता के इस प्रथम रूप का नाम शैलपुत्री पड़ा। शहर के चौरा देवी में सुबह से मां भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर में मेला भी लगा है। इसके साथ ही गौरी देवी, शीतला माता, दुर्गा माता, बड़ी माता, काली माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में काफी भीड़ रही। शहर के सुभाष बाजार सब्जी मंडी परिसर में नवयुवक संघ द्वारा भव्य दुर्गा पंडाल सजाया गया है। सरीला प्रतिनिधि के अनुसार चैत्र नवरात्र के शुरू होते ही देवी मंदिरों में मां के जयकारे गूंजने लगे है। नगर के बड़ी माता मंदिर, कालका देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर में तड़के से ही पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रही। उधर बेतवा नदी किनारे भेड़ी गांव के पास बने प्राचीन महेश्वरी माता मंदिर में पूजा अर्चना करने वालों की खासी भीड़ रही। मंदिर परिसर में लगने वाला वार्षिक मेला भी शुरू हो गया है। दूर दराज से आए दुकानदारों ने अपनी दुकानों को सजाना संवारना शुरू कर दिया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने बताया कि मेले में आने वाले दुकानदारों को बिजली, पानी व सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सुमेरपुर कस्बे में नवरात्र शुरू होते ही क्षेत्र में स्थापित देवी मंदिर मां के जयकारों से गूंजने लगे हैं। देवी भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया।

क्षेत्र के कामाख्या देवी मंदिर देवगांव, पाथामाई मंदिर सुमेरपुर, मां गायत्री मंदिर तपोभूमि, पंचमढ़ी मंदिर नेहा चौराहा, त्रिशक्ति मंदिर इंगोहटा, पाथामाई मंदिर विदोखर मेंदनी, काली माई मंदिर विदोखर पुरई आदि मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।


चौरा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

- मां शैलपुत्री की हुई पूजा देवी भक्तों ने अखंड ज्योति जलाकर पाठ शुरू किया

# सफाई के लिए कर्मचारियों व संसाधनों की कमी नहीं

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड नं 17 नई बस्ती में सफाई न होने से गंदगी का अंबार होने जैसी खबरों को लेकर चेयरमैन ने इस मामले को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि बिना किसी आधार के बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सफाई के लिए कर्मचारियों व संसाधनों की कमी नहीं है।

कस्बे के वार्ड 17 सहित अन्य वार्डों में सफाई कार्य में लापरवाही होने के मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने बताया कि इस मामले को संज्ञान लेकर अपने स्तर से संबंधित वार्ड सदस्य से जानकारी ली। इस पर संबंधित सदस्य के साथ अन्य ने सफाई कार्य होने के साथ किसी प्रकार की शिकायत नहीं आने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कस्बे में 125 सफाई कर्मी काम कर रहे हैं। कूड़ा उठाने को पांच ट्रैक्टर और ट्राली हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की संख्या पर्याप्त हैं। उनके पास जेसीबी सहित सभी संसाधन मौजूद हैं। कस्बे के सभी वार्डो में प्रतिदिन सफ़ाई कराई जा रही है। कूड़ा गाड़ियां निरंतर समय से उठान कर बाहर फेंकने में लगी रहती हैं। उन्होंने कूड़े के डंप होने की सूचना पर सभी वार्डों का मुआयना किया। कहा कहीं भी सफाई कार्य में शिथिलता आती हैं तो लोग बिना देरी लगाए उन्हें या नगर पंचायत में सूचना दें। समस्या का समाधान कराया जाएगा।


नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे।

## बाड़े में बंधीं दर्जन भर बकरियां चोरी

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाने के हरदुआ गांव में सोमवार की रात चोरों ने बाड़े में घुसकर 12 बकरियां चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

हरदुआ गांव निवासी चंद्रभान यादव ने बताया कि वह बकरी पालन कर अपने परिवार का गुजर बसर करता है। बकरियां चोरी होने से उसके समक्ष आर्थिक संकट बढ़ा है। बताया कि सोमवार की शाम वह जंगल से 12 बकरियां चराकर लाया और उसे बाड़े के अंदर बांध बाहर से ताला लगा दिया। बताया कि मंगलवार की सुबह जब उसकी पत्नी बाडे की सफाई करने के लिए गई तो घर का ताला खुला हुआ था। जब उसने दरवाजा खोला तो बकरियां गायब थी। बताया कि चोर उसकी बकरियां चोरी कर ले गए। पीड़ित चंद्रभान यादव ने बताया कि बकरियां की कीमत करीब 90 हजार रुपये थी। पीड़ित पशुपालक ने थाने पहुंच कर तहरीर दी। पुलिस का कहना था कि चोरों की तलाश की जा रही है।

# बिके हुए लोगों से अब क्या स्वाभिमान...

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने सनातन नववर्ष विक्रमी संवत 2081 के स्वागत में साहित्य गोष्ठी व कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर पत्रकारों को कलमदान देकर सम्मानित किया गया।

कस्बे के शिव मैरिज लान के पास मंगलवार को 11:30 बजे पूर्वाह्न से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे व विशिष्ट अतिथि महोबा से पधारे कवि साहित्यकार संतोष पटेरिया मौजूद रहे। संस्था के उपाध्यक्ष धर्मात्मा प्रसाद अभिलाषी ने अध्यक्षता की। संचालन कैलाश प्रसाद सोनी ने किया।इस मौके पर कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाकर जमकर वाहवाही लूटी। हरिराम गुप्त निरपेक्ष ने वाणी वंदना करने के बाद वसंत ऋतु पर छंद पढ़ा तरु महुआ मोती लसे आम गए बौराय, गुच्छे पुहुप पलाश में मधुमक्खी मडराय। गणेश सिंह विद्यार्थी ने पढ़ा जय जय जय मां दुर्गा माता, जगत जननी शक्ति की दाता। त्रिविध ताप मेरी हर लो, मां सबका कल्याण गणेश मनाता। नीतिराज सिंह ने पढ़ा क्षेत्र पठारी बोली प्यारी सपने भी तूफानी है, गली-गली बुंदेलखंड की साहस भरी कहानी। कैलाश सोनी ने पढ़ा चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा नव किसलय तरु साज,स्वागत में नववर्ष की प्रकृति प्रफुल्लित आज। शिवकरण सिंह सरस जी ने पढ़ा स्वागत है नववर्ष तुम्हारा विक्रम संवत मुझको प्यारा। संतोष पटेरिया ने पढ़ा बिके हुए लोगों से अब क्या स्वाभिमान की बात करें, जिनके तन मन सूख गए हैं उत्साह की क्या बरसात करें। कमलेश सिंह भौली ने पढ़ा राग द्वेष अवचेतन मन के साहस सहित मिटाए, नूतन वर्ष मनाएं आओ नूतन वर्ष मनाएं। इसके साथ कवि हरिकिशन सेन, अवधेश साहू बेचैन, वीरेंद्र पाल साजन, राजीव कुमार निगम, गजेंद्र दीक्षित, रेवती रमण पाठक आदि ने रचनाएं सुनाई। संस्था ने मुनीर खान, नरेश मिश्रा, हिमांशु गुप्ता को कलमदान देकर सम्मानित किया।


कार्यक्रम में अपनी रचना पढ़ते कवि। अमृत विचार

- अभासाप की ओर से साहित्य गोष्ठी व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

# दंगे भड़काने के मामले में तीन पर दोष सिद्ध

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सुमेरपुर कस्बे के 27 युवक थे नामजद, 23 साल बाद आज सुनाई जाएगी सजा

**अमृत विचार।** राजकीय महाविद्यालय कुछेछा के छात्र शिवप्रकाश की ट्रक से कुचलकर हुई मौत के बाद उग्र हुए छात्रों के आंदोलन में एक युवक की और हुई थी। इस प्रकरण में 23 वर्ष बाद अदालत ने दोष निर्धारण किया है। बुधवार को आरोपियों को सजा सुनाई जाएगी।

सुमेरपुर कस्बे के बस स्टॉप में 31 अगस्त 2001 को कस्बा निवासी छात्र शिव प्रकाश वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी उसे ट्रक ने कुचल दिया था। इसकी मौके पर मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही हमीरपुर एवं कस्बे के सैकड़ों छात्र मौके पर छात्र नेता राजेंद्र धमाका के नेतृत्व में एकत्र हुए थे और रोडवेज सहित कई वाहनों में आग लगा दी। साथ ही पुलिस के ऊपर पथराव कर दिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने हवाई फायरिंग कर दी थी, जिसमें एक युवक दिनेश सोनकर की मौत हुई थी। पुलिस ने राजेंद्र धमाका सहित 18 लोगों को नामजद करके विवेचना शुरू की थी। दौरान विवेचना 9 और लोगों को नामजद करके चार्जशीट दाखिल की गई थी। चार्जशीट दाखिल होते ही इस मुकदमे में राजेंद्र धमाका फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गत 1 फरवरी को कानपुर से गिरफ्तार कर अदालत भेजा था। मंगलवार को अदालत ने राजेंद्र धमाका, डा.अनिल यादव, राजन गुप्ता को दोषी पाया है। सजा का निर्धारण बुधवार को किया जाएगा।




तपोभूमि में अशोक का पौधा रोपित करते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# चेयरमैन ने रोपा अशोक का पौधा

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपनी शादी की सातवीं वर्षगांठ पर पत्नी के साथ पौधा रोपित कर संरक्षित करने का संकल्प लिया।

पर्यावरण संरक्षण समिति कस्बे को हरा भरा बनाने के लिए मौजूदा समय में तपोभूमि में पौधे लगाने का कार्य संचालित कर रखा है। इसी के तहत मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने पत्नी प्रिया शिवहरे के साथ अपनी शादी की सातवीं वर्षगांठ पर सीता अशोक का पौधा रोपित कर संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान, अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीनमैन, राखी शिवहरे, प्रीति, स्पर्श, गणेश प्रसाद गुप्ता, ऊषा गुप्ता, शिवकुमार, सन्तोष चक्रवर्ती, मोनू शिवहरे आदि मौजूद रहे।

## मामूली विवाद में युवक को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाने के जिगनी गांव में मामूली विवाद के चलते दबंगों ने एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने चिकासी थाने में घटना की लिखित तहरीर देकर मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध घटना के लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जिगनी गांव निवासी छत्रपाल पुत्र हिंदूपत ने बताया कि मामूली विवाद के चलते गांव के वीरपाल और रजत ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपियों ने ने उसे पकड़ कर जमकर पीटा। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आईं हैं।

# संस्था के संरक्षक के निधन पर शोकसभा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- साहित्यिक संस्था के संरक्षक थे बद्री प्रसाद वर्मा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था ने बलदाऊ मंदिर परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के संरक्षक सेवानिवृत्त शिक्षक बद्री प्रसाद वर्मा की लंबी बीमारी से मंगलवार को सुबह निधन हो जाने पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई।

78 वर्षीय श्री वर्मा इस्लामियां इंटर कालेज में शिक्षक रह चुके हैं। इसी के साथ वह अच्छे कवि एवं इस संस्था के संरक्षक थे। इसके पूर्व वे लंबे समय तक संस्था के मंत्री भी रह चुके हैं। उनका जीवन सादा एवं उच्च विचार पर आधारित था। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

शोकसभा में दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही उनके परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नारायण प्रसाद रसिक, प्रेमपाल द्विवेदी, पुष्पेंद्र कृष्ण गुप्ता, लखनलाल जोशी, देवनारायण सोनी, जगत प्रसाद मो सलीम आदि उपस्थिति रहे।

## सार-संक्षेप


नवनियुक्त सपा जिला उपाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### रामप्रकाश बने सपा के जिला उपाध्यक्ष

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने सिसोलर निवासी रामप्रकाश यादव को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवशरण सिंह यादव, नंदकिशोर शिवहरे, महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी, विवेक यादव, रणबहादुर यादव, रजा हुसैन, सलीम अहमद, सुरेन्द्र यादव, शिवा यादव, रामगोपाल बजाज, सबीना खातून, सुभान कुरैशी आदि ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया है।

### वृद्धा की मौत, शिनाख्त नहीं

**मौदहा (हमीरपुर)।** काफी समय से भटक कर क्षेत्र में आई वृद्धा की मौत हो गई। मृतका की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। कोतवाली क्षेत्र के मंकराव स्थित खेरापति महाराज स्थान पर बीते कुछ समय से एक भटकी हुई मानसिक विक्षिप्त महिला रह रही थी। जिसकी मंगलवार को मौत हो गई। मृतका की शिनाख्त के प्रयास पुलिस ने शुरू कर दिए हैं। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि महिला काफी वृद्ध और मानसिक विक्षिप्त थी। जो काफी समय इस स्थान पर रह रही थी। शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

### नींद की गोलियां अधिक खाने से हालत बिगड़ी

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के लरौद गांव निवासी निवासी खुशबू (23) पत्नी कुलदीप ने गृह कलह के चलते नींद की गोलियां अधिक मात्रा में खा ली। इसके बाद हालत खराब होने पर परजनों ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहोशी की हालत में भर्ती कराया। खबर लिखे जाने तक उसका इलाज जारी है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक ने मेमो के माध्यम से कोतवाली पुलिस को घटना से अवगत कराया है।

### तहसील में राजस्व निरीक्षक व लेखपालों की बैठक हुई

**मौदहा (हमीरपुर)।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक मतदान हो। इसके लिए जागरूकता पैदा करना आवश्यक है। हर वर्ग में सरकारी गैर सरकारी सभी को इसमें सम्मिलित कर सामूहिक रूप से व निजी प्रयासों से जागरूक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र व तहसीलदार बलराम गुप्ता ने बैठक की। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य को पहचाने और राष्ट्र हित में मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मदद करें।

### विधवा के साथ आये दिन दबंग कर रहा अभद्रता

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मुंडेरा निवासी विधवा सावित्री ने थानाध्यक्ष को दिये शिकायती पत्र मे आरोप लगाया है कि गांव निवासी रामाधीन आये दिन शराब पीकर उसके साथ गाली गलौज करता है। सरकारी हैंडपंप में पानी भरने जाने पर भी गाली देता है। आरोप लगाया है कि वह घर मे अकेली रहती है। आरोपी शराब पीकर कुल्हाड़ी से दरवाजा फाड़ने का प्रयास करके उसे जान से मारने की कोशिश करता है।

स्वीप कार्यक्रम — उजनेड़ी व कुम्हऊपुर में निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली, माइक से नारे लगाए

# मतदान करने की दिलाई शपथ, बुजुर्ग मतदाताओं का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम उजनेड़ी व कुम्हऊपुर में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। प्रभारी बीडीओ ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम उजनेड़ी व कुम्हऊपुर में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत डिप्टी कलक्टर व प्रभारी बीडीओ शांतनु कुमार सिनसिनवार ने किया। दोनों गांवों में ई-रिक्शा में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। इसके साथ मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें वोट हमारा है अनमोल,कभी न लेंगे इसका मोल, जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्यविधाता, सरकार बनाना आता है, क्योंकि हम मतदाता हैं। वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है आदि शामिल रहे। डिप्टी कलक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान को जरूरी बताया है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सचिव सोनाली सचान व रामबाबू गुप्ता सहित लेखपाल, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।





बुजुर्ग मतदाता को माला पहनाकर स्वागत करते प्रभारी बीडीओ शांतनु कुमार व मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते सीओ श्रेयस त्रिपाठी।

### रहंक गांव में मतदान के लिए प्रेरित किया

**गोहांड।** विकास खंड के रहंक गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे लगा कर ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली का आयोजन एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन प्रबंधक एहतेशाम मोहम्मद व ग्राम पंचायत अधिकारी शत्रुघ्न सिंह ने कराया। इसमें प्राइमरी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय की छात्राओं ने भी निकाली रैली

**मौदहा।** लोकसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान में भी तेजी आ गई है। कस्बे के एक महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी रहे। उन्होंने मतदाता जागरुकता अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य ममता पांडेय, शिविर संचालिका कलावती कुशवाहा, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट तारा सिंह, रमाकांत सहित महाविद्यालय का स्टाफ और समाजसेवी मौजूद रहे।

# हीटवेव और सूखा से बचाने के लिए विभागों को तैयार रहने के निर्देश

## जिलाधिकारी ने की समीक्षा, पेयजल शिकायतों का अविलंब निस्तारण हो

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


बैठक करते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में हीटवेव एवं सूखा से बचाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। चालू माह से जून तक 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान हो जाने के कारण लू की स्थिति बनी रहती है। संभावित सूखे एवं लू के दृष्टिगत विभागवार बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने विभिन्न दिशा निर्देश दिए। सीएमओ को निर्देशित किया कि चिकित्सालयों में ओआरएस काउंटर स्थापित किए जाएं। लू से प्रभावितों के लिए अतिरिक्त बेड आरक्षित किए जाएं। लोकसभा चुनाव को देखते लू के प्रकोप से बचाव को मतदान केंद्रों पर ओआरएस के साथ मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए।

एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाए। वर्तमान समय में शार्ट सर्किट से अग्निकांड की बढ़ रही घटनाओं पर अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा फसलों को अग्निकांड से बचाव के बिजली आपूर्ति के समय में परिवर्तन करें। फसलों में अग्निकांड की घटनाओं पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कहा अधिशासी अभियंता विद्युत एवं संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्हीं से क्षतिपूर्ति की भरपाई की जाएगी। बंद बड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराएं। डीपीआरओ कार्यालय में स्थापित पेयजल कंट्रोल रूम नम्बर 05282.298176 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का अविलंब निस्तारण कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में राजकीय तथा निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखर भरवाए जाने का कार्य कराएं। खराब हैंडपंपों का रिबोर हो। वाटर लेविल अत्यन्त कम होने से पेयजल की समस्या उत्पन्न होने पर टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराया जाए। नलकूपों एवं नहरों के माध्यम से तालाबों में पानी भरवाया जाए। गौशालाओं में पशुओं के लिए चरही छाया की पर्याप्त व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करें। कृषि अधिकारी एवं उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि सूखे की स्थिति में फसल चक्र में फसलों का बदलाव, उन्नतशील बीजों का वितरण, हरी कम्पोस्ट तथा जैविक खाद की व्यवस्था, कृषि तकनीकी फसल प्रदर्शनों का आयोजन, उन्नतशील कृषि यंत्रों की व्यवस्था आदि के लिए कृषकों को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एएसपी मायाराम वर्मा, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, अधिशासी अभियंता विद्युत अनिल अहूजा, एआरटीओ अमिताभ राय, लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता एमएल वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत तथा अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक्सपायरी डेट की दवा मरीज को चढ़ाने का वीडियो वायरल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

● अस्पताल अधीक्षक ने इस तरह के मामले को नकारा

**अमृत विचार।** कस्बे के सरकारी अस्पताल में सोमवार की रात एक मरीज को एक्सपायरी डेट की बोतल डी 10 लगाने का वीडियो वायरल हो रहा है। इससे अस्पताल में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी से जानकारी ली गयी तो बताया कि जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

सोमवार की शाम एक बच्चे को उसके परिजन इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉक्टरों ने डी-5 बोतल और कुछ इंजेक्शन लिखे, लेकिन जब बच्चे को बोतल चढाने के लिए लगाई गई तो एक्सपायरी डेट की डी-10 बोतल लग गई। जिसके लगते ही हड़कंप मच गया और अस्पताल प्रशासन की ओर से आनन फानन में बोतल को बदल कर दूसरी बोतल लगा दी गई। इस संबंध में ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट अंकित सचान ने बताया कि उन्होंने डी-5 बोतल दी है और अभिलेखों में भी डी-5 ही दर्ज है। जबकि एक्सपायरी डेट की डी-10 बोतल कहां से आई और कहा की फोटो लगाकर शोसल मीडिया में चलाया जा रहा है वह नहीं जानते है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि जो वीडियो मौदहा अस्पताल के नाम से एक्सपायरी डेट की बोतल लगने का वायरल किया जा रहा है। वह दरअसल तमाम जांच पड़ताल के बाद स्पष्ट हुआ कि न इस बैच की बोतल ही यहां आयी, न ही यह फोटो वीडियो ही उनके अस्पताल का है। क्योंकि ऐसी कोई सूचना या शिकायत किसी मरीज से उनको प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि उन्होंने इस संबंध में संबंधित फार्मासिस्ट अंकित सचान से जानकारी भी ली तो उन्होंने कहा कि उनके स्टॉक में एक्सपायरी कोई बोतल या दवा है ही नहीं। मार्च में ऐसी दवोंओं को ही गहनता से देख लिया गया था। उससे यह भी कहा कि जिस बैच की 10 डी बोतल एक्सपायरी लगाए जाने का वीडियो ट्विटर चलाया जा रहा है उस बैच की कोई बोतल उनके अस्पताल में ही नहीं आई। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ किसी साजिश के तहत अस्पताल को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### साहित्यकार दंपति की कविताएं 'हाइपरपोएम' में शामिल

**बांदा :** अंग्रेजी साहित्य की कई विधाओं में 8 पुस्तकें लिखने वाले जनपद के मूल निवासी डा.बृजेश कुमार गुप्ता 'मेवादेव' और उनकी पत्नी वर्षा गुप्ता की कविता रूस से प्रकाशित हुए काव्य संग्रह 'हाइपरपोएम' में शामिल हुई हैं। मेवादेव ने बताया कि इस काव्य संग्रह को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। साहित्यकार दंपति का नाम भी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। इस काव्य संग्रह में विश्व के 90 देशों के 1692 कवियों ने प्रतिभाग किया है। हाइपरपोएम के मुख्य संपादक अलेक्जेंडर काबिशेव ने दंपति को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि 27 पुस्तकों के सम्पादक डा.बृजेश के सम्मान में अफ्रीकी देश बिरलैंड राज्य पहले ही डाक टिकट जारी कर चुका है। वह अपने प्रथम ट्रस्ट के अंतर्गत तीन अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुके हैं। वर्तमान समय में वह महोबा जनपद के जैतपुर के एसके महाविद्यालय के प्राचार्य हैं।



साहित्यकार दंपति वर्षा गुप्ता और ब्रजेश गुप्ता ।


झलोखर गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते ग्रामीण महिला-पुरुष।

### रैली निकालकर मतदान के प्रति जागरूक किया

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के कुतुबपुर और झलोखर गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु प्रशाशन के निर्देश पर प्रतिदिन मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है वही मंगलवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में कुतुबपुर और झलोखर गांव में जागरूक महिलाओ व स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया वही उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करे। मतदाता जागरूकता रैली में ब्लॉक मिशन प्रबन्धक मयंक सिंह, शिवा, अंचल सिंह, आंगनबाड़ी आशा आदि मौजूद रहे।


हाफिजों का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### कुरान मुकम्मल होने पर हाफिजों का स्वागत

**मौदहा (हमीरपुर)।** रमजान का आखिरी असरा अपने अंतिम छोर पर है आज रमजान का आखिरी रोजा है। रविवार को देर रात नगर सहित क्षेत्र की सभी मस्जिदों में कुरान (तरावीह) पूरा हो गया है। सभी मस्जिदों में कल रविवार की रात 29 वीं शब-ए-कद्र के मौके पर कुरान मुकम्मल हो गया। जिसमें मस्जिद सहित मोहाल के लोगों ने हाफिजों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत कर उन्हें विदा किया। इसी बीच कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज स्थित गांसी कुंआ मस्जिद में शहर इमाम मौलाना हाफिज करामत उल्ला साहब द्वारा कुरान मुकम्मल किया गया, जिसके बाद मोहाल के लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। लगातार 50 वर्षों से कुरान सुना रहे उस्ताद हाफिज हाजी डॉ अकमल सगीर साहब द्वारा आज 29वीं शब-ए-कद्र के मौके पर मोहल्ला कमराहा स्थित क़ायम कुआं मस्जिद में कुरान मुकम्मल किया है। जिसके बाद बड़ी संख्या में उनके चाहने वालों ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और गले मिलकर विदाई दी। वहीं हैदरगंज स्थित पीर सुर्खरू बाबा मस्जिद में हाफिज निहाल उद्दीन एवं उपरौस जामा मस्जिद में हाफिज कारी जमील साहब द्वारा कुरान मुकम्मल किया गया, जिसके बाद उनका भी मोहाल के लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कोतुपुर पटिया गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष की महिला ने एक आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के कोतुपुर पटिया गांव निवासी पूनम पत्नी प्रह्लाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मैं अपने घर के बाहर बैठी थी तभी गांव का ही मानसिंह पुत्र फूल सिंह मुझे देखकर अकारण गाली गलौज देने लगा और जब मैंने विरोध किया तो मारपीट करने लगा जिससे मुझे गंभीर चोट आई है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।


जले मकान को देखकर रोती विधवा रामकली। अमृत विचार

# विधवा के मकान में लगी आग, मवेशी जले

**मौदहा(हमीरपुर)।** विधवा महिला के घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से आशियाना धू-धू कर जलने लगा। घटना में हजारों की गृहस्थी व दो बकरियां जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर निकट के तलैया से पानी लेकर आग पर काबू पाया।

विकासखंड के बड़ी आबादी वाले गांव करहिया में सोमवार की देर रात अज्ञात कारणों से रामकली पत्नी राजा भैया प्रजापति के घर में अचानक आग लग गई। जिसे देख पड़ोसियों में हड़कंप मच गया और आनन फानन में पड़ोसियों ने गृह स्वामी को जगा कर घर से बाहर निकाल और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वही घर के अंदर बंधी दो बकरियां जलकर खाक हो गई और ग्रामीणों ने आनन फानन में किसी तरह बगल की तलैया से पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास किया। जब तक आग बुझ पाती तब तक विधवा की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। महिला के सामने खाने-पीने की सामग्री जल जाने से उसके सामने भविष्य में जीविका चलाने के लिए भारी समस्या उत्पन्न हो गई।

# शहर को गंदगी से मुक्त करने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


विवेक नगर मोहल्ले की गली में पड़े कचरे को बोरी में भरते सुभाष चंद्र सिंह।

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक के टेढ़ा गांव निवासी कर्मठ समाजसेवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र लंबे समय से शहर के विवेक नगर मोहल्ले में रह रहे हैं। हमेशा गलत कार्यों का विरोध करने वाले इस समाजसेवी ने विवेक नगर की गलियों में पड़े कचरे के ढेर देखें तो मन कुंठित हो गया। इस पर उन्होंने खुद सफाई करने का संकल्प लिया और अकेले ही अभियान में जुट गए। उन्होंने अपनी साइकिल को कूड़ा गाड़ी के रूप में प्रयोग किया। प्लास्टिक की बोरियों में कचरा भरकर पालिका के कूड़ा घर में फेंकना शुरू किया। आम रास्ता चकाचक करने पर हर कोई इनकी तारीफ करने से नहीं चूक रहा है। कहते हैं नगर पालिका की नजर जहां भी शहर के अंदर डंप कचरे में नहीं पहुंच रही है वह वर्षों से पड़ी इस गंदगी को साफ करेंगे।

टेढ़ा निवासी सुभाष चंद्र सिंह के पिता जगरूप सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। अपने पिता के पदचिन्हों पर उनके पुत्र सुभाष चंद्र सिंह भी चल रहे हैं। इस कर्मठ समाजसेवी ने एक ऐसा संकल्प लेकर लोगों के बीच सकारात्मक उर्जा का संचार किया है। उनके कार्य को देख हर किसी की सोयी आत्मा जाग जाएगी। शहर में विवेक नगर मोहल्ले की एक गली में पड़े कचरे को बोरियों में भरते दिखे। अपनी साइकिल में कचरे से भरी बोरियां लादकर पालिका के कूड़ा घर में फेंक रहे हैं। उन्होंने कहा यहां बड़े बड़े धनाढ्य वर्ग के लोग रहते हैं। कहते हैं इस मोहल्ले को शहरवासी वीआईपी कहते हैं। लेकिन यहां नगर पालिका की नजर इस डंप कचरे पर नहीं पड़ी है। कचरे से उठ रही बदबू से लोगों ने इस रास्ते से आवागमन बंद कर रखा है। एक बार वह निकले तो गंदगी देख उनका मन विचलित हो उठा। आबादी के बीच सड़ांध उठ रही थी। फैल रहे प्रदूषण से आसपास रहने वाले परिवारों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। इसलिए संकल्प लिया कि सबसे पहले इसी कचरे को फेंकेंगे। कहते हैं वह शहर हमीरपुर की गली-गली जाकर देखेंगे। उन्होंने गंदगी हटाकर दूर फेंकने की संकल्प ही नहीं लिया बल्कि निस्वार्थ भाव से पूरे मन से कार्य को अंजाम देना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य की शुरुआत विवेक नगर से की है। साफ सफाई के बाद यहां से लोग निकलने लगे हैं। फिलहाल उनके इस कार्य की लोगों द्वारा सराहना की रही है।

# एप पर करें चुनाव से जुड़ी शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● शिकायतों का संज्ञान लेकर अफसर तत्काल करेंगे कार्रवाई

**अमृत विचार।** लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है। निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। मतदाता बनने के लिए हेल्पलाइन एप काफी कारगर है। इसके जरिये 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लांच की गई है। निष्पक्ष चुनाव के लिए सी-विजल एप भी एक महत्वपूर्ण एप है। सी विजिल एप की मदद से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतें घर बैठे दर्ज कराई जा सकती हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया है कि ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य प्रकार की शिकायत करने तथा उनके निस्तारण के लिए आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया है। मतदाता ऐसी कोई भी शिकायत इस एप पर दर्ज करा सकते हैं। सी-विजिल एप का प्रयोग करने के लिए स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से सी-विजिल सिटीजन एप डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लॉग इन कर शिकायत दर्ज करने के साथ फोटो वीडियो अपलोड किए जा सकते हैं। सी-विजिल एप एक जीआईएस आधारित एप है, जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, ऑडियो ही अपलोड किया जा सकता है। जिला प्रशासन की टीमें सी-विजिल एप व डिस्ट्रिक कॉल सेंटर (डीसीसी) 1950 में प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई करेंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आचार संहिता के प्रभावी होने पर शिकायत करें।

## अदालत में पेश न होने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के ककरउ गांव में दहेज उत्पीड़न के मामले को लेकर न्यायालय में पेश न होने पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

ककरउ गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र शिव शंकर पुराने दहेज उत्पीड़न मामले को लेकर न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। न्यायालय द्वारा बार-बार समन देने के बाद भी न्यायालय में पेश न होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया।

## नववर्ष पर एक दूसरे को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

**मौदहा।** भारतीय हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2081 को लेकर राम उत्सव सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने नगर मे सभी नगरवासियों को तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और नववर्ष कैलेण्डर एवं भगवा ध्वज दिया। वही व्यापार मंडल के सदस्यों ने भी एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान शिवकांत त्रिपाठी, जेके गुप्ता, नितिन गुप्ता, राम मनोहर गुप्ता, राकेश सोहाने, मयंक, नवनीत, आर्यन आदि मौजूद रहे।

## बाइक से गिरकर अधेड़ की मौत

**इटावा।** फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुंदरपुर मोड़ के पास अचानक बाइक के फिसल जाने पर उससे गिरकर एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। पीजीआई भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। सुंदरमोड़ के पास स्थित कंहैया नगर निवासी विवेक कुमार अपनी बाइक से बाजार करने के लिए गया था।

कार्यक्रम आयोजित | पक्का तालाब पर पहुंचे लोग, सामूहिक शंखनाद के साथ गूंजा जयकारा

# सूर्य को अर्घ्य देकर किया नवसंवत्सर का स्वागत, गूंजे वैदिक मंत्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा



सूर्य को नमन करते संस्कार भारती और भाविप के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती इटावा इकाई ने नव संवत्सर 2081 के प्रथम दिवस सामूहिक शंखनाद एवं स्वस्ति मंत्रों की मंगल ध्वनियों के साथ पक्का तालाब पर प्रातः छह बजे सूर्योदय के समय भगवान सूर्य को जल-पात्रों में पुष्प और नैवेद्य युक्त जल का अर्घ्य अर्पित किया। तिलक, कलावा बांधकर नव संवत्सर उत्सव मनाया गया। भारत विकास परिषद इटावा तुलसी के पंकज कुमार सिंह चौहान ने भी संयुक्त रूप से नवसंवत्सर मनाया।

संयोजक संस्कार भारती के साहित्य विधा संयोजक पूर्व प्राचार्य महेश चंद्र तिवारी तथा सहसंयोजक नरेंद्र कुमार वर्मा रहे। कार्यक्रम में संस्कार भारती के अध्यक्ष अश्वनी कुमार मिश्र, सचिव कुलदीप अवस्थी,कोषाध्यक्ष इंद्र नारायण पांडेय, उपाध्यक्ष डॉ. कैलाश चंद्र यादव मौजूद रहे।

### तिलक लगाकर दी नवसंवत्सर की बधाई

**जसवंतनगर, इटावा।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा ने नगर में नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष पर धूमधाम से पूरे नगर में घूम-घूम कर लोगों का रोली चंदन से तिलक लगाकर हिंदू नव वर्ष अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम प्रभारी अमरचंद शर्मा एवं सह प्रभारी अशोक यादव, शाखा अध्यक्ष शिवकांत जैन, सचिव अनुभव यादव, संगठन सचिव स्वराज प्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र पुरवार, राजीव गुप्ता, डा अवनीश कुशवाहा, दिनेश चौरसिया, सुमंत पुरवार, मुकेश माथुर, सुरेन्द्र धनगर, बटेश्वरी दयाल प्रजापति, डा दीपक यादव, मधुर श्रीवास्तव, डा राजकुमार, प्रमोद यादव, मणि शंकर गुप्ता, चंद्रपाल यादव, सर्वेश गुप्ता, डा विनय यादव ,अनुजवर्मा, सुशील वर्मा, विमलेश यादव, रामकुमार गुप्ता, रेनू कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## विक्रम संवत का पहला दिन महत्वपूर्ण


नवसंवत्सर पर संबोधित करते रामनरेश शर्मा। अमृत विचार

**जसवंतनगर, इटावा।** आरएसएस ने नव संवत्सर प्रारंभ होने पर छिमारा रोड स्थित एक मैरिज होम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।मुख्य वक्ता आरएसएस के सह विभाग संचालक रामनरेश शर्मा ने कहा कि वर्ष विक्रम संवत 2081 का प्रारंभ होने के साथ ही यह दिन संत झूलेलाल का जन्मदिवस भी है। इसी दिन से नव दुर्गा का प्रारंभ होता है यह श्री राम के राज्याभिषेक का दिन भी है। संघ के संस्थापक केशव बलिराम हैडगेवार का जन्म दिन तथा बसंत ऋतु का प्रारंभ भी इसी दिन से होता है। जिला प्रचारक शिवम, खंड प्रचारक रविंद्र सिंह, खंड कार्यवाह राजकुमार यादव, खंड शारीरिक प्रमुख विक्रम, नगर कार्यवाह गौरव, बलवीर सिंह, वैभव भदौरिया, प्रदीप पांडेय, प्रबल प्रताप आदि रहे।

### नवसंवत्सर पर निकाली ध्वज रैली

**महेवा, इटावा।** भारत विकास परिषद शाखा महेवा ने नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में ध्वज रैली निकाली। जय श्री राम के नारे लगाते हुए लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। गायत्री परिवार के प्रचारक पंडित सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि आज चैत्र की परवा से नववर्ष शुरू होती है। आज 2081संवत शुरू हुई है हम सभी को आज नववर्ष के अवसर पर एक दूसरे को बधाई देने चाहिए । शाम को घरों में दीपक जलाना चाहिए। ध्वज यात्रा समापन कस्बा स्थित रामजांनकी मंदिर परिसर में जय श्री राम के घोषो के साथ किया गया । वहीं इस अवसर पर बृजराज पांडेय ,अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश चंद्र शर्मा , सुभाष मिश्रा ,लालजी मिश्रा ,चंद्र प्रकाश गुप्ता,मनोज कुशवाहा , निर्मल गुप्ता,मन्नाबाबू दुबे , दिनेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### हाथों से उखड़ जा रही व्यास मंदिर रोड

कालपी (जालौन)। हाइवे से व्यास मन्दिर जाने वाली सड़क दर्जन भर गावों को जोड़ती है तथा व्यास जन्म भूमि मन्दिर जाने का मुख्य मार्ग है। जहां देश विदेश से लोग आते हैं और वीआईपी भी व्यास मन्दिर जाते हैं। इसी रोड पर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर भी है लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से बनाई गयी 27 सौ मीटर सड़क में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। इसे खोदने के लिए गैंती-फावड़ा आदि की जरूरत नहीं है। हाथों से ही पूरी सड़क खोदी जा सकती है। इस सड़क से निकलने वाले वाहनों के साथ सड़क की आधी गिट्टी गांवों और नगर तक पहुंच चुकी है और लोगों का दावा है कि शेष सड़क बरसात में बह जायेगी। लोनिवि के अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत से सड़क पर लेपन किया गया है। जहां एक ओर भाजपा की डबल इंजन की सरकार भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर सख्त तेवर दिखा रही है, वहीं इस सड़क में पूरी तरह घालमेल हुआ है। लोग इसे पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से की गई कमाई को सरकार को बदनाम करने की कोशिश बताते हैं।

# सीसीटीवी से पुलिस रखेगी अराजकतत्वों पर नजर

## पुलिस ने लोगों से सहयोग मांगा, सुरक्षा का भरोसा दिया

संवाददाता, माधौगढ़-जालौन


माधौगढ़ क्षेत्र में भ्रमण करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जालौन पुलिस अधीक्षक डॉ. इराज राजा व क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन में नवनियुक्ति माधौगढ़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में पुलिस बल ने रूट मार्च किया। पुलिस ने रूट मार्च के दौरान कस्बे के चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता देखी। जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं थे, वहां लगाने की अपील की। ताकि अराजकतत्व किसी तरह बचने पाएं। पुलिस अफसरों ने इस दौरान लोगों से शांति-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मांगा और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिया।

आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों को देखते हुए माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक, कस्बा इंचार्ज शैलेंद्र सिंह, एसाई लवलेश कुमार, अजब सिंह एवं पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया। कोतवाल ने आम जनमानस को बताया की सभी लोग त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं तथा किसी भी तरह की कोई अशांति न फैलाएं।

पैदल मार्च के दौरान कस्बा और मुख्य बाजार के अंदर मुख्य चौराहों व दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। जहां पर सीसीटीवी कैमरे नहीं है वहां कैमरे लगवाने के लिए स्थानीय स्तर पर कहा गया, जिससे कि अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

# प्रतिपदा को शैलपुत्री माता का किया गया पूजन

संवाददाता, जालौन

- घरों में घट स्थापना के साथ धूप-दीप जलाए
- खेतों से मिट्टी लाकर श्रद्धालुओं ने बोए जवारे

**अमृत विचार।** चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर नवरात्र और नव संवत्सर 2081 का आगाज हुआ। नवरात्र पर लोगो ने घरों में जवारे बोए और विधि-विधान से मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की।

महिलाओं पुरुषों बच्चों ने सुबह से स्नान कर माता के मंदिरों पर जाकर पूजा अर्चना की तथा अपने-अपने घरवालों के साथ मिलकर कलश तथा घट रखकर स्थापना की। माता रानी को रोली-चंदन, मिष्ठान व धूप दीप से पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की मनोकामना की। शाम को महिला पुरुषों ने अचरी गीत गाकर जवारे बोए। इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों में लगी रही तथा माता रानी के जयकारे लगते रहे। इसके एक दिन पूर्व सोमवार की शाम को जवारो के लिए नहा धोकर विधिविधान से पूजा अर्चना कर समूह में देवी गीत गाते हुए खेतों से मिट्टी लाई। मंगलवार को मिट्टी के घड़ों से बनाए गए घटों में जवारे बोए गए।


जवारे बोने को खेत से मिट्टी लेते श्रद्धालु।

## सार-संक्षेप

### बसपा का केंद्रीय चुनाव कार्यालय खुला


उद्घाटन में मौजूद नेता। अमृत विचार

उरई। जालौन गरौठा व भोगनीपुर लोकसभा सुरक्षित सीट बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम के केन्द्रीय कार्यालय का विधिवत उद्घाटन कोंच रोड स्थित श्रीराम पैलेस के सामने बसपा के पूर्व मंत्री चैनसुख भारती ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी ने की। मुख्य अतिथि झांसी मंडल प्रभारी डा. बृजेश जाटव मौजूद रहे। कार्यालय उद्घाटन के दौरान सैकड़ों की संख्या में बसपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सभी नेताओं ने बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम को जिताने की अपील की जिससे बहन मायावती के हाथों को मजबूत कर देश का प्रधानमंत्री बनाया जा सके। इस मौके पर महेन्द्रप्रताप सिंह डकोर सह झांसी मंडल प्रभारी, बसपा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, मिथलेश बरसार, किशुन लाल पाल विधानसभा अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष हासिम अली, चैनसुख भारती पूर्व मंत्री, अल्लाफ अहमद, अतर सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य, रामसनेही, आदि मौजूद रहे।

### ढोल-नगाड़े के साथ निकाली मतदाता जागरुकता रैली


रैली निकालते स्कूली बच्चे।

माधौगढ़ जालौन। दि माइल स्टोन स्कूल बंगरा ने स्कूल प्रांगण से नगर बंगरा में मतदाता जागरुकता रैली ढोल-नगाड़े के साथ निकाली। रैली में पुलिस प्रशासन ने भी बच्चों की सुरक्षा में योगदान दिया| पहले मतदान फिर जलपान जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां व नारे लगाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, उरई


नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला का स्वागत करते कांग्रेसी। अमृत विचार

- काफी समय से रिक्त चल रहा था पद, अब धीरेंद्र शुक्ला को सौंपी कमान

**अमृत विचार।** काफी समय से खाली चल रहा कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पद काली होने की वजह से संगठन को मजबूती नहीं मिल पा रही थी। लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने रिक्त पद को भरते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की कमान युवा नेता धीरेंद्र शुक्ला को सौंप दी है। आज मंगलवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय शहीद भवन रामनगर पहुंच कर अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने नए जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस दाऊ चौहान चुर्खी, रिपुंजय उपाध्याय, हेमन्त रिछारिया, अमित पाण्डेय, सिंटू भदौरिया, गोपाल वर्मा, प्रद्युमन द्विवेदी, रामेष्ट दूरवार, देवेंद्र बनाफर, आशीष द्विवेदी, अनुराग सिंह, हिमांशु, नीरज वर्मा, राजकुमार गुप्ता, रामेंद्र राठौर, मो अफजल, निखिल तिवारी, शिवम विश्नोई, शिवा चिल्ली, धीरेंद्र यादव, आलोक कौशिक सहित सैकडों कांग्रेसजनों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को फूल माला व मिष्ठान वितरण कर भव्य स्वागत किया।

# एसडीएम ने गेहूं क्रय केंद्र आए किसानों से समस्या जानी

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी ने जालौन गल्ला मंडी में क्रय केंद्र पर खुला सरकारी गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से उनकी समस्या जानी। कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्या का तुरंत निस्तारण किया जाए। उन्हें किसी भी सूरत में परेशान न होना पड़े। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने जालौन गल्ला मंडी में क्रय केंद्र पर बने सरकारी गेहूं क्रय का निरीक्षण करते हुए किसानों से मुलाकात की। उन्होंने किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की निरीक्षण के बाद उन्होंने क्रय केंद्र पर तैनात कर्मियों से कहा कि किसानों को समस्या न होने पाए।


गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम अतुल कुमार। अमृत विचार

# फसल नुकसान का सर्वे शीघ्र करें पूरा

संवाददाता, कालपी (जालौन)



लेखपालों के साथ बैठक करते एसडीएम हेमंत पटेल। अमृत विचार

- लेखपालों की बैठक में उप जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** मंगलवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान ओलावृष्टि तथा असमय बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों की सर्वे रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने पर जोर दिया गया।

तहसील के सभागार में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परता पूर्वक मौके पर जाकर के निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि आगामी चुनाव को कुशलतापूर्वक निपटाने के लिए सम्बन्धित बूथों की व्यवस्था दुरुस्त रखें। आपदा प्रबंधन के कार्य में सतर्कता बरती जाये। गांव में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। डिजिटल ई क्रापपर भी चर्चा हुई।

बैठक में तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार हरदीप सिंह व नीलमणि सिंह के अलावा सदर के लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रमोद दुबे, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिव मंगल पाठक आदि राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आरोप : मकान पर कब्जा कर करा लिया बैनामा

कार्यालय संवाददाता, उरई


शिकायती पत्र के साथ पीड़ित रेखा।

**अमृत विचार।** रेढर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खकसीस निवासी श्रीमती रेखा पत्नी राजकुमार चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके मकान पर कब्जा कर कूटरचित दस्तावेज से बैनामा करा लिया है।

आरोप लगाया कि ससुर स्व. रामनारायण के रमेशचन्द्र, रामकुमार, राजकुमार के तीन पुत्र जिनमें रमेश चन्द्र की मृत्यु हो चुकी है। उसके पति व अन्य साझेदार अपने-अपने हिस्से पर काबिज स्व. पिता के जीवनकाल में ही हो गये थे। जिनमें रामकुमार व शांति देवी अपने-अपने हिस्से बेच चुके है तथा साजिशन व धोखाधड़ी कर राजकुमार ने रमेशचंद्र की पत्नी ने उसके हिस्से वाले मकान पर परिवार सहित निवास कर रही है। वर्ष 1999 में इन्दिरा आवास प्राप्त होने पर निर्माण कार्य भी पूर्व में करा चुकी थी। घटना 02 अप्रैल की है कि शान्ति देवी पत्नी स्व. रमेश चन्द्र व रामकुमार पुत्र स्व. रामनारायण ने प्रार्थिनी के पति के हक वाले मकान को अपना बताकर घोखा-धड़ी कर लेखक मधुसूदन सिंह से मिलकर रहीसा बानो पत्नी मुम्ना खान निवासी ग्राम खकसीस के नाम पर 2 गवाहों इकरार अहमद व विकास निवासी ग्राम खकसीस थाना रेंदर के सहयोग से उसके हिस्से वाले मकान कोा बनामा करा लिया है।

# चाचा ने दो साल की बच्ची के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**उरई।** कोच कोतवाली क्षेत्र के सिकरी गांव में रिश्ते को तार तार करते हुए चाचा ने 2 साल की भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। कलयुगी चाचा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी 20 वर्षीय युवक ने बीती देर रात अपनी छोटी बहिन के द्वारा पीड़िता बच्ची को घर में बुलाया और घटना को अंजाम दिया। बच्ची के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी इकट्ठा हो गए। पड़ोसियों को देख चाचा भागने लगा, जिसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पड़ोसियों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन बच्ची को लेकर कोच कोतवाली पहुंचे। अति संवेदनशील घटना को देखते हुए पुलिस हरकत में आई और चाचा को गिरफ्तार कर लिया। सीओ उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी चाचा गुलफाम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने लिए विपक्षी एकजुटता का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


बैठक में मौजूद गठबंधन के प्रत्याशी व अन्य दलों के नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन रामनगर में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए गठबंधन के वक्ताओं ने कहा कि हम सभी को एकजुटता के साथ मिलकर काम करना है तथा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिता कर दिल्ली तक भेजने का काम करना है।

सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि भाजपा जुमले बाज सरकार को हटाने के इंडिया गठबंधन तैयार किया गया है। उन्होनें कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी शामिल लोगों को गांव-गांव पहुंच कर प्रत्याशी के पक्ष में वोट दिलाने का काम कर दिखाना है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि हम अपनी टीम के साथ प्रत्याशी को जिताने के लिये दिन-रात मेहनत कर विजयी बनाने का काम करेंगे।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जालौन-गरौठा व भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र प्रभारी प्रतिभा अटल पाल मौजूद रहीं। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने की। बैठक इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार, सपा प्रदेश सचिव प्रदीप दीक्षित, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, अशोक गुप्ता, गुड्डू रिजवी, मैराज सिददीकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रेहान सिददीकी, भागे प्रजापति, प्रमोद सपा, मुहम्मद रशीद मंसूरी, जुवेर आलम सपा, अमित सागर नरछा, अमित पांडेय, वीरपाल राजपूत जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस आदि मौजूद रहे।

# पटेल समाज से जनसंख्या बढ़ाने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, उरई

- सरदार पटेल से जुड़े कार्यक्रम में एमएलसी के पति आरपी निरंजन ने किया आह्वान

**अमृत विचार।** एमएलसी रमा निरंजन के पति व प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने सरदार पटेल से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पटेल समाज को हम दो, हमारे दो के बजाय जनसंख्या बढ़ाने का काम करना चाहिए।

उन्होंने मंच से कहा कि पटेल बिरादरी का राजनैतिक प्रभाव बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक बच्चे पैदा करेने की जरूरत है। देश और प्रदेश की राजनीति में पटेल समाज का प्रभाव बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि राजनीत में जनसंख्या का अलग महत्व है। निरंजन ने कहा कि जालौन गरौठा संसदीय क्षेत्र में 1 लाख 7 हजार पटेल समाज के मतदाता हैं। वह एकजुट हो जाएं तो चुनाव का रुख बदल सकते हैं।


कार्यक्रम में बोलते आरपी निरंजन।

**निरीक्षण** | जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

# मॉडल बूथ बनाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उरई


बूथ का निरीक्षण करते डीएम राजेश पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत टीएम पब्लिक स्कूल, नगर पालिका उरई व टॉउन हाल में बने बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनपद में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान है, इसको दृष्टिगत रखते हुए, आज निरीक्षण कर टीएम पब्लिक स्कूल, नगर पालिका परिषद उरई व टॉउन हाल में बने बूथों को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिए। बूथों पर की गई व्यवस्थाओं, विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल, पानी, छाया, शौचालय व रैम्प आदि का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाताओं की लिए मतदान केंद्रों पर सुविधाओं की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्त्वपूर्ण कार्य है, इस लिए सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी तरह से सजग व सतर्क रहते हुए करें। उन्होंने कहा कि समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध को पूर्ण करें, ताकि मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार के स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे मतदाता जागरूक होंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# मेधावी छात्राओं को दिए मेडल व शील्ड

संवाददाता, माधौगढ़-जालौन

**अमृत विचार।** नवीन शिक्षा सत्र का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय ऊंचा में आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा कक्षा -1 से 5 तक के मेधावी छात्राओं को रिजल्ट कार्ड व शील्ड प्रदान की गयी।

विद्यालय के दीपक कौशल, शिल्पी दुबे, प्रीति देवी एवं अभिभावकों के द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र 2024-2025 में प्रवेश लेने वाली छात्राओं का माल्यार्पण व गुब्बारों के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय की कक्षा 4 की छात्राओं द्वारा कक्षा 5 की छात्राओं का माल्यार्पण करके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गयी। नवीन प्रवेश कक्षा 1 व कक्षा 5 की पुरातन छात्राओं ने विद्यालय के सेल्फी प्वाइंट में अपनी अपना फोटोशूट करवाया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ,आंगनबाड़ी केंद्र की बहिनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान रामकुमार मिश्रा व विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रधानाध्यापक लोकेंद्र सिंह शाहू व देवेंद्र सिंह विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ,विपत कुमार उपस्थिति रहे।


शील्ड के साथ खड़े मेधावी बच्चे। अमृत विचार

# स्कूलों में बेची जा रहीं महंगी किताबें

**जालौन ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई जालौन द्वारा नगर में हो रहे शिक्षा के व्यापारीकरण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नियमों का पालन न करने जैसे एनसीईआरटी की किताबों की ज़गह प्राइवेट प्रकाशन की किताबों के माध्यम से अवैध वसूली एवं अभिभावकों के शोषण के विरोध में एसडीएम को हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। उपजिलाधिकारी को बताया कि निजी स्कूल और विद्यालय शासकीय नियमो को नजर अंदाज कर निजी प्रकाशन की 50 से 60 प्रतिशत कमीशन की किताबें अपने स्लेबस में शामिल किए हैं। विद्यार्थियों को प्रिंट रेट में बेंच कर काली कमाई कर रहे हैं। इसीलिए मध्यम व अल्प आय वाले अभिभावक अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा नही दिला पा रहे है। ज्ञापन देने वालों में सत्यम याज्ञिक, आदित्य कैलिया, गोपाल जी बाथम, हरिओम पटेल आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **विकास यादव पुत्र लाल जी, निवासी–142, ग्राम–मिश्रपुर, पोस्ट–गुडम्बा, कुर्सी रोड, लखनऊ** (उ0प्र0)–226026, मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या–UP32A20089003969 में त्रुटिवश मेरा नाम Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav दर्ज हैं जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji है। यह कि उपरोक्त दोनों नाम विकास यादव Vikas Yadav / Vikas Kuamr व पिता का नाम Lal Ji/ L.J. Yadav एक ही पिता/पुत्र के नाम हैं। अत: मेरे ड्रांईविग लाईसेंस नं0– UP32A20089003969 में Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav के स्थान पर वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji दर्ज किया जाये।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1778918 वर्ष 2014 वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **बबीता यादव पुत्री बैजनाथ यादव, निवासिनी– ग्राम–खरगापुर रानी बाजार, आयोध्या।**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम यादव प्रद्युम्मन कुमार पुत्र रामहरख से बदलकर प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव, निवासी– ग्राम– मठिया उर्फ अटकहा, पोस्ट फरदहा, थाना कप्तानगंज, तहसील हाटा, जिला कुशीनगर**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष–2018 अनुक्रमांक 2320645 अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **प्रीती मौर्या पुत्री सूर्यलाल, निवासी– ग्राम– हररैया माथेपुर, पोस्ट– बनकटवा देहात,जनपद– गोंडा, मोबाइल नं– 723486942**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम STUTI के स्थान पर STUTI MISHRA रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए STUTI MISHRA पुत्री ANIL KUMAR MISHRA निवासी– ग्राम–धरमपुरा पोस्ट–लहुरा देवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर –272175

नगीना लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित सीटों में शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह सीट वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अस्तित्व में आई थी। नगीना क्षेत्र बिजनौर जिले की तहसील है। पहले यह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाले नजीबाबाद को 'गेटवे ऑफ हिमालय' पुकारा जाता है। नगीना की गिनती आज दलित राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में की जाती है। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद हुए तीन चुनावों में इस सीट पर किसी एक दल को जीत नहीं मिली है। 2009 में यहां से सपा जीती तो 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने कमल खिलाया था। 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ और यह सीट बसपा के खाते में आई तो बसपा ने भाजपा को हरा दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगीना के 16 लाख 38 हजार से अधिक मतदाता इस बार के चुनाव में 19 अप्रैल को किस राजनीतिक दल की अंगूठी की शोभा बढ़ाने के लिए मतदान करेंगे।


# किस दल की अंगूठी में सजेगा इस बार नगीना

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** नगीना लोकसभा सीट इस बार बसपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी यहां 2019 में मिली जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन उसके सामने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों से बड़ी चुनौती भीम आर्मी चीफ तथा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद हैं, जो उसके ही वोट बैंक पर ताल ठोंक रहे हैं। आजाद बीते एक साल से इस सीट से लोकसभा में पहुंचने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें वाई श्रेणी सुरक्षा मिली हुई है। आजाद की चुनौती से निपटने के लिए ही बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने तीन दिन पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज यहां से किया और पहली ही रैली में चंद्रेशखर आजाद पर दलित युवकों को गुमराह करने, झगड़ा करवाने, मदद से पीछे हटने और उनका करियर बर्बाद करने जैसे आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। आकाश आनंद ने नाम लिए बिना कहा कि वो दलित युवकों को आंदोलनों, प्रदर्शनों और झगड़ों में ले जाते हैं, इसके चलते युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। बाद में नेता मदद के नाम पर गायब हो जाते हैं। युवकों को मुकदमों के कारण सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। बहन जी इस तरह का कल्चर कतई पसंद नहीं करती हैं। दरअसल नगीना में मुस्लिम और दलित मतदाता कुल वोटरों के आधे से ज्यादा हैं। दलित के साथ मुस्लिम मतदाता पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर बसपा को पसंद करते हैं, उनमें नगीना प्रमुख है। ऐसे में नगीना सुरक्षित सीट पर सभी प्रत्याशी दलित वोटों की सेंधमारी में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह वोट जिधर मुड़ जाएंगे, उस पार्टी के प्रत्याशी की जीत आसान होने की संभावना है। दलित वोटों के इस घमासान के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी मुस्लिम मतदाताओं से भी अपने पक्ष में उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि सपा यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम वोटर उसके प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इन परिस्थितियों में नगीना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं।

**पिछले तीन चुनावों में जनता ने हर बार नया दल और नया सांसद चुना**

- सपा-बसपा की राह में बड़ा कांटा बनते नजर आ रहे हैं चंद्रशेखर आजाद
- मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीट पर वोटों के बंटवारे से भाजपा के लिए मौका




40% मुस्लिम मतदाता करीब

21% दलित मतदाता लगभग

**2019 का जनादेश**


| | |
|---|---|
| बसपा | 5,68,378 |
| भाजपा | 4,01,546 |
| कांग्रेस | 20,046 |

गिरीश चंद्र जाटव, यशवंत सिंह, ओमवती देवी


**2014 का जनादेश**


| | |
|---|---|
| भाजपा | 3,67,825 |
| सपा | 2,75,435 |
| बसपा | 2,45,685 |

यशवंत सिंह, यशवीर धोबी, गिरीश चंद्र जाटव



**2019 लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत**




**विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | पुरुष | महिलाएं | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| नजीबाबाद | 186699 | 165469 | 19 | 352187 |
| नगीना (सु.) | 185663 | 164416 | 12 | 350091 |
| धामपुर | 161460 | 142520 | 18 | 303998 |
| नहटौर (सु.) | 162497 | 144680 | 04 | 307181 |
| नूरपुर | 172951 | 151912 | 09 | 324872 |

**पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज**

नगीना लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से नगीना, नजीबाबाद और नूरपुर सीट पर समाजवादी पार्टी काबिज है। जबकि धामपुर और नहटौर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

## प्रत्याशी प्रोफाइल

### ओम कुमार – भाजपा



भाजपा प्रत्याशी विधायक ओम कुमार नगीना लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नहटौर विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वर्ष 2012 में नहटौर सीट अस्तित्व में आई थी, तभी से वह इस पर काबिज हैं। एक बार बसपा तो दो बार भाजपा से विधायक चुने गए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण इलाके में उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।



### चंद्रशेखर आजाद - आजाद समाज पार्टी

युवा चेहरा हैं। दलित युवाओं में अच्छी पैठ है। मुस्लिमों के बीच भी कुछ प्रभाव रखते हैं। जाटव बिरादरी से आते हैं। भीम आर्मी बनाकर शोषित–वंचित समाज की आवाज उठानी शुरू की। चार साल पहले आजाद समाज पार्टी बनाई थी, जिसके अध्यक्ष हैं। सहारनपुर के होने के बावजूद आजाद नगीना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। सपा से बात नहीं बनने के बाद अकेले मैदान में उतरे हैं।



### सुरेंद्र पाल सिंह – बहुजन समाज पार्टी

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल इससे पहले पार्टी के टिकट पर पुरकाजी विधानसभा से 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. वह तीसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा का पहला चुनाव है। स्थानीय न होना कमजोरी माना जा रहा है। इस बार बसपा का किसी से गठबंधन नहीं होने से अकेले ही पार्टी कॉडर वोट के साथ अन्य वर्गों के वोट संभालने की चुनौती है।

### मनोज कुमार –समाजवादी पार्टी



सपा ने अनुसूचित जाति से आने वाले पूर्व जज मनोज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने न्यायिक सेवा से वीआरएस लेकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की है। वह बिजनौर में ही जज के पद पर कार्यरत थे। कांग्रेस से गठबंधन के बाद नगीना सीट इस बार सपा के कोटे में आई थी। जज का पद छोड़कर राजनीति में आने के सवाल पर मनोज कुमार का कहना है कि यह वह मंच है, जहां नीतियां बनाई जाती हैं।



**लोकतंत्र का पर्व** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मुरादाबाद में आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

## महाराष्ट्र में किसका खेल बिगाड़ेंगी बसपा सुप्रीमो



- नागपुर में कल मायावती करेंगी जनसभा, राज्य में सभी 48 सीटों पर बसपा ने उतारे हैं उम्मीदवार

**नागपुर।** नामांकन के बाद शहर व जिले में केवल महायुति व महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार ही जोरों से नजर आ रहा था लेकिन अब बसपा के कार्यकर्ता भी उत्साह व जोश से भर गए हैं। इसकी वजह, पार्टी प्रमुख मायावती का चुनाव प्रचार के लिए आना है। बसपा सुप्रीमो की सभा 11 अप्रैल को उत्तर नागपुर के बेझनबाग मैदान पर होगी। बसपा ने राज्यभर की सभी 48 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

नागपुर जिले की दोनों सीटों पर नागपुर से योगेश लांजेवार और रामटेक से संदीप मेश्राम बसपा के उम्मीदवार हैं। दोनों ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में मायावती के आने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब पूरे जोश से प्रचार में जुट गए हैं।

पाटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम शेवडे ने दावा किया कि मायावती की सभा से बसपा का सोया हुआ कैडर वोट जागने वाला है और जो वोट अन्य पार्टियों की ओर डायवर्ट होते रहे हैं वे भी वापस लौटेंगे। यूपी सहित पूरे देश में बसपा के वोट का प्रतिशत घटता जा रहा है। ऐसे में मायावती ने अपने भांजे को पार्टी के संभावित चेहरे के रूप में सामने किया है। महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए वे खुद प्रचार-प्रसार के लिए मैदान में उतर रही हैं। नागपुर की सभा में राष्ट्रीय समन्वयक व महाराष्ट्र प्रदेश मुख्य प्रभारी सांसद राम गौतम, नितिन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर गोणारे सहित उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे। बसपा के पूरे जोश से मैदान में आने से दूसरी पार्टियों का वोट प्रतिशत भी गड़बड़ा सकता है।



**मांगा समर्थन** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की साउथ चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया तो भारी भीड़ मोदी...मोदी नारे लगाती रही।

## अखिलेश पीलीभीत से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार अभियान



अखिलेश यादव।

**पीलीभीत।** सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकसभा चुनाव के लिए पहली रैली ईद के अगले दिन पीलीभीत में 12 अप्रैल को होगी। भाजपा ने यहां वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व मंत्री भगवतशरण गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समीकरणों पर नजर गड़ाई है। यहां कुर्मी वोटरों की बहुतायत है। वरुण की उदासीनता के बीच सपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है।

## बेटे को हराने में जुटे कांग्रेस नेता एके एंटनी



अनिल एंटनी।



एके एंटनी।

**नई दिल्ली।** केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार अनिल एंटनी के लिए उनके पिता एके एंटनी ने ही मुश्किल खड़ी कर दी है। बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में जाने से आहत कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी उन्हें हराने की मुहिम में जुट गए हैं। कुछ माह पहले ही अनिल एंटनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने भी उन्हें उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया।

बेटे पर हमलावर पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे बेटे अनिल का चुनाव हारना जरूरी है। नाराज एंटनी ने कहा कि दक्षिण केरल से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को चुनाव जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को ही खुद का धर्म बताया।

**दलित वोट बैंक** 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर लहराया था जीत का परचम, पिछली बार बसपा ने झटक ली थीं दो सीटें

# भाजपा यूपी में आरक्षित सीटों से करेगी मिशन–80 को सुरक्षित

महेश शर्मा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस का कभी परंपरागत वोट कहा जाने वाला दलित (अनुसूचित जाति) सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते इतना समझदार हो गया है कि वह अब किसी दल का वोट बैंक नहीं रहा। लेकिन उत्तर प्रदेश में दलित वोटों का भाजपा की तरफ झुकना बसपा, सपा और कांग्रेस जैसे दलों के लिए चिंता का सबब नहीं, खतरे की घंटी है कि जल्दी ही राजनीति नहीं बदली तो एक बड़े सामाजिक आधार का समर्थन खो देना तय है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसकी बानगी नजर भी आ चुकी है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार दलितों का वोट किधर जाएगा। भाजपा ने मिशन -80 का लक्ष्य पूरा करने के लिए एक बार फिर सभी 17 आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने की रणनीति बनाई है।

वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया था। लेकिन पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। सपा के साथ गठबंधन के चलते बसपा ने नगीना और लालगंज उससे छीन ली थी। भाजपा के हाथ 15 सीटें लगी थीं। इस चुनाव में फिर से भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि दलित वोटों का रुझान पार्टी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। 2014 की तरह इस बार भी सुरक्षित सीटों पर भाजपा का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत रहेगा।

सुरक्षित सीटों का महत्व अनुसूचित जाति के वोटरों की पर्याप्त उपस्थिति के कारम माना जाता है। यही राज्य की कुल आबादी का 21 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी जाटव, 3.3 फीसदी पासी, 3.15 वाल्मीकि, 1.2 गोंड, धानुक, खटिक और 1.6 फीसदी अन्य में अनुसूचित जातियां बंटी हैं। इन्हें लुभाने के लिए भाजपा ने जयंत चौधरी की आरएलडी, ओपी राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) समेत छोटे जाति आधारित समूहों को शामिल करके एनडीए का विस्तार किया है। बीते दो चुनाव देखें तो पता चलता है कि भाजपा ने गैर जाटव अनुसूचित जातियों व गैर यादव ओबीसी और ऊंची जातियों पर जमकर फोकस किया है। आमतौर पर जाटव बसपा तो यादव सपा के पक्ष में रहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाक सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का दम भर रहा है, लेकिन भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे दलित वोटरों को लुभाना उसके लिए आसान नहीं दिखता। बसपा पहले ही इंडिया ब्लाक से दूरी बनाकर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषक मानते हैं कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला पर सवारी गांठने के बावजूद सपा को उन दलितों को समझाना मुश्किल होगा जो सपा के पिछले शासनकाल को अपने शत्रुतापूर्ण व्यवस्था मानते हैं।

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेब साइट के अनुसार यूपी में 66 जातियां हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षित 17 सीटों में 6 जाटव, पांच पासी, दो दुसाध, दो खटिक व दो धोबी प्रत्याशी उतारे थे। सपा-बसपा व आरएलडी गठबंधन में 10 बसपा व 7 सीटें सपा-आरएलडी को मिली थीं जिसमें बसपा ने अपने हिस्से वाली सीटों में 9 पर जाटव व एक पर पासी प्रत्याशी खड़ा किया था। सपा ने 3 पासी, एक जाटव, एक वाल्मीकि, एक कोल व एक धानुक को टिकट दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने 17 आरक्षित सीटों में से 16 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए थे। एक सीट अपना दल (एस) को दे दी थी। भाजपा ने 16 में 6 पासी, 3 खटिक, 2 जाटव, एक धानुक, एक वाल्मीकि, एक गोंड, एक कोरी व एक गडेरिया जाति का प्रत्याशी उतारा था।

इनमें भाजपा के 14 प्रत्याशी जीते थे। एक सीट सहयोगी दल अपनादल (एस) ने जीती थी। इस प्रकार 17 जीते उम्मीदवारों में 06 पासी, 03 जाटव, 02 खटिक, 01 धानुक, 01 वाल्मीकि, 01 गोंड, 01 कोरी, 01 कोल और 01 गडेरिया जाति से शामिल था।

**लोकसभा की आरक्षित सीटों पर दलीय प्रदर्शन**

| वर्ष | भाजपा | बसपा | सपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004 | 03 | 05 | 07 | 01 | 01 |
| 200 | 02 | 02 | 10 | 02 | 01 |
| 2014 | 17 | -- | -- | -- | -- |
| 2019 | 15 | 02 | -- | -- | -- |

**विधानसभा चुनाव में सत्ता की चाबी हैं सुरक्षित सीटें**

- प्रदेश की विधान सभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें दो सीटें एसटी के लिए सुरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 65 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 सीटें हासिल की थीं। दोनों ही बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2012 के चुनाव में सपा ने 58 सुरक्षित सीटें जीती थीं और प्रदेश में सरकार बनाई थी। वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने 61 आरक्षित सीटें जीतकर सत्ता का दरवाजा खोला था।

**इन जिलों में एक चौथाई से ज्यादा दलित आबादी**

- सोनभद्र -41.92, कौशांबी -36.10, सीतापुर -31.87, हरदोई- 31.36, उन्नाव -30.64, रायबरेली -29.83, झांसी -28.07, औरैया -27.69, जालौन -27.04, बाराबंकी -26.89

**ये हैं आरक्षित 17 लोकसभा सीटें**

- यूपी में 17 सुरक्षित लोकसभा सीटें नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराइच, जालौन, मोहनलालगंज, कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछली शहर, राबट्र्सगंज और बांसगांव हैं। ये सीटें पश्चिमी से पूर्वी यूपी तक फैली हुई हैं।

एक : पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजन: ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ।।

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत से लोग उसका आनंद उठाते हैं। आनंद उठाने वाले तो बच जाते हैं, पर पाप करने वाला दोष का भागी होता है।

## संपादकीय

# मतदान बढ़ाने की कोशिशें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ऐसे में भारत को उन देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की भी आकांक्षा करनी चाहिए, जहां लोकतांत्रिक चुनावों में 80 प्रतिशत मतदान होता है। लेकिन कम मतदान की समस्या भारत के निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने 266 ऐसे संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से वास्तव में यह चिंताजनक है। देश के शहरी नागरिकों पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वे चुनावी प्रक्रिया में दिलचस्पी तो रखते हैं, लेकिन शामिल नहीं होते। यानि मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजनीति और चुनावों के प्रति उदासीन रहता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग में इस बात को लेकर लगातार मंथन हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नगर निगमों के आयुक्तों और बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की जरूरत है। ऐसे में जानना जरूरी है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की मतदान कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) क्या है। यह एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। टीआईपी का लक्ष्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना है।

यह मतदाताओं की उदासीनता का मुकाबला करने और युवा और शहरी मतदाताओं जैसे उदासीन समूहों को शामिल करने के लिए विशिष्ट संचार प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। गौरतलब है कि चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप भारत ने 2014 के चुनावों में मतदान का रिकॉर्ड बनाया। 2009 में, मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में 66.4 और 2019 में 67.6 प्रतिशत हो गया। आयोग को इसे 70 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है। मतदान में बढ़ोतरी के लिए चुनाव आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं। जरूरी है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# ईद, सीएए और बदला हुआ शाहीन बाग



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है,जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक,2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है,लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी,चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो,भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

रमजान के महीने के अंत के बाद आज ईद मनाई जा रही है। इस बार की रमजान पर राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग में जिस तरह का खुशगवार माहौल बना रहा उससे सारे देश और दुनिया में एक संदेश तो साफ तौर पर चला गया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) अब मुसलमानों के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा।

याद करें कि इसी शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा,पर यह नहीं हुआ। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा,पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे, लेकिन हैरानी की बात है कि किसी भी दल ने इसे मुद्दा नहीं बनाया।

दरअसल लोकसभा चुनावों का एजेंडा इस बार कुछ बदला-बदला सा है। आम तौर पर कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियां मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी बताकर सेकुलर एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरती हैं,पर इस बार मुद्दा ईडी,सीबीआई और तानाशाही को बनाया जा रहा है। कांग्रेस भी उन मुद्दों को चुपचाप किनारे रखकर आगे बढ़ रही है,जिन पर भाजपा को घेरती रही है। सीएए,एनआरसी और धारा-370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल की सलाखों के पीछे वाली तस्वीर को अपनी चुनावी कैंपेन में प्रमुखता से पेश कर रही है। आपको याद होगा कि पिछली बार विधान सभा के चुनाव से पहले दिल्ली में सीएए से संबंधित चर्चाएं, विरोध प्रदर्शन या हिंसा की घटनाएं सबसे ज्यादा हुईं। केवल भारत से संबंध रखने वाले समुदायों के भीतर ही सीएए या एनआरसी के बारे में ही चिंताएं व्यक्त नहीं की गई,बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी यही के कुछ ताकतों ने भारत के विधेयकों के खिलाफ,रैलियां,सेमिनार या विरोध प्रदर्शन आयोजित करवाए। उनका उद्देश्य सीएए और उससे जुड़ी नीतियों के पक्ष या विपक्ष में केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं था,बल्कि यह दिखाना भी था कि मोदी सरकार मुसलमानों के विरुद्ध काम कर रही है। उन प्रदर्शनों में अराजकता साफ दिखी। यह साबित करने की भी कोशिश हुई कि इस अधिनियम के माध्यम से मुसलमानों की नागरिकता का दोहन किया जाएगा।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है,लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम,1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी,चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो,भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

राजधानी दिल्ली में शाहीन बाग और कुछ हद तक खुरेजी के धरने देश के लिए सबक थे। सीएए के विरोध के नाम पर मंच सजते थे, जहां पर दिए जाने वाले सांप्रदायिक भाषण बहुत परेशान करने वाले थे। ओखला निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं से लेकर जामिया विश्व विद्यालय के छात्र नेता तक ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक वर्ग के लोगों को यहां तक कहा गया कि मोदी मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में भेज देंगे। अब उसी दिल्ली में सीएए का कोई विरोध नहीं है,क्योंकि अब दिल्ली के मुसलमान इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। प्रख्यात लेखक और इतिहासकार फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि सीएए में केवल सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख है,जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि अहमदिया मुसलमान भी पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। यदि वे भी चाहे तो पुराने कानून के अनुसार अन्य गैर भारतीयों की तरह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला और पाक 'शरणार्थी' जिनमें काफी संख्या में मुसलमान हैं,पिछले 20-30 सालों से आ रहे हैं। उनमें से अधिकतर के पास अब मतदाता पहचान पत्र,आधार कार्ड और पासपोर्ट भी हैं। जाहिर है इसका काफी कुछ श्रेय कांग्रेस को जाता है।

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है,जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक,2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है। इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मुसलमानों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। जेल में जाने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यदि सीएए से अधिक लोगों को नागरिकता दे दी जाएगी तो बेरोजगारी के आंकड़े ऊपर की ओर बढ़ जाएंगे। हालांकि अभी कोई सरकारी आंकड़ा सामने नहीं आया है,लेकिन एक अनुमान बताया जा रहा है कि 30 से 40 हजार लोगों को नागरिकता दी जाएगी। 4 करोड़ अवैध घुसपैठियों के मुकाबले 40 हजार लोगों को नागरिकता हमारे रोजगार पर कितना असर डाल सकती है,समझा जा सकता है। रमजान के महीने के जुमा अलविदा के मौके पर शाहीन बाग में बहुत सारे नौजवान एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम खा रहे थे। वहां उनसे सीएए को लागू करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर सब एक जैसी प्रतिक्रिया थी- "सीएए के लागू होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार कह तो रहे हैं।"

## प्रसंगवश

# चर्चित समय का इतिहास



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

क्या आप जानते हैं कि जर्मनी अपने देश के इतिहास में हिटलर को नहीं पढ़ाता। जबकि अगर कहा जाए तो वो ही उस देश के सबसे चर्चित समय का इतिहास है। रोमन लोग डेन्यूब नदी के नार्थ की तरफ रहने वाले कुछ खूंखार कबीलों को जर्मनिया कहते थे हिंदी में गेर्मानिया, जो बाद में जर्मनी हुआ। इसलिए ही शायद आप विश्व इतिहास पढ़े तो जर्मन ज्यादातर खलनायक ही मिलेंगे, पर आज वहां ये सभी किस्से उनके यहां मैमोरियल,म्यूजियम और लाइब्रेर में मिलेंगे पर स्कूली किताबों में नहीं। आज का जर्मनी अपने बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाना चाहता है वो सभ्य हो गया है। बच्चों के लिए उनका इतिहास वीमर रिपब्लिक से शुरू होता है,जो कि लोकतांत्रिक सरकार थी और पहले विश्वयुद्ध के बाद बनी थी,हालांकि ये सरकार हिटलर को उभरने से रोक नहीं पाई,पर वो लोकतांत्रिक थी इसलिए बच्चों को बताना जरूरी समझा गया। वे लोग अब सभ्य और सफल हैं,वे लोकतंत्र में सम्मानजनक आस्था रखते हैं। इसलिए उन्होंने इसे बताना जरूरी समझा। बच्चों को ज्यूस की डायरियां और कविताएं पढ़ाई जाती हैं और मीन काम्फ भी। ताकि लोग हिटलर की कथनी और करनी में अंतर समझ सकें। उस दौर का प्रमुख व्हाइट रोज संगठन जो कि नाजियों के खिलाफ खड़ा था, उसे या जो भी और नाजियों के खिलाफ थे सभी हीरो हैं वहां। वे युद्ध में नाजियों की जीत नहीं बताते, बल्कि उनके द्वारा किए अत्याचार बताते हैं। यहां तक की जर्मनी की बर्बादी भी नाजियों के सिर ही मढ़ी गई है,जोकि नाजियों ने एलाई फौजों को रोकने के लिए पुल और इमारतें वगैरह तोड़ी थीं। हिटलर हों या गोयबल्स सभी की सुसाइड को कायरों की तरह समझा जाता है और सार्वजनिक रूप से उनके बारे में बात तक नहीं की जाती है वहां पर। यहां तक कि नाजियों से जुड़ा कोई भी स्मृति चिन्ह या साहित्य सभी कुछ बैन है। लगातार नाजियों के खिलाफ माहौल बनाकर दशकों बाद जर्मनी की दीवार तोड़ी गई। और ये सब हेल्मेट कोल जैसे नेताओं की मेहनत का फल था। कोई भी देश अपने लिए विकास और विनाश के रास्ते खुद बनाता है। बस समय कुछ महान लोगों के हिस्से ही ये जिम्मेदारी सौंपता है।

# लोक, जनसभा, रैली और भीड़



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता,तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी,अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं।

जनसभा जनसभा होती है और भीड़ भीड़ होती है। दोनों में अंतर है। जनसभा में विचार केन्द्र में होता है,जबकि भीड़ में उत्तेजना होती है, संवेग होता है,उन्माद होता है। हालांकि उसे अब रैली कहने लगे हैं। उस भीड़ का बौद्धिक-स्तर लुप्त-प्राय होता है या निम्नस्तर का होता है। इसलिए भीड़ सामूहिक-विचार नहीं कर सकती,भीड़ तालियां बजा सकती है,जय जयकार कर सकती है और अपने नेता को सुन सकती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों ने तो भीड़ को तर्क के विरुद्ध अबौद्धिक की पूजा कहा है। उस पर अपने नेता की मामूली दलीलों का भी असर होता है।

नेता का निर्देश ही भीड़ का नियामक होता है। नेता समूह के साथ अपनेपन का भाव जगाता है,लोक प्रचलित उपमाओं का, कहावतों का,मुहावरों का प्रयोग करता है और इस प्रकार से किस्से सुनाता है,नारे लगाता है,भीड़ को कहीं हंसाता है तो कहीं उसमें क्रोध और घृणा का भाव जगाता है। कहने को तो हम भीड़ को जनता ही कहते हैं,किंतु जनता शब्द की अवधारणा बहुत व्यापक है। क्राउड और पब्लिक दोनों में अंतर है। झुंड किसी खास उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है,जबकि जनता में सभी के समन्वय का भाव होता है,एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया होती है।

भीड़ का उद्देश्य बहुत सीमित होता है। जनता में क्षणिक उत्तेजना नहीं होती जबकि भीड़ क्षणिक उत्तेजना से ही परिचालित होती है। भीड़ जुटाने पर बहुत धन खर्च किया जाने लगा है। सुनने में तो यहां तक आया है कि भोजन के साथ ही पांच-पांच सौ रुपया देकर दिहाड़ी मजदूरों को भेड़ों की तरह हांक कर लाया जाता है। हांकने वालों का पेमेंट अलग से होता है। भीड़ में विवेक नहीं होता। किसी ने पीछे से कह दिया कि पुल का पिलर गिर रहा है,भागो और भगदड़ मच गई,दस आदमी कुचल गए। किसी ने कह दिया कि यह बच्चा चोर है,लोग उसे मारने लगे।

पिछले बरसों में भीड़तंत्र के ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं। भीड़ का कोई आकार-प्रकार और मूड निश्चित तो होता नहीं। विवेक ही नहीं, तो कोई विध्वंसक नारा दिया जा सकता है और कितना ही बड़ा विध्वंस कराया जा सकता है। विवेक ही नहीं है,तब कारण-परिणाम के सोचने समझने का सवाल ही नहीं उठता। भीड़ क्या है? यूथ। बड़ा झुंड। यूथ जानवरों के भी होते हैं। जानवरों के यूथ में भी भय और क्रोध का संचार बिजली की तरह होता है। मनोविज्ञान वाले इसे मिलनसार वृत्ति कहते हैं।

भीड़ को हम न तो समाज कह सकते हैं, न जनता कह सकते हैं और न लोक ही कह सकते हैं। भीड़ के लक्षण हैं,असहनशीलता का विस्फोट होना,उत्तरदायित्व का अभाव,सब कुछ कर सकने का नशा और अपने किसी आदमी की बात पर विश्वास। जन-समूह की मानसिकता में छिपी हुई अशांति,असंतोष, अव्यवस्था और अस्थिरता का नाम भीड़ है। इन भावनाओं को कोई सुलगा देता है,भाव का विस्फोट कर देता है और फिर उस बवंडर में छिप जाता है। भीड़ में सभी पहचान गुम हो जाती हैं,भीड़ में व्यक्तिचेतना सम्मोहित हो जाती है। इसलिए उत्तरदायित्व की बुद्धि भी समाप्त हो जाती है। इस स्थिति में कोई कुछ भी सही गलत कर सकता है,क्योंकि वह समझता है कि उसे कोई पकड़ नहीं पाएगा,पहचान ही नहीं पाएगा।

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता,तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी,अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए,उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं। भीड़-मत को उभारना पशुता को उभारने जैसा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लोकतंत्र को भीड़तंत्र में परिवर्तित करना आज की बात नहीं है,इसको कई दशक हो चुके हैं, हां,अब वह खतरे के निशान के आस-पास पहुंच चुका है।

## सोशल फोरम

# जनसंख्या को दक्ष नहीं बनाया



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारे देश में मानव श्रम बहुत है। जापान मानव श्रम से ही विकसित राष्ट्र बन,मानव को संसाधन बनाने से बना। आपदाओं से भरा देश,जहां कृषि कभी फायदे का धंधा नहीं रही, जहां कृषि उत्पाद आयात किए जाते है,वहां मानव ही पूंजी है,मानव ही संसाधन है। बच्चा पैदा करने पर खूब पैसा मिलता है। हम रोना रोते हैं कि हमारे पास जनसंख्या बहुत है,पर इसका प्रमुख कारण है कि हमने अपनी जनसंख्या को संसाधन बनाया ही नहीं,उन्हें दक्ष बनाया ही नहीं। कभी आईआईटी संस्थाएं बनी थी तो दुनिया में उनसे निकले स्नातकों की धाक थी,पर उनके लिए हम काम नहीं दे पाए। रिसर्च पर खर्च बहुत कम था। आज का युवा मारा-मारा फिर रहा है, कोई पूछने वाला नहीं है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी है कि डिग्री और व्यावसायिक ज्ञान का कोई संबंध नहीं है। डिग्री ऐसी कि ग्रेजुएट हो गए हैं,पर दो लाइनें भी लिख नहीं सकते। आज शिक्षा संस्थाओं से क्वालिटी पैदा ही नहीं हो रही। डिग्री वाला संख्या बल टहल रहा है। पढ़ने वाला भी सुस्त,पढ़ाने वाला भी सुस्त। युवा हैं,डिग्री है, मोबाइल है,खाना खिलाने की मां बाप की जिम्मेदारी है,चप्पलें घिसने के लिए सड़क हैं। बेरोजगार युवाओं को कोई चिंता नहीं। यही हमारे भारतीय समाज का वास्तविक चेहरा है। जापान में सड़कों पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं दिखती हैं। लगता है वे शत प्रतिशत संसाधन बनी हुई हैं। जबकि हमारी आधी आबादी का मात्र 10-15 प्रतिशत ही संसाधन के रूप में काम कर रहा है। कल हरीशंकर परसाई जी को पढ़ रहा था। उन्होंने लिखा है-विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है। लड़की के बिछुड़ने के कारण नहीं,उसके बाप की हालत देखकर लगता है,इस कौम की आधी ताकत लड़कियों की शादी करने में जा रही है। पाव ताकत छिपाने में जा रही है-शराब पीकर छिपाने में,प्रेम करके छिपाने में,घूस लेकर छिपाने में,बची हुई पाव ताकत से देश का निर्माण हो रहा है तो जितना हो रहा है,बहुत हो रहा है। आखिर एक चौथाई ताकत से कितना होगा?

-फेसबुक वॉल से

# मौसम का बदलता मिजाज और उत्तर भारत में लू



डॉ.पवन कुमार सिंह
सहायक प्रोफेसर, बरेली।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है।

"मौसम की तरह तुम बदल तो नहीं जाओगे!" भारतीय जनमानस में गूंजती यह संगीत की धुन आज कितना यथार्थ परिलक्षित हो रही है। आजकल मौसम का मिजाज बहुत तीव्र गति से बदल रहा है। जैसे आम में असमय बौर का लगना,विश्व का सबसे खतरनाक मच्छरों का अचानक जनसंख्या विस्फोट आदि-आदि। वैसे परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है,परंतु असमय परिवर्तन प्रकृति की असंतुलित अवस्था का परिणाम है। मार्च महीने से ही भीषण लू का चलना प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत में गर्मी के दिनों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली गर्म,धूल भरी,उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहा जाता है,परंतु अभी मार्च महीने में ही इसका चलना हमारे लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से ही बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर लोगों को सचेत करना पड़ रहा है। ताकि लोग जागरूक रहें और जानमाल की कोई अधिक क्षति न हो।

लू क्या है? क्यों चलती है? शायद सर्वविदित है। परंतु लू का स्वरूप भीषण एवं विकराल क्यों हो रहा है? एक ज्वलंत प्रश्न है। इसका जिम्मेदार कौन है? शायद इंसान स्वयं है। मानवीय क्रियाकलापों एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन का परिणाम ही है कि वातावरण में तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही वायुमंडल का तापमान बढ़ता जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब विश्व के बड़े-बड़े ग्लेशियरों का पिघलना तीव्र गति से प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में समुद्र के किनारे बसे देश समुद्र में डूब जाएंगे। अर्थात् मानव अस्तित्व के विलुप्त होने का खतरा बढ़ रहा है। वाह रे मानव!! अपने सर्वश्रेष्ठ होने के बौद्धिक खिताब पाने के मद में भूल गया है कि प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी सिद्ध होता है। सृष्टि एवं प्राकृतिक संसाधन स्वयं मानव के भोग के लिए ही सृजित है जिसका संतुलित भोग एवं उपयोग ही मानव की पीढ़ी दर पीढ़ी खुशहाल जिंदगी के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगी। मानव प्रकृति का हिस्सा है प्रकृति का भोग मानव को आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। आज मानव द्वारा हद से ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन मानव सृष्टि को ही खतरे में डाल रही है।

आज वैश्विक राष्ट्राध्यक्षों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु विभिन्न सम्मेलनों में भाग तो लिया जाता है,परंतु जिस वातानुकूलित साधनों का प्रयोग वह करते हैं,यही ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण भी सिद्ध हो रहा है। मानव मन सुख की अनंत कामना की चाह लिए विकास की जिस अंधी दौड़ लगा रहा है, निस्संदेह भावी पीढ़ी को अपंग एवं असहाय बना देगा। मानव जीवन खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,जरूरी है प्रकृति सदृश आचरण करें। मानव सृष्टि की कार्य कुशलता मानवीय कार्य व्यापार पर आधारित होता है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत सत्यमेव जयते,वसुधैव कुटुंबकम्,सर्वे भवंतु सुखिन:,अहिंसा परमो धर्म:,अधर्म का नाश,धर्म की स्थापना आदि आदि सूत्र वाक्यों से अलंकृत एवं विभूषित है,परंतु फिर भी मानव प्रकृति के प्रति उदासीन दिखता है। आज लू जैसी कई समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। मानव का पुनीत कर्तव्य है कि जीवन को "जियो और जीने दो" की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए प्रकृति का संरक्षण करे और सृष्टि संतुलन की अनमोल विचारधारा को आत्मसात कर प्राकृतिक नियमों का पालन करे।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है। आज जरूरत है एक कठोर एवं सार्वजनिक कदम उठाने की। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को प्रमुखता से विश्व समुदाय के समक्ष उठाना चाहिए और कठोर से कठोर नीति बनाने की सर्व सम्मति होनी चाहिए। अभी दिल्ली का हाल देखकर आंखे खुली की खुली रह गई। मानव प्रजाति को बचाना है तो मानव को संयम से काम लेना होगा। आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को कम करें। प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। प्रकृति इंसानों का अपना घर है। अत: पर्यावरण सुरक्षित रखें तभी हम सभी खुशहाल एवं सुरक्षित हो सकेंगे।

# शिव भी नि:शक्त हैं जिनके बिना



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवो के भी देव महादेव यानी शंकर जी भी जिस शक्ति से अनुप्राणित होते हैं और जिसके बिने स्पंदनहीन होते हैं,वह परम शक्ति भगवती दुर्गा हैं,जो सबसे ऊपर हैं। 'सौंदर्य लहरी' के प्रथम श्लोक में ही आदि शंकराचार्य भी ऐसा ही कहते हैं,"शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्। न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि'। यही नहीं उनके अति घोर काली रूप की उग्रता शांत करने के लिए तो भगवान शिव को उनके पैरों के नीचे आना पड़ा था। धोखे से पति पर पड़े पैर से काली मां एकदम ठिठक गईं, दांतों तले जीभ दबा ली,उग्रता शांत हो गई और तब देवताओं और दुनिया ने चैन की सांस ली,अन्यथा वे असुरों पर हुए क्रोध के कारण प्रलयकारी रूप में आ गई थीं।

भगवान विष्णु से भी वार्ता करते हुए, देवी भागवत में जब नारद ने उन्हें त्रैलैक्य में सर्वोपरि बताया,तो वे बोले 'नहीं नारद! मैं सबसे बड़ा नहीं हूं। मैं तो उन आदि शक्ति देवी के अधीन कार्य करता हूं,जो भुवनेश्वरी हैं और त्रिभुवन संचालन करती हैं। राम जब रावण से युद्ध हेतु तत्पर हुए तो नारद ने उन्हें शारदीय नवरात्र व्रत रखने और देवी पूजने की सलाह दी। राम ने वैसा ही किया और नौमी तक व्रत रखकर दशमी को विजय प्रयाण किया तथा अंततः उन्हें सफलता हासिल हुई। उन मां के नाना रूप,भेद,वर्गीकरण और ध्यान मुद्राएं हैं जिनका सम्यक वर्णन करने की सामर्थ्य शेष और शारदा में भी नहीं है। फिर भी वे चिद्रूपिणी महासरस्वती,सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनंद रूपिणी महाकाली रूपा हैं जिनके सिद्ध बीज मंत्र क्रमशः "ऐं ह्रीं क्लीं" हैं। वे आठ मातृकाओं के रूप में भी जानी जाती हैं।वे हैं,ब्राह्मी,वैष्णवी,माहेश्वरी,ऐन्द्री, कौमारी,वाराही,चामुंडा और नारसिंही।

माता के नौ रूप वाला वर्गीकरण ज्यादा लोक प्रचलित है और नवरात्र इन्हीं में से हर एक रूप के पूजन हेतु रखा जाता है। ये श्रीविग्रह हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री। इनके अतिरिक्त वे दस महाविद्याओं के रूप में भी अर्चनीया हैं। इनका तंत्र में भी बड़ा महत्व है तथा हिन्दू धर्म के दशावतारों से भी जोड़कर देखी जाती हैं। ये हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वर, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। शुंभ दैत्य ने युद्धकाल में जब देवी के अनेक रूपों पर आपत्ति उठाई,तब वे बोलीं 'एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्टमय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः।। यानी अरे दुष्ट! मैं सृष्टि में अकेली ही हूं,मेरे समान भला कौन है? देख! ये सब मेरी ही विभूतियां हैं और मुझ में प्रविष्ट हो रही हैं"। फिर सभी विग्रह उन अंबिका में प्रवेश कर गए। उन अनेक रूपा एक की महिमा अपरंपार है।

# बदली अयोध्या तो बदल गया सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित

## मंदिर आंदोलन के विरोध ने बढ़ाई सपा की ताकत, अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग ने दिखाई बसपा को नई राह


राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अयोध्या बदलने लगी तो सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित भी बदल गया। लगभग डेढ़ दशक से दोनों दलों के वोटों में गिरावट लगातार जारी है। इस चुनाव में क्या होगा यह तो समय बताएगा लेकिन दोनों दलों के प्रदर्शन पर सबकी निगाहें है।

उत्तर प्रदेश में दोनों दलों को ऊर्जा अयोध्या से मिली। समाजवादी पार्टी का जन्म ही अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से हुआ। विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद 1992 में सपा का गठन हुआ। जैसे-जैसे विरोध के स्वर तेज हुए अल्पसंख्यकों का साथ बढ़ता गया। जातीय सियासत और आंदोलन के विरोध ने सपा को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता से देश में 36 सीटें जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। सीटों की दृष्टि से सपा लोकसभा चुनाव 2004 में अपने शीर्ष पर रही, जब उसने महज 4.32 फीसदी वोट के साथ 36 सीटें जीती।

बसपा की स्थापना तो 14 अप्रैल 1984 में ही हो गई थी, लेकिन अयोध्या (अविभाजित फैजाबाद) में नब्बे के दशक से शुरू हुई बसपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उसे भी प्रदेश की सत्ता शीर्ष तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता में तो वह बाद में आई लेकिन अपनी ताकत का अहसास कराना 2004 से ही शुरू करा दिया था। सन् 2004 के लोकसभा चुनाव में 5.33 फीसदी वोट के साथ बसपा ने 19 सीटें जीती। यह दौर बसपा और सपा का था। सन् 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। सन् 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 21 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। बसपा को इस चुनाव अब तक के सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश की सत्ता के साथ ही बसपा की ताकत घटने का दौर भी शुरू हो गया।





सन् 2009 के चुनाव में सपा अपना सन् 2004 के लोक सभा चुनाव का पुराना प्रदर्शन तो नहीं दोहरा पाई लेकिन लगभग 5.8 फीसदी वोटों के साथ उसने 22 सीटें जीती। 2012 का विधानसभा चुनाव आते-आते सपा की ताकत चरम पर पहुंच गई। सपा ने बसपा से सूबे की सत्ता छीन ली और यूपी की सत्ता पर काबिज हो गई। वोटों के लिहाज से इक्कीसवीं शताब्दी के पहले 12 साल प्रदेश में इन्ही दोनों दलों को सिक्का चला। कभी साथ चले तो कभी एक-दूसरे को पटकनी देने के लिए चरम के वाकयुद्ध तक पहुंच गए। इस दौर में वोटों का ध्रुवीकरण कुछ इस तरह हुआ कि यूपी में सत्ता संघर्ष के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर आमने-सामने रहीं। सन् 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली सपा और 2009 में अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा के शताब्दी के दूसरे दशक से फिर उसे दोहराने का प्रयास ही करती रह गई। इनके वोटों में गिरावट का दौर थमा नहीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा अपने 4.2 फीसदी वोट को सीट में नहीं तब्दील कर पाई लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 3.66 फीसदी वोट को ही उसने 10 सीटों में तब्दील किया, लेकिन सपा उछाल नहीं भर पाई। वह इन दोनों चुनावों में 3.44 फीसदी और 2.55 फीसदी वोट पाने के बावजूद पांच ही सीटों पर स्थिर रह गई।

इसके पीछे कारण राम मंदिर आंदोलन, ध्रुवीकरण और जातीय सियासत ही रही। सन् 2014 का लोकसभा चुनाव आते आते सियासी परिदृश्य बदलने लगा। सियासत की अंतरधारा में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की बजाए अंदरखाने में मोदी के नेतृव में मंदिर निर्माण शुरू कराने की ऐतबार जागृत करने का प्रयास शुरू हो गया। भाजपा ने इसके जरिए सूबे में बसपा की सोशल इंजीनियरिंग की धार कुंद करनी शुरू कर दी। जातीय समीकरण छिन्न-भिन्न होने लगा। सपा का आंदोलन विरोध धीमा पड़ने लगा। सत्ता के दौरान कानून व्यवस्था मुद्दा बनने लगा तो उसके वोट भी तितर-बितर हो गए। परिणाम रहा कि सन् 2014 में भाजपा के सामने दोनों दल टिक नहीं पाए। सन् 2019 का लोक सभा चुनाव आते-आते फिर एक बार राम मंदिर पर लगातार सुनवाई और फैसले की सुगबुगाहट ने सियासी माहौल को बदले रखा। मशक्कत के बाद भी सपा-बसपा भाजपा की बढ़त को रोक नहीं पाए।

**सपा-बसपा को लोकसभा चुनावों में मिले वोटों का प्रतिशत**

| साल | बसपा | सपा |
|---|---|---|
| 1996 | 4.02 | 3.28 |
| 1998 | 4.67 | 4.93 |
| 1999 | 4.16 | 3.8 |
| 2004 | 5.33 | 4.32 |
| 2009 | 6.17 | 5.8 |
| 2014 | 4.19 | 3.4 |
| 2019 | 3.66 | 2.55 |

# मिलता-जुलता चुनाव चिन्ह बदला जाये : रालोद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट बिजनौर में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में वितरित किये जा रहें बैलेट पेपर की डमी पर रालोद ने ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज कराई है। रालोद ने निर्वाचन आयोग से चुनाव चिन्ह हैंडपंप के ऊपर मिलता जुलता गैस सिलेंडर में पाइप चुनाव निशान का क्रम या चुनाव चिन्ह बदलने की मांग की गई है ।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष मतदान कराने सम्बन्धित ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा है कि सर्वे हेतु बैलेट पेपर द्वारा जनमत भारत में अंकित हैंडपंप चुनाव चिन्ह के ऊपर जय समता पार्टी के चुनाव निशान गैस सिलेंडर, ठीक हैण्डपम्प से मिलता जुलता छापा गया है। उक्त सिलेंडर में पाइप निकाला गया है जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लोकसभा बिजनौर के बैलेट पेपर की क्रम संख्या-तीन के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर का क्रम बदलने व चुनाव चिन्ह सिलेंडर से पाइप हटाने के आदेश दिये जाने की मांग की है।

**मांग**

- लोकसभा सीट बिजनौर में गैस सिलेंडर में निकले पाइप को लेकर आयोग को रालोद ने सौंपा ज्ञापन

# नारी शक्ति का 'वंदन' नहीं दिख रहा चुनाव में

## पहले व दूसरे चरण के चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या कम, ज्यादातर दलों ने दी पुरुष प्रत्याशियों को तरजीह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव 2024 में राजनीतिक दलों ने महिला प्रत्याशियों को टिकट देने में ज्यादा रूचि नहीं दिखाई है। पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों पर उतारे गये प्रत्याशियों में महिला प्रत्याशियों की संख्या केवल चार है। ज्यादातर सीटों पर दलों ने जातीय व क्षेत्रीय आधार पर प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं।

केंद्र सरकार ने बीते साल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पेश किया था, जिसे राष्ट्रपति से मंजूरी मिल चुकी है, पर तकनीकी वजहों से फिलहाल अभी यह लागू नहीं हो पाया है, पर महिलाओं में यह उम्मीद थी कि इस चुनाव में सभी राजनीतिक दल महिलाओं को प्रत्याशी बनाने में रूचि दिखाएंगे, पर किसी दल से ऐसा नहीं किया। ज्यादातर सीटों पर पुरूष प्रत्याशी लोकसभा में जाने के लिए अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।

### पहले चरण की सीटें

रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना



**रामपुर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– घनश्याम सिंह लोधी
सपा– मोहिबुल्लाह नदवी
बसपा– जीशान खां

**सहारनपुर सीट के प्रत्याशी**
बसपा– माजिद अली
कांग्रेस–इमरान मसूद
भाजपा–राघव लखन लाल शर्मा

**पीलीभीत सीट के प्रत्याशी**
भाजपा–जितिन प्रसाद
सपा–भगवत शरण गंगवार

**मुरादाबाद सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– सर्वेश सिंह
सपा– रूचि वीरा
बसपा– इरफान सैफी

**नगीना सीट के प्रत्याशी**
बसपा– सुरेंद्र पाल सिंह
भाजपा– ओम कुमार
सपा– मनोज कुमार

**बिजनौर सीट के प्रत्याशी**
राष्ट्रीय लोकदल– चंदन चौहान
सपा–दीपक
बसपा–विजेंद्र सिंह

बसपा अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू

**मुजफ्फरनगर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– संजीव बालियान
सपा– हरेंद्र मलिक
बसपा– दारा सिंह प्रजापति

**कैराना सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– प्रदीप कुमार
सपा– इकरा हसन
बसपा– श्रीपाल सिंह

### दूसरे चरण की सीटें

अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा

**अमरोहा सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– कंवर सिंह तंवर
कांग्रेस– कुंवर दानिश अली
बसपा– मुजाहिद हुसैन

**मेरठ सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– अरूण गोविल
बसपा– देवव्रत कुमार त्यागी,
समाजवादी पार्टी– अतुल प्रधान

**बागपत सीट के प्रत्याशी**
सपा– मनोज चौधरी
बसपा– प्रवीण बंसल
रालोद– राजकुमार सांगवान


**गाजियाबाद सीट के प्रत्याशी**
बसपा– नन्द किशोर पुण्डीर
भाजपा– अतुल गर्ग
कांग्रेस– डाली शर्मा

**गौतमबुद्धनगर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– डॉ महेश शर्मा
सपा– महेंद्र सिंह नागर
बसपा– राजेंद्र सिंह सोलंकी

**बुलन्दशहर (अजा) सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– डॉ भोला सिंह,
बसपा– गिरीश चन्द्र
कांग्रेस– शिवराम वाल्मीकि


**अलीगढ़ सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– सतीश कुमार गौतम
सपा– बिजेन्द्र सिंह
बसपा– हितेन्द्र कुमार

**मथुरा सीट के प्रत्याशी**
भाजपा– हेमा मालिनी
कांग्रेस– मुकेश धनगर
बसपा– सुरेश सिंह




# आईना : बाराबंकी लोकसभा सीट

**2019 चुनाव का लेखा जोखा**




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| उपेन्द्र सिंह रावत | 5,35,917 |
| राम सागर रावत | 4,25,777 |
| तनुज पुनिया | 1,59,575 |

**2014 में किसको कितने वोट**




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रियंका सिंह रावत | 4,54,214 |
| कांग्रेस | पन्ना लाल पुनिया | 2,42,336 |
| बसपा | कमला प्रसाद रावत | 1,67,150 |
| सपा | राज रानी रावत | 1,59,284 |

**निर्वाचित सांसदों की सूची**


| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | गंगा देवी | कांग्रेस |
| 1957 | राम सेवक यादव | निर्दल |
| 1962 | राम सेवक यादव | एसओसी |
| 1967 | आर एस यादव | एसएसपी |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | राम किंकर | बीएलडी |
| 1980 | राम किंकर | आईएनपी( एस) |
| 1984 | कमला प्रसाद | कांग्रेस |
| 1989 | राम सागर | जेडी |
| 1991 | राम सागर | जेपी |
| 1996 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बैजनाथ रावत | भाजपा |
| 1999 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | कमला प्रसाद | बीएसपी |
| 2009 | डॉ .पीएल पुनिया | कांग्रेस |

बाराबंकी के क्षेत्र




| | | |
|---|---|---|
| 2014 | प्रियंका सिंह | भाजपा |
| 2019 | उपेंद्र सिंह रावत | भाजपा |

**2009 चुनाव के आंकड़े**




# 17 लोकसभा चुनाव, 7 बार 50 फीसदी से कम वोटर पहुंचे बूथ

- 2019 में बना कीर्तिमान, 1951 में सबसे कम हुआ मतदान
- स्थानीय प्रशासन ने 70 फीसदी से ज्यादा मतदान का बनाया लक्ष्य

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाराबंकी के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव पर ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं 2019 में यहां के वोटरों ने अब तक के सबसे ज्यादा मतदान कर कीर्तिमान स्थापित किया।

इस बार भी प्रशासन 2019 का रिकार्ड तोड़ने के लिए भरपूर प्रयास में लगा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इस बार 70 फीसदी से ज्यादा मतदान कराने का लक्ष्य बनाया है। वर्ष 1951 के चुनाव में मात्र 34.10 प्रतिशत ही मतदाता बूथ पर पहुंचे थे। लेकिन दूसरे लोकसभा चुनाव में वर्ष 1957 में जरुर मतदान प्रतिशत बढ़ा और 44.91 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

1967 में वोटरों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। और 53.97 प्रतिशत मतदान कर अपने सांसद का चुनाव किया। वही अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में सात बार जिले के 50 प्रतिशत से कम लोग बूथ तक मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। वहीं सबसे अधिक मतदान वर्ष 2019 में हुआ था। इस चुनाव में 63.5 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों पर पहुंच कर मतदान किया था। जो कि अब तक का कीर्तिमान बना हुआ है।

> मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 20 मई को घर से निकल अपने बूथ पर जाकर पहले मतदान करें इसके बाद कोई दूसरा काम करें।
>
> –सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत**

| चुनाव वर्ष | प्रतिशत | चुनाव वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1951 | 34.10 | 1989 | 52.59 |
| 1957 | 44.91 | 1991 | 51.19 |
| 1962 | 53.97 | 1996 | 46.23 |
| 1967 | 46.79 | 1998 | 52.59 |
| 1971 | 35.38 | 1999 | 57.93 |
| 1977 | 50.72 | 2004 | 44.47 |
| 1980 | 47.59 | 2009 | 52.30 |
| 1984 | 55.93 | 2014 | 62.00 |
| | | 2019 | 63.05 |

# सुलतानपुर में पंत व कैप्टन के पंजे से फिसल गई थी जीत

## स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे पर दोनों नेताओं को मिली थी शिकस्त, गनपत सहाय ने निर्दलीय के रूप में लहराया जीत का परचम


मनोज कुमार मिश्र

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** सुलतानपुर के मतदाताओं ने कई चुनावों में बेहद रोचक नतीजे दिए हैं। स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे ने जहां गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्णचन्द्र पंत को धूल चटा दी। वहीं कैप्टन सतीश शर्मा को भी शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

कृष्णचन्द्र पंत को जिले के मशहूर अधिवक्ता गनपत सहाय ने हरा दिया। कैप्टन सतीश शर्मा को मो. ताहिर खान से मुंह की खानी पड़ी। कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। बाहरी और स्थानीय उम्मीदवार की लड़ाई का सबसे दिलचस्प नजारा इस सीट पर 1961 के उपचुनाव में देखने को मिला था। उस उपचुनाव की चर्चा से पहले इस सीट की सियासी पृष्ठभूमि देखना होगा। अमेठी नाम से संसदीय सीट के सृजन से पहले सुलतानपुर जिले में दो संसदीय सीटें थीं। 1951-52 के पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट का नाम था सुलतानपुर जिला उत्तर साथ फैजाबाद जिला दक्षिण पश्चिम। अमेठी सीट पहले चुनाव में सुलतानपुर (दक्षिण) और 1957 के दूसरे चुनाव में मुसाफिरखाना संसदीय क्षेत्र कहलाई।



कृष्णचन्द्र पंत



कैप्टन सतीश शर्मा

कांग्रेस ने दोनों ही चुनावों में दोनों ही सीटों पर बाहरी उम्मीदवार दिए और वे जीते। पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट पर इलाहाबाद के एडवोकेट एमए काजमी कामयाब रहे। उन्हें 46,901 और सुरेंद्र प्रताप शाही (आरआरपी) को 27,324 वोट मिले थे।

1957 में इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार थे पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र गोविंद मालवीय। उनके विरुद्ध भारतीय जनसंघ के भास्कर प्रताप शाही चुनाव लड़ें थे। सफल मालवीय को 72,227 और निकटतम प्रतिद्वंद्वी शाही को 49,394 मत प्राप्त हुए। इन दोनों मौकों पर अमेठी सीट (पहले सुलतानपुर दक्षिण और फिर मुसाफिरखाना) में कांग्रेस ने महाराष्ट्रवासी बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर को उम्मीदवार बनाया था। केसकर दोनों बार जीते और पंडित नेहरू कैबिनेट में भी शामिल किए गए और लम्बे समय तक सूचना प्रसारण मंत्री रहे। जिले की दोनों सीटों पर बाहरी प्रत्याशी थोपे जाने से खासतौर पर कांग्रेसी खेमे में असंतोष था। पंडित गोविंद मालवीय के असामयिक निधन के कारण 1961 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने फिर परंपरा दोहराई। इस बार उसकी ओर से उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बाद में केंद्र में गृहमंत्री रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्ण चंद्र पंत को उम्मीदवार बनाया गया। जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और मशहूर एडवोकेट बाबू गनपत सहाय विद्रोही निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे। वह सुलतानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष व विधायक रह चुके थे। अधिवक्ता भी थे और उनकी जनता में खासी पकड़ थी। यह पंडित नेहरू और कांग्रेस के वर्चस्व का दौर था, लेकिन कड़े मुकाबले में बाबू गनपत सहाय ने जीत दर्ज करके प्रदेश और केंद्र में हलचल मचा दी थी। इस उपचुनाव में बाबू गनपत सहाय को 37,785 और पंत को 36,656 वोट मिले थे। इस नतीजे का असर यह रहा कि 1962 के चुनाव और बाद के कुछ चुनावों में जिले की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवारों से परहेज किया। हालांकि, कुछ समय के बाद फिर से चुनावी सियासत उसी पुराने ढर्रे पर लौट गई। अब बात करते हैं नेहरू गांधी परिवार के खासमखास कैप्टन सतीश शर्मा की।

कांग्रेस ने 2004 में कैप्टन साहब को सुलतानपुर सीट पर उतारा। बड़े-बड़े दिग्गज यहां प्रचार को आए। कैप्टन की बेटी सारिका शर्मा से लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी कार्यकर्ताओं में दम भरा। खूब खर्चे भी हुए। पर, नतीजा आया तो कांग्रेसी खेमे में मायूसी छा गई। इस चुनाव में कैप्टन सतीश शर्मा तीसरे नंबर पर रहे। बसपा से चुनाव मैदान में उतरे स्थानीय चेहरे मो. ताहिर खां के सिर पर जीत का सेहरा सजा। मो. ताहिर 2,61,564 वोट पाकर सांसद बन गए। दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,59,754 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा को 1,54,245 मत ही प्राप्त हो सके।

**सन– 1961 (उपचुनाव)**

| | | |
|---|---|---|
| बाबू गनपत सहाय | निर्दलीय | 37,785 |
| कृष्णचंद्र पंत | कांग्रेस | 36,656 |

**वर्ष : 2004**

| | | |
|---|---|---|
| मो . ताहिर | बसपा | 2,61,564 |
| शैलेंद्र प्रताप सिंह | सपा | 1,59,754 |
| कैप्टन सतीश शर्मा | कांग्रेस | 1,54,245 |
| वीणा पांडेय | भाजपा | 91328 |

## चुनावी गतिविधियां

- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट व पेपर वास्तविक यूनिट व पेपर से अलग होने चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो अधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। उन्होंने बताया कि डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है।

## एक नजर

### अभियान में अब तक 22 करोड़ की नगदी बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा बीते 1 मार्च से 8 अप्रैल तक कुल 13296 .42 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किए गए। इसमें 2211 .16 लाख रुपये नकद धनराशि, 3148 .71 लाख रुपये कीमत की 930045 .32 लीटर शराब, 4996 .70 लाख रुपये कीमत की 8126299 .13 ग्राम ड्रग, 1806 .08 लाख रुपये कीमत की 52778 .86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 1133 .78 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। एजेंसियों द्वारा 8 अप्रैल को कुल 218 .58 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 30 .79 लाख रुपये नकद धनराशि 100 .91 लाख रुपये कीमत की 27527 .68 लीटर शराब, 85 .98 लाख रुपये की 268991 .51 ग्राम ड्रग एवं 0 .90 लाख कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

# एक वर्ष में प्रतापगढ़ में बढ़े सबसे अधिक पेंशनर्स

## बुजुर्गों की संख्या बढ़ने के मामले में आजमगढ़ दूसरे व गोरखपुर तीसरे स्थान पर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों में प्रतापगढ़ जिला सबसे आगे है। प्रतापगढ़ जिले में एक वर्ष के भीतर 33,798 पेंशनर्स बढ़ गये। जबकि आजमगढ़ दूसरे और गोरखपुर तीसरे स्थान पर रहा।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। बुजुर्गों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन का भुगतान किया जाता है। प्रत्येक तिमाही में पेंशन की राशि बुजुर्गों के खाते में भेजी जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की जब शुरुआत हुई थी तो तिमाही पेंशन का भुगतान जून 2023 में किया गया था। उस समय प्रदेश में बुजुर्गों की संख्या 4655818 थी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अंतिम तिमाही का भुगतान जब मार्च 2024 में बुजुर्गों को किया गया तो इनकी संख्या बढ़कर 5568590 हो गई। एक वर्ष के भीतर प्रदेश में 9,12,772 पेंशनर्स बढ़ गए।



“विभाग की ओर से चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। विभाग की मंशा है कि योजनाओं के लाभ से कोई जरूरतमंद वंचित न हो।

–**कुमार प्रशांत,** निदेशक, समाज कल्याण विभाग

| जिला | जून 2023 में संख्या | मार्च 2024 में संख्या | बढ़े पेंशनर्स |
|---|---|---|---|
| प्रतापगढ़ | 111,290 | 145,088 | 33,798 |
| आजमगढ़ | 142,459 | 172,464 | 30,005 |
| गोरखपुर | 128,423 | 157,073 | 28,650 |
| हरदोई | 102,526 | 125,678 | 23,152 |
| जौनपुर | 156,827 | 177,855 | 21028 |
| बलिया | 104,278 | 125,049 | 20,771 |
| वाराणसी | 83,603 | 102,801 | 19,198 |
| बरेली | 67,358 | 78469 | 11,111 |
| अयोध्या | 77,343 | 91,030 | 13,687 |
| मुरादाबाद | 37,682 | 47,525 | 9,843 |
| रामपुर | 39,336 | 46,666 | 7,330 |
| शाहजहांपुर | 81,622 | 89,390 | 7,768 |
| कानपुर नगर | 60,803 | 78,234 | 17,431 |
| कानपुर देहात | 66,479 | 74,613 | 8,134 |



आकाशवाणी व दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों के चुनावी प्रसारण के संबंध में बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

# आकाशवाणी व दूरदर्शन पर चुनावी प्रसारण के लिए स्लॉट आवंटित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आकाशवाणी व दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के चुनाव प्रसारण के लिए मंगलवार को लॉटरी पद्धति से स्लॉट आवंटित किये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में हुई स्लाट आवंटन की प्रक्रिया पूरी हुई।

प्रदेश में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों व राज्यीय दलों को आवंटित समय में रिकार्डिंग व प्रसारण तिथि का निर्धारण लॉटरी पद्धति से करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें आकाशवाणी व दूरदर्शन के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई।

निकाली गई लाटरी के अनुसार दूरदर्शन में प्रसारण के लिए सपा को कुल 53 मिनट, अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 30 मिनट व बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है। इसी प्रकार आकाशवाणी में प्रसारण के लिए अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, सपा को कुल 53 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 25 मिनट व बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है।

## हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पारित किया महत्वपूर्ण आदेश

# आचार संहिता के बाद पूर्व से जारी तबादला आदेश निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा है कि आचार संहिता के लागू होने के बाद पूर्व से जारी स्थानांतरण आदेश को भी क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि ऐसे स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन के लिए चुनाव आयोग की अनुमति आवश्यक है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने जल संस्थान, झांसी के महाप्रबंधक के स्थानांतरण आदेश को खारिज कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने महाप्रबंधक मनोज कुमार आर्या की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि 28 नवंबर 2023 को ही उसका तबादला झांसी से लखनऊ नगर निगम के वाटर वर्क्स डिपार्टमेंट में किया गया था। कहा गया कि 16 मार्च 2024 को अपरान्ह तीन बजे आम चुनावों की घोषणा के साथ देश में आचार संहिता लागू हो गई, उसी दिन याची का स्थानांतरण आदेश पारित करते हुए, अपरान्ह में ही उसे रिलीव कर दिया गया तथा रिलीव ऑर्डर रात को साढ़े आठ बजे उसे प्राप्त कराया गया। याची की ओर से आचार संहिता लागू होने के आधार पर स्थानांतरण व रिलीव आदेश को चुनौती दी गई। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने से पूर्व याची का स्थानांतरण व रिलीव आदेश जारी कर दिया गया था।

▶▶ **कहा, जल संस्थान झांसी के महाप्रबंधक के स्थानांतरण आदेश को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता**

न्यायालय ने कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के प्रावधानों के मुताबिक, अधिसूचना जारी होने के पूर्व में पारित स्थानांतरण आदेश को भी चुनाव आयोग की अनुमति से ही क्रियान्वित किया जा सकता है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने स्थानांतरण व रिलीव आदेश दोनों को निरस्त कर दिया है।

### सार्वजनिक होगी वाराणसी रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना के पुनरीक्षित प्रारूप को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भेजते हुए इसे आम लोगों के लिए सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

शासन के नगर एवं आवास विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से दिए गए निर्देश में कहा गया है कि वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) प्रारूप का प्रतिवेदन को शासकीय समिति की बैठक में स्वीकृति दे दी गई है। इसके अनुपालन में प्राधिकरण बोर्ड से पुष्टि के साथ जन सामान्य के लिए महायोजना के मानचित्रों को प्राधिकरण के डिसप्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करें। गौरतलब है कि अब मुगलसराय तक होटल, काम्पलेक्स, स्ट्रीट बाजार, सड़क चौड़ीकरण कार्य में आसानी होगी।

# तीसरे चरण के लिए नामांकन 12 से

## पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इस बीच, पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों को गर्मी व लू से बचाने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्वाचन अधिकरियों को पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली सीटों पर चुनाव होना है। इस चरण में सात मई को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल-जून की भीषण गर्मी के दौरान हो रहे चुनाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों जैसे मतदाताओं के साथ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम विभाग की लू के सम्बन्ध में की गई भविष्यवाणी के दृष्टिगत मतदेय स्थलों की समय से पहचान कर लें और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।

▶▶ **मतदेय स्थलों पर मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों को लू से बचाने की तैयारी**

### शीतल जल की व्यवस्था अवश्य की जाए

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छायादार संरचनाओं जिसमें टेंट, छतरियां, कुर्सियों की व्यवस्था हों। मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखने के लिए जहां भी आवश्यक हों, पंखे आदि उपकरण भी लगाये जाएं। साथ ही, सभी मतदेय स्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन भी हो। सभी मतदेय स्थलों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाय।

### बीमारी से बचाव के लिए भी इंतजाम

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदेय स्थल के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव की समुचित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाए। लू के प्रभाव को कम करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों के साथ ही स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय भी बनाकर रखें।

### जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य



**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेता तक भाषा की मर्यादा को भूल गये हैं। विरोधी दलों और नेताओं पर झूठे आरोप लगाना उनका स्वभाव है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य रहता है। 10 साल की सरकार में भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं पर कोई काम नहीं किया। सपा प्रमुख ने यहां मंगलवार को जारी एक बयान में आगे कहा है कि भाजपा नेताओं का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा, भाजपाई सत्ता के मद में नैतिकता और अनैतिकता में भेद नहीं कर पा रहे हैं।

# सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाएंगी रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए रोडवेज सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए बसें उपलब्ध कराएगा। इसके लिए परिवहन निगम की 7 हजार से अधिक बसों को तैयार किया जा रहा है। इन बसों को चरण वार ड्यूटी में भेजा जाएगा। सुरक्षा बलों को इन मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था की ओर से परिवहन निगम को बसें उपलब्ध कराने का पत्र मिला है।

पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश एलआर कुमार की ओर भेजे गए पत्र में निगम से सात चरणों के लिए सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए 7051 बसों की मांग की है। 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए 608, 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए 657, 7 मई को तीसरे चरण के लिए 901, 13 मई को चौथे चरण के लिए 1235, 20 मई को पांचवें चरण के लिए 1249, 25 मई को छठे चरण के लिए 1265 और अंतिम चरण एक जून को होने वाले मतदान के लिए 1136 बसों की मांग की गई है।

▶▶ **पुलिस की मांग पर परिवहन निगम सात हजार से अधिक बसों को कर रहा तैयार**

### 10 प्रतिशत रहेंगी रिजर्व

पत्र में कहा गया है कि पुलिस बल के साथ जो बस एक बार रवाना होगी, वह बस अगले चरणों में भी उसी पुलिस बल के साथ मूल जनपद में वापसी तक बनी रहेगी। ब्रेक डाउन के चलते 10 प्रतिशत रिजर्व वाहनों की भी आवश्यकता होगी। प्रति बस 45 जवानों के बैठने की व्यवस्था के लिए 52 सीटर बसें उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# गेहूं की बिक्री करने वाले किसानों को विशेष सुविधाएं देने की तैयारी

## किसी भी जिले का किसान किसी और जिले में बेच सकेगा गेहूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद को लेकर न केवल किसानों को विशेष सुविधा दी जा रही है बल्कि 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लिए 6,414 क्रय केन्द्र भी संचालित हैं, जो बीते साल की तुलना में 600 अधिक हैं।

इन केन्द्रों पर अब तक 2,82,315 किसान पंजीकृत करा चुके हैं। केन्द्र पर दैनिक खरीद की कोई सीमा नहीं है। मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जा रही है। एक जिले का किसान किसी अन्य जिले में भी गेहूं विक्रय कर सकता है। 100 कुंतल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से छूट प्रदान की गई है। किसान की एक से अधिक तहसीलों में भूमि होने की स्थिति में भी एक साथ क्रय सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

▶▶ **गेहूं खरीद के लिए 6,414 क्रय केन्द्र संचालित, बीते साल की तुलना में 600 अधिक**

▶▶ **100 कुंतल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से मिलेगी छूट**

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और केंद्रीय सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को गेहूं खरीद की समीक्षा की। बैठक में प्रदेश में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने गेहूं खरीद के लिए किसानों के पंजीकरण की संख्या बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्र पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये।

मुख्य सचिव के मुताबिक, बीते सालों में क्रय केन्द्रों पर गेहूं अथवा धान विक्रय करने वाले किसानों को पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, केन्द्र प्रभारियों के मोबाइल नम्बर पर मिस्ड कॉल करके पंजीकरण, एमएसपी, विक्रय के बाद 48 घंटे में भुगतान, बटाईदारों से खरीद व क्रय केन्द्रों पर किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं आदि के बारे में जागरूक किया जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद आलोक कुमार, खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।


### वर्ग पहेली-35

**बाएं से दाएं**

1. पिटवाना, पीटने का काम दूसरे से कराना।
2. अनुज अर्थात छोटे भाई के साथ।
4. देह, काया, शरीर।
5. 1. ढीला करना, कसा या तना हुआ न रखना 2. किसी डोर या रस्सी की लंबाई बढ़ाना; तान को ढीली करना 3. बंधनमुक्त करना, छोड़ देना 4. किसी गाढ़ी चीज़ को पतला करना 5. नियंत्रण मुक्त करना, थोड़ी आज़ादी या छूट देना।
7. 1. फैलना, छा जाना, व्यापना 2. आरंभ होना
9. सुख या आनंद देने वाला, सुखद, सुखदायी।
10. 1. मुस्लिम धर्म अर्थात शरीअत के मुताबिक धर्म-अधर्म संबंधी विवादों पर न्याय करने वाला, न्यायकर्ता, मुंसिफ, विचारक 2. निकाह पढ़ाने वाला मौलवी।

**ऊपर से नीचे**

1. गेहूं या जौ आदि का आटा।
2. 1. दो वस्तुओं को आपस में मिलाना, मिश्रित करना, सम्मिलित करना 2. गूंथना 3. किसी व्यक्ति को अपराध आदि में लपेटना या सम्मिलित करना।
3. जल से पूर्ण या जलनिर्मित।
4. 1. गवाहों को बुलाने के लिए न्यायालय में जमा किया जाने वाला ख़र्च 2. मालगुज़ारी समय से न जमा किए जाने पर लगने वाला अर्थदंड।
6. चरखे में लगी हुई चमड़े की चकती जिसमें तकला या तकुआ पहनाया जाता है।
8. 1. यज्ञवेदी, यज्ञ के लिए ठीक किया गया स्थान 2. आंगन के बीच में बना चबूतरा।



### वर्ग पहेली -34 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 अं | | 2 म | ति | |
| 3 उ | प | धा | नी | | | 4 वा |
| | | धुं | | 5 सु | रा | ही |
| | 6 धुं | ध | 7 का | र | | |
| 8 से | | | 9 ला | सा | | 10 गु |
| ब | | | प | | | ड़ी |
| | 11 पि | स | न | हा | री | |

### सुडोकू-114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | | 8 | | | 9 | 7 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | | 5 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 4 | | | 2 | | | | |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 7 | 2 | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 5 | | | | 7 |

### सुडोकू -113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 |

### बंगाल ले जाया जा रहा 52 पेटी प्रतिबंधित सिरप पकड़ा


**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को 52 पेटी फेन्सेडिल कफ सिरप बरामद किया गया। यह सिरप नशे के रूप में सेवन करने के लिए पश्चिम बंगाल भेजी जा रही थी। टीम ने 20,800 शीशी कफ सिरप को बरामद करते हुए एक आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ के उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह ने बताया कि काफी दिनों से कफ सिरप एवं अन्य दवाओं को नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए बिहार, असम, पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश सप्लाई होने की सूचना मिल रही थी। मंगलवार को सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ से एक टाटा ट्रक सीरप लदकर कूचबिहार एवं पश्चिमी बंगाल के लिए निकलने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अहिमामऊ के पास चालक को गिरफ्तार कर लिया। चालक धर्मेंद्र ने बताया कि यह गाड़ी संतोष कुमार यादव की है, जोकि फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है।

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 17 .32 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 11 अप्रैल 03 .05 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष:** आज व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए बड़ा धन निवेश करने की योजना बना सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई नया कार्य शुरू न करें। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन काफी शुभ है।

**वृष:** आज किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें।

**मिथुन:** आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

**कर्क:** आज समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग आकर्षित रहेंगे। अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करें।

**सिंह:** आज लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है। आप प्रकृति के बीच एकांत समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें।

**कन्या:** आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है, किंतु वे आपकी बातों को लोग ज्यादा गंभीरता से नहीं लेंगे।

**तुला:** आज व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेन्ट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।

**वृश्चिक:** आज अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के उत्तम अवसर मिलेंगे।

**धनु:** आज घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

**मकर:** आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। ऑफिस की परिस्थितियां आपके लिए कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। अपनी कूटनीतिक योग्यता का परिचय देंगे। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं।

**मीन:** आज सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी सुबह : 10 .53
बादशाह रात : 07 .01

&pictures
सैंडविच सुबह : 10 .43
प्लेयर्स शाम : 04 .22

SONY PIX
एनाकोंडा सुबह : 09 .44
बैड बॉयज़ II रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बाम्बे टू बैंकॉक सुबह : 10 .15
दीवार रात : 07 .05

StarGold SELECT
छपाक सुबह : 10 .15
वीरे की वेडिंग रात : 09 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .43 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड – जानू, मेरे सिर में बहुत दर्द है।
ब्वॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा – अब सही हुआ?
गर्लफ्रेंड – हां, अब बिल्कुल सही हो गया।
पास में ही खड़ा एक डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए – लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर!

गोलू– एक पड़ोसी से– मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी– कितना कमा लेते हो?
गोलू– 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी– मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू– मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक-1000 फ्लैग-1110 डीएमओ-890 बोल्ड-1170
**चन्दौसी**- शिवालिक-1010 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूँदड़ा | 2275-2300 |
| आर.आर.21 | 2450-2500 |
| गेहूँफारम | 2550-2600 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 8300-8700 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूँग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700-15800 |
| अरहरस्पेशल | 13500-13600 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4950-5000 |
| मसूरमलका | 7150-7250 |
| मसूरदाल | 7250-7350 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती न01. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती न02. | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1440 |
| मैदा | 1410-1440 |
| सूजी | 1480-1500 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1380-1400 |
| लाही | 4800-5100 |
| अलसी | 4500-4600 |
| अण्डी | 4600-4700 |

# जीएसटी वृद्धि दर में महाराष्ट्र और गुजरात से आगे निकला उत्तर प्रदेश

## राजस्व में देश की उपलब्धि 11.7 तो यूपी की यूपी की वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जीएसटी वृद्धि दर में भी यूपी ने महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार यूपी की जीएसटी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि 2023-24 में देश के जीएसटी राजस्व में भारत सरकार की उपलब्धि 11.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस बार शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत, कर्नाटक में 15 प्रतिशत, तमिलनाडु में 13 प्रतिशत, गुजरात में 10 प्रतिशत, राजस्थान में 12 प्रतिशत, हरियाणा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यही नहीं नियमित वास्तविक वैट संग्रह विगत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 5.4 फीसदी अधिक हो गई है। अफसरों ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए सचल दल इकाइयों को सख्त किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.93 करोड़ आरोपित कर एवं अर्थडंड जमा कराया गया, जो विगत वर्ष संगत अवधि तक 498.61 करोड़ आरोपित जमा अर्थदंड से 21 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय अनुशासन इकाइयों द्वारा 874.50 करोड़ जमा कराया गया है। जो गत वर्ष मार्चतक कजमा राजस्व 439.90 करोड़ से 98.8 प्रतिशत अधिक है।

- सचल इकाइयों को सख्त कर 21 फीसदी अधिक अर्थदंड वसूला




### 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य, 73.6 फीसदी वसूली

2023-24 के लिए विभाग को 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 73.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित प्रदेश के सभी सकल कर राजस्व की औसत लक्ष्य पूर्ति 74.3 प्रतिशत है। राज्य कर विभाग का जीएसटी एवं वैट की सम्मिलित लक्ष्य पूर्ति भी इसके समकक्ष है। सम्मिलित रूप से राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी एवं वैट के नियमित राजस्व से गत वर्ष से तुलनात्मक रुपए 14,790 करोड़ अधिक अर्थात 16.2 प्रतिशत अधिक राजस्व जमा किया गया है।

# 240 लाख एमटी आलू का उत्पादन तेज भाव से निर्यात को हुआ नुकसान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 2023-24 में 6.96 लाख हेक्टेयर में 240 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें 136 लाख मीट्रिक टन (77 फीसद) कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित हो चुका है। लेकिन, बाजार में आलू की उपलब्धता न होने के कारण भाव तेज है। इस वजह से कोल्ड स्टोर बंद नहीं हो पाए कि किसान आलू का भंडारण करने के साथ निकासी कर उत्तर प्रदेश के अलावा चेन्नई, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तिरुवनंतपुरम, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेचने लगे हैं। यहां अच्छे दाम मिलता देख निर्यात पर जोर नहीं है। बढ़े भाव की वजह इस बार आलू का कम उत्पादन होना और पिछले वर्ष कम दाम के कारण डंप न होना है। जबकि पिछले वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर में 242 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना है।



- दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना

### वर्तमान में आलू का भाव

थोक : 850-1100 रुपये (55 किलो पैकेट)
फुटकर : 20-25 रुपये किलो

### कानपुर, आगरा और अलीगढ़ में अधिक पैदावार

आगरा मंडल में 46 लाख, कानपुर मंडल में 32.24 लाख व अलीगढ़ मंडल में 18.91 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण हुआ है। इन मंडलों में अधिक पैदावार हुई है। जबकि सहारनपुर में 50,281, मेरठ 5,23,827, बरेली 6,42,284, मुरादाबाद 5,15,734, प्रयागराज 4,83,660, झांसी 11,172, चित्रकूट 1048, वाराणसी 2,37,764, मिर्जापुर 4,865 व आजमगढ़ मंडल में 65,620 एमटी भंडारण हुआ है।

आलू का भाव तेज है। इसलिए किसान शुरुआत से ही बिक्री में लगे हैं। पिछले वर्ष से कम उत्पादन हुआ है, जिससे पूरे वर्ष अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। **-कौशल कुमार नीरज**
उप निदेशक (आलू) उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 793 (अनुमानित) |

## मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की नई भर्तियों की मंशा 3% गिरी

मुंबई, एजेंसी

- समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा में सालाना 6% की बढ़त

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है।

## सेंसेक्स ने 75,000 अंक को किया पार, निफ्टी ने भी उच्चस्तर छुआ

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

## विनिर्माण कंपनियों का सर्वे आरबीआई ने किया शुरू

**मुंबई।** आरबीआई ने विनिर्माण कंपनियों के तिमाही ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे का अगला दौर शुरू किया है। इस सर्वे से केंद्रीय बैंक को अपनी मौद्रिक नीति बनाने में मदद मिलती है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सर्वे का 65वां दौर जनवरी-मार्च, 2024 (2023-24 की चौथी तिमाही) के लिए है। रिजर्व बैंक 2008 से तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे आयोजित कर रहा है। सर्वे में जुटाई जानकारी में में मिले नए ऑर्डर, मौजूद ऑर्डर और तिमाही के अंत में लंबित ऑर्डर के आंकड़े हैं।

## जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 68% बढ़कर हुई 1.1 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68% बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की तिमाही रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियलः जनवरी-मार्च 2024 में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं। पहली तिमाही में आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।

## राष्ट्रीय

# प्राथमिकी रद कराने कोर्ट पहुंची एनआईए

## भूपतिनगर मामलः प. बंगाल पुलिस के कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश

कोलकाता, एजेंसी

एनआईए ने विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गए अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची।

एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा एनआईए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गयी है। शनिवार को पूर्व मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।



- ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा महिला का शील भंग करने का लगाया है आरोप

### एनआईए अधिकारी को जारी किया समन

**कोलकाता।** प. बंगाल पुलिस ने मंगलवार को एनआईए के उस अधिकारी को समन जारी किया है, जो पूर्व मेदिनीपुर जिले में पिछले हफ्ते छापेमारी के दौरान उनकी टीम पर हुए कथित हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिकारी को 11 अप्रैल को भूपतिनगर पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि भूपतिनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने एनआईए से शनिवार को हुए हमले के दौरान क्षतिग्रस्त वाहन को भी साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वे वाहन की फोरेंसिक जांच कराना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी ने एनआईए अधिकारियों पर हमले के संबंध में भूपतिनगर के तीन ग्रामीणों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में साल 2022 में हुए विस्फोट के संबंध में दो मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गये थे, लेकिन लोगों ने टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गये थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि एनआईए के अधिकारी को पुलिस थाने में 11 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हमने उस वाहन को भी लाने के लिए कहा है जो इस कथित हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

### द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर एवं अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी

**चेन्नई।** ईडी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। इस दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है।

# टीएमसी नेताओं ने 24 घंटे बाद दिल्ली में थाने के सामने प्रदर्शन किया समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने 24 घंटे के बाद मंगलवार शाम को मंदिर मार्ग पुलिस थाने के समक्ष अपना धरना सामप्त कर दिया। सौरभ भारद्वाज और दिलीप पांडे समेत आप नेताओं ने तृणमूल नेताओं के साथ मुलाकात की और समर्थन दिया।

तृणमूल के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पीठ से मुलाकात की और मांग की कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठ रहे हैं।




### टीएमसी का धरना ध्यान भटकाने की कोशिश : भाजपा

कोलकाता। भाजपा ने टीएमसी नेताओं के दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय बाहर धरने को मंगलवार को 'नाटक' करार दिया और दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव से पहले उसके नेताओं के 'कुकर्मों' से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने धरने के दौरान हिरासत में ले लिया था। उन्होंने मंदिर मार्ग थाने में मंगलवार को सुबह अपना धरना जारी रखा। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, टीएमसी नेता असली मुद्दों से बचने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर तमाशा खड़ा कर रहे हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं।

## एक नजर

### नफरत भरे भाषणों पर प्राथमिकी दर्ज कर करें सूचित : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विधायकों नीतीश राणे, गीता जैन और टी राजा के नफरत भरे भाषणों के रिकॉर्डिंग की व्यक्तिगत जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने पर अदालत को सूचित करने के लिए मुंबई और पड़ोसी मीरा भायंदर पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर कोई सांप्रदायिक हिंसा न हो और कानून-व्यवस्था सामान्य रहे।

### लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने 'पार्टनर' से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने 'पार्टनर' से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई।

# कांग्रेस नेता सुरजेवाला को निर्वाचन आयोग का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को अभिनेत्री से नेता बनीं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ उनकी कथित अमर्यादित टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जवाब मांगा है कि नेताओं द्वारा सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के बारे में दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। दोनों नेताओं को निर्वाचन आयोग को जवाब देने को कहा गया है।

सुरजेवाला से 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने को कहा गया है, जबकि खरगे को अगले दिन शाम तक का वक्त दिया गया है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने पिछले महीने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा किया और कांग्रेस नेता सुरजेवाला पर मथुरा सीट से पार्टी की उम्मीदवार हेमा मालिनी के खिलाफ 'अपमानजनक और महिला विरोधी' टिप्पणी करने का आरोप लगाया। बाद में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सुरजेवाला के खिलाफ शिकायत की थी। हालांकि, सुरजेवाला ने दावा किया था कि भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ ने झूठ फैलाने के लिए अभिनेत्री हेमा मालिनी से संबंधित टिप्पणी वाले उनके वीडियो में काट-छांट की। उन्होंने यह भी कहा था कि वह लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी का सम्मान करते हैं।



- सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी करने का मामला
- 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने का निर्देश

# मप्र : बैतूल से बसपा प्रत्याशी की मौत, चुनाव प्रक्रिया रुकी

बैतूल (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बसपा उम्मीदवार की मौत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई है और 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। रघुवंशी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को मध्यप्रदेश के बैतूल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को निधन हो गया है। निजी अस्पताल चलाने वाले डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि बसपा नेता को दिल का दौरा पड़ा और जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### द्रविड़ आंदोलन के अगुआ वीरप्पन का निधन

**चेन्नई।** द्रविड़ आंदोलन के शीर्ष नेताओं में एक और तमिल फिल्मों के दिग्गज निर्माता आरएम वीरप्पन का मंगलवार को निजी अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरप्पन, पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन व जे. जयललिता की सरकार में मंत्री पद पर रहे थे।

# भर्ती घोटाले में कोर्ट ने बंगाल सरकार से 23 तक फैसला करने के लिए कहा

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को राज्य में स्कूल नौकरी घोटाला मामले में कई आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के संबंध में 23 अप्रैल तक निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जो हाईकोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रहा है, उसका मंजूरी देने के लिए आवेदन लंबित है। कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन एजेंसी को इसी परिस्थिति में काम करना है, तो क्या उसके पास समान अवसर होंगे? देरी पर नाखुशी व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 23 अप्रैल तक स्कूल नौकरी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 'स्वतंत्र और सकारात्मक' निर्णय लेने का निर्देश दिया।

# हरियाणा में कांग्रेस को मिली ताकत बीरेंद्र सिंह की घर वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भाजपा से एक दशक पुराना रिश्ता खत्म कर मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्टी में उनकी सिर्फ 'घर वापसी' नहीं है, विचारधारा की वापसी है। उनकी पत्नी व पूर्व विधायक प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हुईं।

बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महासचिव रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए, क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा।



# चुनाव लड़ने वाले के लिए हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा।



किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो।

गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने पिछले साल क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पलट कर दिया। क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार श्री क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि श्री क्रि ने अपने चुनाव नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में गलत घोषणाएँ की थीं।

# प्राचीन इतिहास की आलोचना नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनएसए अतीत डोभाल बोले-भारत की सभ्यताओं में से एक है प्राचीनता



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भारतीय इतिहास को लेकर कहा कि देश के इतिहास को लेकर कोई सवाल नहीं उठा सकता है, यहां तक की भारत के आलोचक भी नहीं।

एनएसए अजीत डोभाल ने यह बयान मंगलवार को दिल्ली में 'प्राचीन भारत का इतिहास' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम के दौरान दिया। डोभाल ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय इतिहास के बारे में कुछ ऐसे सवाल थे जिन पर आपके आलोचकों सहित किसी ने भी सवाल नहीं उठाया। पहली इसकी प्राचीनता है कि यह सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और शायद मानव जीवन विकसित हो चुका था और समाज ने खुद को बहुत ऊपर तक परिपूर्ण कर लिया था। अब, यह किसने किया? क्या वे मूल लोग थे या वे बाहर से आए थे, वे इसके बारे में पक्षपाती हो सकते हैं, लेकिन वे सभी मानते हैं कि यह प्राचीन सभ्यता है। भारतीय सभ्यता की दूसरी विशेषता का उल्लेख करते हुए डोभाल ने 'निरंतरता' पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दूसरा निरंतरता है।

यानी अगर इसकी शुरुआत 4000 या 5000 साल पहले हुई तो यह आज तक लगातार जारी है। उसमें कोई व्यवधान नहीं है। तीसरी विशेषता इसका विशाल विस्तार था। यह कोई छोटा-मोटा गांव नहीं था जो आपको किसी विकसित द्वीप या उस जैसी किसी जगह पर मिलता हो। यह ऑक्सस नदी से लेकर संभवतः दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य स्थानों तक है, जहां सभ्यता के पदचिह्न स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। डोभाल ने आगे कहा कि 'राष्ट्रीयता के सदस्य वे लोग हैं जो इतिहास की सामान्य समझ, अतीत में हमारे पूर्वजों की उपलब्धियों की सामान्य समझ और अपने भविष्य के लिए एक समान दृष्टि साझा करते हैं। इस विचार में विश्वास करने वाले सभी लोग हमारे राष्ट्र की एकता में योगदान देते हैं। डोभाल ने इसके अलावा इस बात पर जोर दिया कि अलेक्जेंडर की भारत यात्रा भारतीय इतिहास में एक घटना नहीं थी, बल्कि पश्चिमी इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण घटना थी।

# भारत के साथ पनडुब्बियां बनाएगा जर्मनी, बढ़ेंगे संबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारत में जर्मनी के राजदूत ने भारत जर्मनी के रिश्तों को प्रगाढ़ करने पर दिया जोर



भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि जर्मन सरकार छह नई पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय नौसेना के साथ बातचीत कर रही है, जिसमें जर्मन फर्म थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम एक के रूप में भारतीय मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड के साथ साझेदारी कर रही है।

फिलिप एकरमैन ने कहा कि मैं कह सकता हूं जर्मनी भारत में उच्च तकनीक वाली पनडुब्बियां बनाने के लिए एक भारतीय डॉकयार्ड के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और जर्मन सरकार चल रही बातचीत का पूरे दिल से समर्थन कर रही है। प्रक्रिया अभी भी जारी है और निर्णय भारत को लेना है। यह कहा जा सकता है कि यह परियोजना पहले से ही हमारी रक्षा साझेदारी को गति दे रही है। जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि छह अरब यूरो से अधिक की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के लिए जर्मन फर्म थिसेनक्रुप और स्पेनिश फर्म क्रमशः एमडीएल और लार्सन एंड टुब्रो के साथ साझेदारी कर रही हैं। एकरमैन ने कहा कि जर्मनी का भारत और इंडो-पैसिफिक के प्रति बदलाव बहुत ठोस कार्यों में दिखाई दे रहा है।

# ऐ दिल है मुश्किल का गाया गीत, चुनौती स्वीकार कर खुशी नागर ने पा ली जीत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● मुंबई में सोनी टीवी के कार्यक्रम में सोरों की खुशी ने लहराया परचम



**अमृत विचार :** फिल्म ऐ दिल मुश्किल का गीत, ऐ दिल है यार बुलिया गाने की चुनौती मिली तो सोरों की खुशी ने सहजता से स्वीकार कर ली। हालांकि यह उसके लिए लीक से हटकर गीत था, लेकिन उसने इतने अच्छे तरीके से गाया कि जजों से लेकर सभी लोग मुग्ध हो गए। मुंबई में सोनी टीवी के संगीतमय कार्यक्रम में खुशी नागर की जीत ने निर्णायक दानिश को स्त्री कपड़ों में नृत्य करने की सजा भी दिलवा दी। अब खुशी के पक्ष में सोनी टीवी की वेबसाइट पर शनिवार से वोटिंग शुरू होगी। मूलरूप से कस्बा सोरों के रहने वाले मुकेश नागर 20 वर्ष से दिल्ली में रहकर रेडीमेड कपड़े का कार्य करते हैं। उनकी बेटी 14 वर्षीय खुशी नागर को बचपन से ही संगीत में रुचि रही। अपने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन से वाहवाही लूटी।

फिर धीमे-धीमे कदम बढ़ाते हुए पिछले महीने सोनी टीवी के सुपर स्टार सिंगर कार्यक्रम में जगह बनाई। अब इंडियन आइडल में हिस्सा लेने जा रही है। सोमवार को मुख्य जज नेहा कक्कड़ की निगरानी में चुनौती कार्यक्रम हुआ। इसमें सहयोगी निर्णायक गायक मोहम्मद दानिश ने खुशी को ऐ दिल है यार बुलिया गाने की चुनौती दी। खुशी ने ऐसी प्रस्तुति दी कि अन्य निर्णायकों ने उसे विजेता घोषित कर दिया।

## एक नजर

### जबरन धर्मांतरण को लेकर मौलवी को पद से हटाया, जांच समिति गठित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड ने कथित जबरन धर्म परिवर्तन को लेकर एफआईआर दर्ज होने के कुछ दिनों बाद हजरतबल दरगाह के मौलवी को पद से हटा दिया है और उनकी भूमिका की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया है। जुमात-उल-विदा को एक वीडियो में एक गैर-स्थानीय को इस्लाम में परिवर्तित होते और श्रीनगर के हजरतबल मंदिर में कलमा पढ़ते हुए दिखाया गया। पुलिस ने उसी दिन निगीन पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें आरोप लगाया गया कि श्रीनगर के एक निवासी ने अपने घरेलू नौकर जो गैर-स्थानीय व्यक्ति है, को इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए मजबूर किया।

### रूस का दावा, 24 घंटे में यूक्रेन के 480 से अधिक सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन के पिछले 24 घंटों में 480 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा है कि, रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेन के क्षेत्र अवदीवका की तरफ 11 जवाबी हमले किए हैं और डोनेट्स्क की दिशा में चार जवाबी हमले किए हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों के 480 से अधिक सैन्य कर्मी मारे गए हैं और सात सैन्य वाहनों को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन ने अवदीवका की तरफ में 240 सैनिक और दक्षिण डोनेट्स्क में 110 सैनिकों की मौत हुई है।

### पाकिस्तान में नौ मई दंगों के 20 दोषी सेना की हिरासत से रिहा

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल आसिम मुनीर ने नौ मई के दंगों में शामिल 20 दोषियों को रिहा कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अटॉर्नी जनरल ने 20 लोगों की रिहाई के संबंध में उच्चतम न्यायालय को एक रिपोर्ट सौंपी है। सेना प्रमुख ने ईद से पहले छह और सात अप्रैल को दोषियों को रिहा करने की अनुमति दी। बता दें, उच्चतम न्यायालय ने 23 दिसंबर 2023, को सेना अदालत को कम सजा वाले मामले की सुनवाई फिर से शुरू करने की अनुमति दी थी, जिसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति आमिन-उद-दीन खान कर रहे हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री गिलानी पाकिस्तानी सीनेट के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी को मंगलवार को देश की सीनेट और संसद के ऊपरी सदन का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। चुनाव के पीठासीन अधिकारी सीनेटर इशाक डार ने इसकी घोषणा की। डार ने कहा-अन्य कोई चुनावी मैदान में न उतरने या फिर नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जाने की वजह से गिलानी को निर्विरोध चुना गया। वहीं पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के सैदल खान नासिर को उपसभापति चुना गया है। बता दें, गिलानी ने 2008 से 2012 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की।

# अगर कोई हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाएगा तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

## चीन सीमा के पास रैली में राजनाथ की दो टूक-स्थानों के नाम बदलने से कुछ नहीं होता

नामसाई, एजेंसी



तमिलनाडु के मदुरै में मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद महंतों से भेंट करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश पूर्वी निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार तापिर गाओ के समर्थन में रोड शो किया।

उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन स्थानों के नाम बदल दिए हैं और अपनी वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं। मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल दें, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जायेंगे? रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत उसका जवाब देने की ताकत रखता है। रक्षा मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की भी सराहना की और उन्हें रणनीतिक संपत्ति बताया। बोले- इसलिए हमारे हृदय में आप सभी के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान की भावना है। जब भी चीन से युद्ध हुआ तो आपकी जो भूमिका रही, उसे पूरा भारत कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, मेरी बहनो और भाइयो, भारत हमेशा आपका ऋणी रहेगा। यह हम सभी का घर है। सरकारी ग्लोबल टाइम्स अखबार ने 31 मार्च को अपनी खबर में कहा था कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने जंगनान में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और उस पर दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में दावा करता है। पिछले साल अप्रैल में भी जब चीन ने अरुणाचल के 11 स्थानों के लिए अपने मानकीकृत नामों की तीसरी सूची जारी की थी तो भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

### आज के भारत के पास जवाब देने की ताकत

चुनावी रैली में चीन की करतूत पर दो टूक जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर भारत चीन के कुछ जगहों और कुछ प्रांतों के नाम बदल दें तो क्या वो भारत का हिस्सा बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। बावजूद इसके, अगर कोई हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज के भारत में जवाब देने की ताकत है।

# कनाडाः गोलीबारी में भारतीय मूल के कारोबारी की मौत

**ओटावा।** सोमवार को कनाडा के दक्षिण एडमोंटन शहर में गोलीबारी हुई। इस घटना में एक भारतीय मूल के युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई। भारतीय मूल के व्यक्ति की पहचान एडमोंटन स्थित गिल बिल्ट होम्स के मालिक बूटा सिंह गिल के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए एडमोंटन शहर की पुलिस ने कहा, सोमवार को दक्षिण-पश्चिम शाखा के गश्ती अधिकारियों ने कैवनघ बुलेवार्ड एसडब्ल्यू और चेर्नियक वे एसडब्ल्यू के क्षेत्र से गोलीबारी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी थी।

पुलिस ने आगे कहा कि अधिकारियों के पहुंचने पर तीन घायल पुरुषों का पता चला। जिसमें से दो पुरुष, एक 49 वर्षीय और एक 57 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु पाया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दो मृत घोषित कर दिया, वहीं एक घायल का उपचाराधीन है। पुलिस ने कहा कि शवोंपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा, जिसमें एक भारतीय मूल का करोबारी युवक भी शामिल है। मामले की जांच की जा रही है।

# भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर अमेरिका का टिप्पणी से इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

● पाकिस्तान ने भारत पर लगाए थे आतंकियों की हत्याओं के आरोप



बीती साल पाकिस्तान में हुईं भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर पड़ोसी देश ने इसका आरोप भारत पर लगाया है, लेकिन भारत ने इन आरोपों से साफ इनकार कर दिया। अब इसे लेकर अमेरिका ने दोनों देशों को बातचीत के जरिए समाधान ढूंढने की अपील की।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के आरोपों को लेकर सवाल किया गया। इस पर मैथ्यू मिलर ने कहा कि 'इस मुद्दे पर हम नजर बनाए हुए हैं। हम आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। हम इस मामले में नहीं पड़ना चाहते, लेकिन हम दोनों पक्षों को बातचीत के जरिए समाधान खोजने के लिए प्रेरित करते हैं।' ब्रिटिश मीडिया की कुछ रिपोर्ट्स में पाकिस्तान के आरोपों की खबर प्रकाशित की गई है। हालांकि भारत ने इन रिपोर्ट्स को भ्रामक और झूठा प्रोपेगैंडा फैलाने वाली खबर बताया है। इन रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने विदेशी धरती पर देश के दुश्मनों को निशाना बनाया। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से अब तक 20 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें अज्ञात हमलावरों ने भारत के दुश्मनों को विदेशी धरती पर निशाना बनाया।

मीडिया रिपोर्ट्स में कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भारत सरकार विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों की हत्या करा रही है। ब्रिटिश मीडिया को पाकिस्तान ने भी कुछ कथित सबूत मुहैया कराए हैं, जिनमें गवाहों के बयान, गिरफ्तारी के रिकॉर्ड, वित्तीय लेन-देन के सबूत आदि शामिल हैं।

रिपोर्ट में विदेशों में खालिस्तानी आतंकियों की हत्या के पीछे भी भारत का हाथ बताया गया है। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, भारत को विदेश में अपने दुश्मनों की हत्याएं करने के लिए इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद और रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी से प्रेरणा मिली है।

## भक्तों का जनसैलाब



श्रीनगर : देश भर से हजारों श्रद्धालुओं का मंगलवार से नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र शुरू होने पर माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए तांता लग गया। पवित्र गुफा में शांत वातावरण के बीच शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। त्रिकुटा पहाड़ी के ऊपर स्थित इस मंदिर में सभी के लिए सद्भाव और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए नौ दिन पवित्र अनुष्ठान किए जाएंगे। वहीं प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे तक एमएच1 श्रद्धा चैनल पर हवन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। ● एजेंसी

# जेल में बंद इमरान खान पर हर माह खर्च हो रहे 12 लाख रुपये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सुरक्षा को लेकर जेल अधिकारियों ने बड़ा खुलासा किया है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान खान की सुरक्षा पर लगभग 1.2 मिलियन यानी 12 लाख रुपये से अधिक का भारी मासिक बिल खर्च हो रहा है।

जेल अधीक्षक द्वारा लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) को एक रिपोर्ट सौंपी गई है। इमरान को कई विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसमें 50 हजार रुपये का एक अलग सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल किया गया है, जो 7 हजार अन्य कैदियों की निगरानी करता है। इमरान खान का खाना सहायक अधीक्षक की निगरानी में एक अलग से स्वच्छ रसोईघर में तैयार किया जाता है।

# अमेरिका में बीते माह से लापता भारतीय छात्र का शव बरामद

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● एक हफ्ते में यह दूसरी घटना आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने गया था हैदराबाद का छात्र

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। दरअसल बीते महीने लापता हुए भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव मिला है। मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव अमेरिका के क्लीवलैंड से बरामद हुआ है। एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है, जब किसी भारतीय छात्र की अमेरिका में मौत हुई है।

मोहम्मद अब्दुल अरफात भारत के हैदराबाद के नचारम का निवासी था और वह बीते साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने अमेरिका आया था। परिवार से आखिरी बार 7 मार्च को हुई थी बात अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि अरफात से उनकी आखिरी बार 7 मार्च को बात हुई थी, उसके बाद से परिवार के साथ उसका कोई संपर्क नहीं था। उसका मोबाइल फोन भी बंद था।' अरफात के साथ रह रहे युवक ने अरफात के पिता को बताया था कि उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। 19 मार्च को अरफात के परिवार को एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कहा गया कि अरफात का ड्रग्स बेचने वाले गैंग ने अपहरण कर लिया है और उन्होंने उसे छोड़ने के एवज में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। कॉल भरी धमकी में फिरौती की रकम नहीं देने पर वे अरफात की किडनी बेच देंगे।

# डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर खेल मंत्रालय से जवाब मांगा


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने निलंबन के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की याचिका पर जवाब देने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्रीय खेल और युवा कार्य मंत्रालय को नोटिस जारी करके चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने के लिए कहा है।

मामले की अगली सुनवाई 28 मई को होगी। बता दें, केंद्र ने 24 दिसंबर 2023 को चुनाव के बाद डब्ल्यूएफआई को फैसले लेते समय अपने ही संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने की वजह से निलंबित कर दिया था। सीनियर एडवोकेट डी कृष्णन ने कहा कि अनिश्चित काल के लिए निलंबित पर कोई कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया।

**विज्ञान** अब सुलझेगी सूर्य के कोरोना की अबूझ पहेली, पूर्ण सूर्यग्रहण देखने भारत से कई वैज्ञानिक भी पहुंचे टैक्सास और मैक्सिको

# 54 वर्ष बाद सूर्य के तेज पर पड़ी अंधकार की छाया

नैनीताल कार्यालय



एरीज के वैज्ञानिकों ने पूर्ण सूर्यग्रहण के तस्वीर को कैमरे में किया कैद।

**अमृत विचार :** सूर्य के कोरोना के रहस्य को समझने के लिए पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक उत्तरी अमेरिका में एकत्र हुए। 54 वर्ष बाद वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह सूर्यग्रहण सूर्य कोरोना के भीतरी रहस्य को समझने में मददगार साबित हो सकता है।

ध्यान रहे पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान ही सूर्य के कोरोना को देखा जा सकता है। सूर्यग्रहण अध्ययन के लिए भारत से कई वैज्ञानिक टैक्सास व मैक्सिको पहुचे थे। जिनमें आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम भी पहुची हुई थी। एरीज के वैज्ञानिकों ने बीती रात पूर्ण सूर्यग्रहण के तस्वीरों को कमरे में कैद किया । इन तस्वीरों से आगे का अध्ययन किया जाएगा। वैज्ञानिकों ने पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास में सूर्य ग्रहण की पल पल की तस्वीरों को कैमरे मे कैद किया। इन तस्वीरों से सूर्य की उच्च आवृत्तियों पर आंतरिक कोरोना की गतिशीलता को समझने मे मदद मिलेगी। साथ ही कोरोना की गतिविधियों को समझा जा सकेगा। इस अध्ययन में एरीज के साथ अमेरिका में कार्यरत भारतीय मूल के सौर विज्ञानी भी शामिल रहे। यह दुर्लभ सूर्यग्रहण था और वैज्ञानिक दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण घटना थी। पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान हरी उत्सर्जन कही जाने वाली लाइन में सौर कोरोना के एक उच्च-ताल नैरोबैंड की प्रत्येक तस्वीरों को कैमरे मे कैद किया है। इससे सूर्य के कोरोना के उच्च-आवृत्ति दोलन और परिवर्तनीय घटनाओं की जांच की जा सकेगी।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह अध्ययन सूर्य के बारे में कूछ नए रहस्य उजागर कर सकेगा। जिसका आगे की जांच में पता चलेगा। प्रो दीपांकर बनर्जी के साथ डा एस. कृष्णा प्रसाद व डा टी.एस. कुमार के अलावा अमेरिका में कार्यरत भारत के पूर्व छात्र रितेश पटेल, सुभमोय चटर्जी और विभूति कुमार झा अध्ययन में शामिल हुए थे। उधर भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के पूर्व खगोलविद प्रो आरसी कपूर भी इस अभियान मे शामिल थे।

### टेक्सास के बाउल स्टेडियम में 10 हजार लोगों का उमड़ा हुजूम

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो . दीपांकर बनर्जी ने सूर्य ग्रहण अध्ययन की जानकारी देते हुए बताया कि टेक्सास कॉटन डलास के बाउल स्टेडियम में दस हजार से अधिक लोग सूर्यग्रहण अवलोकन के लिए कई देशों से पहुचे हुए थे। जिनमें वैज्ञानिकों समेत पेशवर लोग शामिल हुए थे, जो अपनी दूरबीनों के साथ मौजूद थे। यह स्थल अंतराष्ट्रीय स्तर का सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम भी था। यह ग्रहण दुर्लभ था। जिसे देखने के लिए दुनियाभर के लोग उत्तरी अमेरिका पहुचे हुए थे। वैज्ञानिक दृष्टि से इसका बड़ा महत्व था। जिस कारण दुनिया के लगभग सभी देशों के सौर विज्ञानी पहुचे हुए थे।

# मानवीय संकट अस्वीकार्य, युद्ध रोकने की मांग

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने गाजा में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय संकट को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को सकारात्मक कदम बताया जिसमें रमजान के महीने में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सोमवार को विचार व्यक्त करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम गाजा में चल रहे संघर्ष से बेहद परेशान हैं। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इससे मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र व उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को एक प्रस्ताव को अपनाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है। इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है।

उन्होंने कहा कि इससे उपजा मानवीय संकट पूरी तरह से अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पिछले महीने अपनाए गए प्रस्ताव में रमजान के महीने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। इसका सभी पक्षों से सम्मान करने की बात कही गई थी, जिससे एक स्थायी युद्धविराम हो सके। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध भारत का दीर्घकालिक और समझौता न करने वाला रुख रहा है, हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते हैं।

### लोगों को तत्काल मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जाए




रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराई और आगे भी करता रहेगा। हम इसके साथ पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल के निरीह नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा पर लंबे समय से प्रतीक्षित प्रस्ताव को लागू किया जाना चाहिए, विफलता अक्षम्य होगी।